पेज-10



मिसेज के बाद साइंस बेस्ड मूवी.....

हिन्दी दैनिक

# दबंग हिन्द

जन की बात, सबके साथ

RNI NO. JHAHIN/2013/54377

रांची संस्करण

पेज-11



रचिन रविन्द्र टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा...

वर्ष : 13 | अंक : 68 | रांची (झारखंड) | E-mail : dabanghind@gmail.com | सोमवार, 10 मार्च 2025 | website : www.dabanghind.com | मूल्य - ₹ 2

## एक नजर

### पत्रकार की गोली मारकर हत्या



**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर में एक स्थानीय पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाजपेयी हिन्दी अखबार दैनिक जागरण के स्थानीय संवाददाता थे। शनिवार को लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर उनकी हत्या कर दी गई। पत्रकार बाजपेयी हत्याकांड ने राज्य में राजनीतिक हलचल तेज कर दी है। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और योगी सरकार से उनके लिए अपील भी की।

पुलिस के अनुसार लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर हेमपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास ओवरब्रिज पर मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने राघवेंद्र पर गोलियां चलाईं। उनके कंधे और सीने में तीन गोलियां लगीं।

### पानी की टंकी साफ करने उतरे चार मजदूरों मौत



**मुंबई।** मुंबई के नागपाड़ा में आज रविवार को बड़ा हादसा हो गया है. पानी की टंकी की सफाई करने के लिए अंदर गए 5 में से 4 मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई. टंकी के अंदर सफाई कर रहे मजदूरों को जब बेचैनी महसूस होनी लगी तो उन्हें फायर ब्रिगेड की मदद से बाहर निकाला गया और तुरंत मुंबई के जेजे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। मामला मुंबई के नागपाड़ा की है जहां पर निमार्णाधीन इमारत के वाटर टैंक की सफाई के दौरान 5 मजदूरों की हालत बिगड़ गई. सफोकेशन की वजह से उन्हें बेचैनी महसूस होने लगी और अचानक ही हालत खराब हो गई. सभी मजदूरों को जेजे अस्पताल ले जाया गया. डॉक्टरों ने अचेत मजदूरों की जांच की और फिर उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### महाकुंभ में संगम का जल नहाने लायक था : सीपीसीबी



**प्रयागराज।** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को सौंपी गई एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सांख्यिकीय विश्लेषण के अनुसार प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान संगम में पानी की गुणवत्ता स्नान के लिए उपयुक्त थी. यह रिपोर्ट फरवरी में प्रस्तुत पिछली रिपोर्ट के बिल्कुल विपरीत है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट में कहा गया है कि सांख्यिकीय विश्लेषण की आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि अलग-अलग तिथियों पर एक ही स्थान से और एक ही दिन अलग-अलग स्थानों से एकत्र किए गए नमूनों में डेटा की परिवर्तनशीलता थी, जिसके कारण ये नदी के पूरे क्षेत्र में नदी के पानी की समग्र गुणवत्ता को नहीं दशार्ते थे।

# एनटीपीसी पदाधिकारी हत्याकांड : जांच के लिए हजारीबाग पहुंचे आईजी, बैठक की

दबंग हिंद संवाददाता

**हजारीबाग।** एनटीपीसी के वरीय पदाधिकारी कुमार गौरव के हत्याकांड ने पूरे राज्य भर में हड़कंप मचा दिया है. स्थिति की नजाकत को देखते हुए बोकारो रेंज के आईजी एस माइकल राज हजारीबाग पहुंचे. जहां उन्होंने हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह समेत डीएसपी, एसडीपीओ के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। एनटीपीसी के वरीय पदाधिकारी कुमार गौरव की हत्या ने हजारीबाग की पुलिसिया सिस्टम पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है. पुलिस मुख्यालय भी इस घटना को लेकर काफी गंभीर है. इस मामले की गंभीरता को देखते हुए बोकारो रेंज के आईजी एस माइकल राज हजारीबाग पहुंचे. जहां उन्होंने हजारीबाग के तमाम वरीय पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक की। आईजी ने इस घटना की विस्तृत



जानकारी ली है. साथ ही यह भी जाना है कि एनटीपीसी के कर्मी और अधिकारियों को किस तरह की सुरक्षा हजारीबाग पुलिस मुहैया करा रही है. बैठक के बाद उन्होंने ईटीवी भारत के साथ बात करते हुए बताया कि इस मामले को लेकर जांच की जा रही है. पुलिस हर एक बिंदु पर जांच कर रही है. घटना के कारण को बिंदुवार देखा जा रहा है।

**दहशत में हजारीबाग एनटीपीसी, कुमार गौरव की हत्या के बाद से बंद :** कोयला डिस्पैचनटीपीसी के वरीय पदाधिकारी कुमार गौरव हत्याकांड का असर कोल ट्रांसपोर्टेशन में देखने को मिल रहा है. घटना के बाद से कोयला का एक भी रैक बाहर नहीं भेजा गया है. बानादाग कोल साइडिंग में भी कर्मी और पदाधिकारी नहीं दिख रहे हैं.

इस हत्याकांड के बाद से एनटीपीसी में काम करने वाले लोगों में दहशत का माहौल है. वारदात के बाद से पूरे परिसर के साथ-साथ कोल साइडिंग में सन्नाटा पसरा है. साथ ही बानादाग कोल्ड साइडिंग पूरी तरह से बंद है. बानादाग आने जाने वाले लोगों पर विशेष रूप से नजर रखी जा रही है।

### हर एंगल पर जांच कर रही पुलिस : आईजी

इस घटना के पीछे किसी आपराधिक गिरोह या फिर नक्सली संगठन का हाथ है इसे लेकर भी जांच की जा रही है. अभी तक पुलिस के हाथ खाली बताया जा रहा है. जब उनसे पूछा गया कि किसी को हिरासत में लिया गया या नहीं. इस पर उन्होंने कहा कि जांच चल रही है. जब उनसे पूछा गया कि फतह से लेकर हजारीबाग तक एक भी पुलिस चौकी क्यों नहीं है. इस बिंदु पर उन्होंने कहा कि इसे देखा जा रहा है. कहा जाए तो अब तक पुलिस के पास कोई भी ठोस जवाब घटना को लेकर नहीं है. पुलिस घटना पर काफी संवेदनशील दिख रही है।

### गौरव हत्या कांड में छह हिरासत में

एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव हत्या कांड के सिलसिले में जांच के दौरान पुलिस छह लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस बीच घटना के बाद दिल्ली से आये एनटीपीसी के दो वरीय अधिकारियों निदेशक (फ्यूल) शिवम श्रीवास्तव और निदेशक (एचआर) एके जदली ने रविवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी के मुलाकात की। एनटीपीसी के अधिकारियों ने इस दौरान हत्याकांड में शामिल अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने और कोयला अधिकारियों की सुरक्षा के लिए उचित व्यवस्था करने का अनुरोध किया।

# उपराष्ट्रपति एम्स में भर्ती, हालत स्थिर, हालचाल जानने पहुंचे मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ (73) को रविवार को सुबह के समय एम्स दिल्ली के कार्डियक विभाग में भर्ती कराया गया है. उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है और उन्हें अब डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है. उपराष्ट्रपति को देर रात को बेचैनी और सीने में दर्द हुआ था, इसी के बाद उन्हें रविवार को सुबह के समय फौरन एम्स में एडमिट कराया गया है।

धनखड़ को लगभग देर रात को 2 बजे अस्पताल ले जाया गया और फिलहाल डॉक्टरों ने बताया है कि उनकी हालत स्थिर है. उन्हें क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में निगरानी में रखा गया है. उपराष्ट्रपति धनखड़ का इलाज एम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के हेड डॉ. राजीव नारंग की निगरानी में चल रहा है. डॉक्टरों की एक टीम उनकी स्थिति पर करीब से नजर रख रही है. उनके अस्पताल में भर्ती होने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा एम्स पहुंचे और धनखड़ की हेल्थ को लेकर जानकारी हासिल की।

**2021 में भी हुए थे एडमिट :** उपराष्ट्रपति को इससे पहले भी साल 2021 में तबीयत बिगड़ने पर दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था. साल 2021 में 25 अक्टूबर को उन्हें मलेरिया हुआ था, तभी उन्हें दोपहर 3 बजे अस्पताल में भर्ती कराया गया था. इसी के चलते एम्स के पुराने प्राइवेट वार्ड में उन्हें एडिमट किया गया था।

### कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के राजू का खुलासा, कहा-

# बीजेपी के लिए काम करते हैं कई कांग्रेसी

दबंग हिंद संवाददाता

**दुमका।** झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के राजू ने एक सनसनीखेज बयान दिया है. दुमका परिसदन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि हमें यह फीडबैक मिला है कि काफी संख्या में ऐसे कांग्रेसी हैं, जो भाजपा के लिए काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. खास बात इसमें यह भी है कि इसमें कांग्रेस के कार्यकर्ता स्तर के लोग भी शामिल हैं। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा कि वर्तमान में मैं पूरे झारखंड का दौरा कर रहा हूं. इस दौरान कांग्रेसियों के भाजपा में घुसपैठ की शिकायत हर जगह मिल रही है. उन्होंने कहा कि इस शिकायत को काफी गंभीरता से लिया जा रहा है और इसको एग्जामिन किया जाएगा।



के राजू ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस मुक्त भारत की बात कहती है तो वह कांग्रेस को कमजोर करने के लिए हर हथकंडा अपनाएगी, हमें सतर्क रहना है. इस मौके पर उनके साथ झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मंत्री दीपिका सिंह पांडे, विधायक प्रदीप यादव भी मौजूद रहे।

**महिलाओं और युवाओं को बढ़ावा देगी कांग्रेस :** प्रदेश प्रभारी ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए हमारी पार्टी महिलाओं और युवाओं को बढ़ावा देने की योजना बनाई है. इसके साथ ही दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक सभी लोगों को हम साथ लेकर चलेंगे. उन्होंने कहा कि झारखंड में जो भी बोर्ड निगम के पद रिक्त हैं, उसे लेकर भी हमारा मंथन जारी है. कौन कहां फिट होंगे इस पर विचार किया जा रहा है। इस मौके पर झारखंड सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह भी मौजूद रहीं।

### सीधे जनता से जुड़े सभी कांग्रेसी : के राजू

के राजू ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए हमारा यह पूरे राज्य का दौरा है. हम अपने कार्यकताओं से मुलाकात कर उन्हें साफ शब्दों में यह निर्देश दे रहे हैं कि आप जनता से जुड़िए. क्योंकि हमारा उद्देश्य सिर्फ चुनाव लड़ना नहीं, बल्कि जनता की सेवा करना है. हमारे कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर लोगों की समस्याओं से रूबरू होंगे।

# अमेरिका के कैलिफोर्निया के श्री स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़

### दीवारों पर लिखे 'मोदी हिंदूस्तान मुरदाबाद' के नारे

एजेंसी

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक हिन्दू मंदिर में तोड़फोड़ की घटना सामने आयी है। शनिवार को चीनो हिल्स स्थित बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) के मंदिर में अज्ञात लोगों ने द्वारा तोड़फोड़ की गयी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मंदिर की दीवारों पर 'मोदी हिंदूस्तान मुरदाबाद' जैसे नारे लिखे गए थे। विदेश मंत्रालय ने रविवार को इस घटना की निंदा की है। श्री स्वामीनारायण मंदिर में हुई तोड़फोड़ के बारे में बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'एक



और मंदिर अपवित्र किया गया। इस बार यह घटना कैलिफोर्निया में चीनो हिल्स में हुई। हिंदू समुदाय नफरत के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा है। चीनो हिल्स और दक्षिणी कैलिफोर्निया में समुदाय एक साथ है और हम कभी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगे।' पोस्ट में घटना का ब्योरा दिए बिना कहा गया, 'हमारी साझा मानवता और आस्था यह सुनिश्चित करेगी कि शांति एवं करुणा कायम रहे।' उत्तरी अमेरिका में हिंदू धर्म पर समझ को बेहतर बनाने की दिशा में काम करने वाले संगठन द कोएलिशन ऑफ हिंदूज ऑफ नॉर्थ अमेरिका ने पूर्व में हुई इस प्रकार की घटनाओं की ओर ध्यान दिलाया।

# पीएम मोदी ने सत्ता विरोध को सत्ता समर्थन में बदला : जेपी नड्डा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी परिदृश्य में सत्ता विरोधी भावना को सत्ता समर्थक भावना में बदलकर देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है। नड्डा ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए पिछले 3 लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा के पक्ष में बढ़ते मत प्रतिशत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अब मोदी ने सत्ता विरोधी भावना को सत्ता समर्थक भावना में बदलकर देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है। सत्ता समर्थक भावना का मतलब है कि लोग खुश हैं और चाहते हैं कि



मोदी बार-बार जीतें। नड्डा ने कहा कि भाजपा को 2014 लोकसभा चुनाव में 17 करोड़ वोट (31.30 प्रतिशत) मिले थे, जो 2019 में बढ़कर 22 करोड़ (36.7 प्रतिशत) हो गये। पिछले लोकसभा चुनाव (2024) में यह आंकड़ा करीब 24 करोड़ वोट (37 प्रतिशत) था। लोग हर बार मोदी जी को अधिक मतों से आशीर्वाद दे रहे हैं। भाजपा प्रमुख यहां स्वामी विवेकानंद मैदान में राज्य सरकार के दूसरे कार्यकाल की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर एक रैली को संबोधित कर रहे थे।

# होली से पहले सीएम रेखा पूरा करेंगी एक और वादा, गरीबों को मुफ्त में देंगी सिलेंडर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता रविवार को वसंत विहार इलाके की भंवर सिंह कैंप और नेपाली झुग्गी के लोगों से मिलने पहुंचीं. रेखा गुप्ता ने झुग्गी वालों से सीधा संवाद किया. मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बांसुरी स्वराज के साथ खाट पर बैठकर झुग्गी वालों से संवाद किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 15 दिनों में दो बड़ी योजना लागू की है. होली का सिलेंडर भी मिलेगा. झाड़ू वाले सारा खाजना खाली कर दिए, लेकिन चिंता मत करें. मैं और मोदी जी हैं। उन्होंने इस अवसर पर जनता से पूछा कि क्या उम्मीदें हैं? उन्होंने कहा कि सारी उम्मीदें पूरी करेंगे. सीएम रेखा गुप्ता को महिला समृद्धि योजना को लेकर



कहा कि 2500 रुपये वाली समृद्धि योजना पास कर दी है. जल्दी रजिस्ट्रेशन होंगे. उन्होंने साफ कहा कि एक भी झुग्गी नहीं हटाएंगे. इस दौरान लोगों ने पीने का पानी, पेंशन की समस्या और विधवा पेंशन नहीं मिलने की शिकायत की।

उन्होंने झुग्गी वालों को आश्वासन दिया कि उन्हें पक्का मकान मिलेगा. जहां झुग्गी है. वहीं मकान मिलेगा. उन्होंने कहा कि रास्ते की जो दिक्कत है, उसे ठीक किया जाएगा. रास्तों की मरम्मत की जाएगी. बारातघर बनेगा. उन्होंने साफ कहा कि हर घर में पानी मिलेगा। सीएम ने कहा कि पिछले दस सालों से दिल्ली के लोगों के राशन कार्ड नहीं बने हैं. लोगों को नौकरी की दिक्कत है।

### 15 दिनों में 2 बड़ी योजना लागू की

उन्होंने कहा कि हमें मोहल्ला क्लीनिक नहीं चाहिए. मोहल्ला क्लीनिक काम नहीं करता है. ईडब्लूएस में एडमिशन में दिक्कत हो रही है. बता दें कि रेखा गुप्ता की सरकार ने घोषणा की कि केंद्र सरकार की योजना आयुष्मान भारत दिल्ली में लागू की जाएगी. बता दें कि केजरीवाल सरकार के दौरान दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू नहीं थी. इसके साथ ही मोहल्ला क्लीनिक का नाम भी बदला जाएगा।

# मणिपुर में कुकी संगठनों ने अनिश्चितकालीन बंद बुलाया, हिंसा के बाद एक्स्ट्रा फोर्स तैनात

एजेंसी

**इम्फाल।** हिंसक झड़प के बाद मणिपुर में अब भी स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है. कुकी-जो समुदाय के अनिश्चितकालीन बंद के बीच रविवार को भी स्थिति तनावपूर्ण रही. बंद के चलते जनजीवन प्रभावित रहा. इलाके में शांति के लिए अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती गई है. शनिवार को मणिपुर में एक बार फिर से हिंसा भड़क गई थी. कांगपोकपी जिले में कुकी प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हो गई थी. इस झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई थी जबकि 40 से अधिक लोग घायल हो गए थे। प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पें उस समय हुईं, जब पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया. स्थिति तब और बिगड़ गई जब प्रदर्शनकारियों ने निजी वाहनों में आग लगा दी. गमगीफई, मोटबंग और कीथेलमनबी में सुरक्षा बलों के साथ झड़पों में कई प्रदर्शनकारी घायल हो गए. उन्हे इलाज के लिए पास के सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

**फ्री मूवमेंट शुरू करने के आदेश का विरोध :** ये प्रदर्शकारी मणिपुर में फ्री मूवमेंट के आदेश का विरोध कर रहे थे. दरअसल, केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने 1 मार्च को सुरक्षा बलों को मणिपुर में सभी मार्गों पर फ्री मूवमेंट शुरू करने का निर्देश दिया था और इसमें बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की भी बात कही थी. रास्ते खुलते ही मणिपुर में एक बार फिर से हिंसा भड़क गई. केंद्र सरकार ने 13 फरवरी को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया था। कुकी जो परिषद ने शनिवार आधी रात से कुकी-जो के सभी इलाकों में अनिश्चितकालीन बंद की घोषणा की है. कुकी-जो परिषद ने सरकार से तनाव और हिंसक टकराव को और



बढ़ने से रोकने के लिए अपने रुख पर पुनर्विचार करने की अपील की है. परिषद ने यह भी कहा है हम बफर जोन में मैइती लोगों की मुक्त आवाजाही की गारंटी नहीं दे सकते और किसी भी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी नहीं ले सकते।

**3 मई 2023 से जारी है छिटपुट हिंसा :** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने 20 फरवरी को राज्य के लोगों से सात दिनों के भीतर लूटे गए और अवैध रूप से रखे गए हथियारों को सौंपने का आग्रह किया था. उन्होंने ये भी कहा था कि तय समय में हथियार सौंपने वालों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी. मणिपुर में 3 मई 2023 में दो समुदायों के बीच जो जातीय हिंसा भड़की थी, उसकी लपटें आज भी समय समय पर देखने को मिल रही है. हिंसा में अभ तक 250 से अधिक लोग मारे गए है जबकि हजारों लोग बेघर हो गए।

बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने कहा कि सैन बर्नार्डिनो काउंटी के चीनो हिल्स शहर में स्थित उसके श्री स्वामीनारायण मंदिर को अपवित्र किया गया। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करती है।

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, घृणा और असहिष्णुता के ऐसे कृत्य पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं और किसी भी सभ्य समाज में इनका कोई स्थान नहीं है। खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस ने पीढ़ियों से महात्मा गांधी द्वारा प्रतिपादित सर्व धर्म समभाव के सिद्धांत को कायम रखा है और पार्टी मंदिर को अपवित्र करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करती है।

### कठुआ मर्डर केस : एक परिवार के तीन लोगों की हत्या

# उपराज्यपाल ने जांच के आदेश दिए

एजेंसी

**जम्मू-कश्मीर।** कठुआ जिले की बिलावर तहसील के एक सुदूर इलाके में एक परिवार के तीन लोगों की हत्या के मामले में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने विस्तृत और पारदर्शी जांच के आदेश दे दिए हैं। पुलिस के मुताबिक, 15 वर्षीय वरुण सिंह और उसके 32 वर्षीय चाचा योगेश सिंह, तथा 40 वर्षीय दर्शन सिंह के शव शनिवार को जिले के सुदूर मल्हार इलाके के इशु नाले से बरामद हुए। तीनों 5 मार्च को लापता हो गए थे।

उपराज्यपाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'मैंने विस्तृत और पारदर्शी जांच के आदेश दिए हैं और परिवारों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी।' उन्होंने कहा कि वह तीनों की नृशंस हत्या से स्तब्ध और दुखी हैं। सिन्हा ने कहा, 'मैं लोगों को आश्वासन देता हूं कि अपराधियों को जल्द से जल्द न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। न्याय होगा और जवाबदेही तय की जाएगी।' उन्होंने



मृतकों के परिजनों और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले की बिलावर तहसील के एक सुदूर इलाके में तीन नागरिकों की हत्या में रविवार को आतंकवादियों की संलिप्तता की ओर इशारा किया। उधमपुर संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले मंत्री ने ह्यएक्सह्ल पर कहा, 'कठुआ जिले के बानी इलाके में आतंकवादियों द्वारा तीन लोगों की नृशंस हत्या बेहद दुखद और चिंताजनक है। एक शांतिपूर्ण क्षेत्र में माहौल खराब करने के पीछे कोई गहरी साजिश नजर आ रही है।' उन्होंने कहा, 'हमने इस मामले पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा की है। केंद्रीय गृह सचिव खुद जम्मू पहुंच रहे हैं, ताकि मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया जा सके। मुझे पूरा विश्वास है कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों और लोगों का विश्वास मजबूत बना रहे।'

# पहले चरण में 10 जिलों के लाभुकों को मिल रहा मंईयां सम्मान योजना का पैसा

दबंग हिन्द,संवाददाता

**रांची ।** झारखंड की हजारों महिलाओं को शनिवार को मंईयां सम्मान योजना की राशि मिलनी शुरू हो गयी है. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन हजारों लाभुक महिलाओं के खाते में जनवरी, फरवरी और मार्च महीने की राशि पहुंच गयी. हालांकि प्रथम चरण में केवल 10 जिले की लाभुकों को ही पैसे भेजे मिल रहे हैं. शेष 14 जिले के लाभुकों के खाते में इसकी राशि नहीं पहुंची है. ऐसे लोगों को मन में ये सवाल उठाने लगा है कि उन्हें कब तक बकाया तीन माह की राशि मिल जाएगी. तो हम आपको बता दें कि बाकी बचे 14 जिलों को भी ये राशि सोमवार को मिल जाएगी. इसके बाद धीरे धीरे सभी महिलाओं को पैसा मिलने लगेगा. हालांकि ये राशि फिलहाल 38 लाख महिलाओं को ही मिलेगा. क्योंकि इतने ही लोगों के आवेदन का ही सत्यापन हो सका है।




**पहले चरण में इन 10 जिलों को ही मिल रहा लाभः** जिन जिलों की महिलाओं को तीन माह की राशि मिलना शुरू हो गया है उसमें बोकारो, चतरा, धनबाद, जमशेदपुर, गढ़वा, गुमला, जामताड़ा, लोहरदगा, पाकुड़ और सिमडेगा जिला शामिल हैं. अधिकतर जिलों में अभी आवेदन के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है. सत्यापन पूर्ण होने के बाद अन्य सभी जिलों में योजना की राशि हस्तांतरित की जाएगी. होली से पहले राज्यभर की सभी लाभुक महिलाओं के खाते में योजना की राशि पहुंच जाएगी।

**एक ही अकाउंट में जा रही थी 112 लाभुकों की राशिः** मंईयां सम्मान योजना को लेकर धांधली के भी कई मामले अब तक सामने आ चुके हैं. हाल ही में एक बेहद चौंकाने वाला मामला रांची के तमाड़ से सामने आया है. यहां के 112 लाभुकों की राशि एक ही बैंक अकाउंट में जा रही थी. तमाड़ प्रखंड के पंडराजी गांव के कार्तिक पातर ने प्रज्ञा केंद्र के संचालक के साथ मिलकर 112 आवेदकों के बैंक डिटेल्स हटा कर अपना बैंक डिटेल्स डाल दिया. इसके बाद सभी 112 लाभुकों की राशि कार्तिक पातर के अकाउंट में जाने लगे. इस धांधली में शामिल प्रज्ञा केंद्र संचालक आरोपी कार्तिक पातर का भाई है. मामले का उजागर होते ही जिला प्रशासन ने आरोपी पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

**उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने दी चेतावनीः** लगातार इस तरह के मामले सामने आने के बाद प्रशासन भी सजग हो गई है. रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा है कि, कई आपात्र व्यक्ति मंईयां सम्मान योजना का गलत तरीकों से लाभ उठा रहे हैं. ऐसे लोग जल्द से जल्द अपना नाम हटवा लें, अन्यथा पकड़े जाने पर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी।

## रामगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया



दबंग हिन्द,संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना परिसर में रविवार को शाम चार बजे शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने किया। बैठक में सी ओ प्रतिनिधि मासुक अली, एसआई मंजेश कुमार, एसआई अनिल कुमार, एस आई उपेंद्र कुमार, एसआई बीरबल हेमब्रोम आदि उपस्थित थे। उन्होंने बैठक में उपस्थित रामगढ़ वासियों से अपील करते हुए कहा की होली का पर्व शांतिपूर्ण एव सोहार्दपूर्ण माहौल में मनाए। थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगो से हर छेत्र की समस्या को सुना वही उपस्थित मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधि ने शुक्रवार को जुम्मे की नमाज से संबंधित जानकारी दी। वही बैठक में समाज सेवी कमल बगड़िया, बिमल बुधिया, आशिफ इकबाल, अनमोल सिंह, राजेश ठाकुर, धर्मेंदर सिंह भोपाली, छोटू वर्मा, मुमताज मंसूरी, छोटू पटेल, विशाल जैसवॉल, अनुज मित्तल, अरुण राय, इंद्रपाल सिंह सैनी, पवन करमाली आदि उपस्थित थे। इसके उपरांत उपस्थित लोगों ने रंग और गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली पर्व की बधाइयां दी। इस दोरान कमल बगड़िया ने होली पर्व पर मनमोहक गीत प्रस्तुत किया।

## संत मेरी कॉन्वेंट स्कूल का भव्य उद्घाटन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह रहे विशिष्ट अतिथि




दबंग हिन्द,संवाददाता

**कटकमदाग।** कटकमदाग प्रखंड के कुद-रेवाली रोड स्थित संत मेरी कॉन्वेंट स्कूल का भव्य उद्घाटन समारोह रविवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और प्रार्थना सभा से हुई। स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर बेनी देवसिया ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और मुन्ना सिंह को बुके भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में मुन्ना सिंह ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा, शिक्षा समाज की रीढ़ होती है और संत मेरी कॉन्वेंट स्कूल क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में उच्चस्तरीय शिक्षा की उपलब्धता से समाज और राष्ट्र के विकास को गति मिलेगी। सभी ने स्कूल की स्थापना को क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक पहल बताया और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर बेनी देवसिया ने किया। उन्होंने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से पिंटू सिंह, राम प्रवेश सिंह, सरपंच मंजु देवी, अगिंगा सिंह, तेरेशा जाय , संत मैरी स्कूल प्रिंसिपल, आरा , अनिल कुमार, शोसन अब्राहम , जॉय महतो, अजि अब्राहम , शाशि भूषण राय ? व रविशंकर राय, प्रवीण, प्रनय , सुमन देव निरंजन ठाकुर, मौजूद थे।

## झामुमो स्थापना दिवस को लेकर बैठक की गई



**बड़कागांव।** 4 अप्रैल को झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना दिवस को लेकर बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय कुमार सिंह ने किया । संजय सिंह ने बताया कि हजारीबाग में धूमधाम से स्थापना दिवस मनाई जाएगी। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन और कई मंत्री, झामुमो वरिष्ठ नेतागण उपस्थित होंगे। बैठक में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह ,मीडिया प्रभारी सह जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजय भुईयां,प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां,प्रखंड कोषाध्यक्ष इंद्रदेव राम राकेश मिश्रा, व अन्य शामिल थे।

## प्रेस क्लब ऑफ कोयलांचल ने गरीब-जरूरतमंदों के बीच बांटा खाद्य सामग्री

दबंग हिन्द,संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाली पत्रकारों की संस्था प्रेस क्लब ऑफ कोयलांचल ने होली के अवसर पर रविवार को भुरकुंडा बाजार में गरीब एवं जरूरतमंदों के बीच आटा, मैदा, रिफाइन तेल, चीनी, अबीर-गुलाल आदि खाद्य सामाग्री का वितरण किया। इसका शुभारंभ मेन रोड से हुआ। साप्ताहिक हाट में सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से दतुवन-पत्तल बेचने आई महिलाओं को खाद्य सामग्री भेंट कर होली की शुभकामनाएं दी गईं। मौके पर पत्रकारों ने बताया कि विगत 11 वर्षों से क्लब सामाजिक गतिविधियों में भाग ले रहा है। इसमें जरूरतमंदों की सेवा और सहयोग उनकी प्राथमिकता है। यही वजह है कि क्लब मकर संक्रांति, होली, दीपावली जैसे पर्व-त्योहारों में खाद्य सामाग्री के साथ चूड़ा, गुड़, तिलकुट, लाई, मिठाई, रंग-अबीर आदि का वितरण करता आ रहा है।



खाद्य सामाग्री वितरित करते हुए पत्रकारों ने कहा कि यह क्रम निरंतर जारी रहेगा। आने वाले समय में क्लब अब हर रविवार को आजीवन दतुवन-पत्तल बेचने वाले को चाय-नाश्ता का व्यवस्था करने का निर्णय लिया है। साथ ही आगामी दिनों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर सीधे तौर पर गरीब-असहायों की मदद करेगा। मौके पर पत्रकार मनोज सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में प्रेस क्लब ऑफ कोयलांचल हर संभव सहयोग करता रहेगा। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा से आत्मसंतुष्टि तो मिलती ही है, यही मानव धर्म भी है। खाद्य सामाग्री वितरण कार्यक्रम में क्लब के राजकुमार सिंह, दुर्गेश तिवारी, महावीर प्रसाद, मनोज सिंह, कुमार आलोक, दीपक कुमार, कमलेश मेहता, बिजेंद्र पासवान, संजय पासवान, सुरेंद्र पासवान, मो. इस्लाम, पवन सोनी, मुकेश कुमार, भीम सिंह आदि शामिल थे।

## राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की एक बैठक प्रिंस होटल हजारीबाग में संपन्न



**बड़कागांव।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की एक बैठक प्रिंस होटल हजारीबाग में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दिलीप निलेश एवं प्रदेश उपाध्यक्ष संजय साहू उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता बेचन साहू व संचालन अरविंद कुमार ने किया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर जोड़ दिया गया। बैठक में जिला कमेटी का गठन किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष कैलाश साहू ,संरक्षक बेचन साहू, जिला महासचिव दिनेश साहू , जीतन साहू ,जिला उपाध्यक्ष अशोक साहू ,अरविंद साहू, प्रयाग साहू जिला सचिव नंदू साहू तापेश्वर साव ,तारकेश्वर कुमार, राजेन्द्र प्रसाद, गोपाल साव, सहित अन्य लोगों को बनाया गया। वहीं युवा जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार साव को बनाया गया।

## सरहुल पर्व को लेकर जारा बस्ती के अखाड़ा में हुआ बैठक का आयोजन



दबंग हिन्द,संवाददाता

**रामगढ़।** जारा बस्ती के अखाड़ा में एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को किया गया। बैठक की अध्यक्षता रमेश रजवार द्वारा किया गया। इस बैठक में जरा बस्ती सरना स्थल प्रथम झंडा गाड़ी एवं रामगढ़ जिला के सरहुल पर्व शोभा यात्रा को लेकर एक विशेष चर्चा हुई। इस बैठक में अपने प्राकृतिक त्योहार कलर परंपरा एवं उसके अनुष्ठानों को लेकर गहन चर्चा हुई और साथ ही साथ सरहुल पर्व शोभा यात्रा काफी भव्य रूप से निकालने और मानने को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में संदीप पहान, योगेश मुंडा, धनेश्वर मुंडा, रामू मुंडा, बलराम नायक, राम जी उरांव, सुधीर कुजूर मुंडा, पिंटू मुंडा, रविंद्र मुंडा, मुकेश मुंडा, हरीश करमाली, हरीश शर्मा करमाली, कारु मुंडा, प्रेम मुंडा, प्रकाश महतो, संदीप महतो, मुकेश महतो, गुड्डू उराव, नवीन क्रिकेटर, ब्लू उरांव, सोनू भैया वही महिलाओं में रीना देवी, असुनता इंदवार, एंजेला केरकेट्टा, पूजा देवी, सुनीता देवी, रूपा मुंडा, मंगरिटा देवी देवी आदि उपस्थित थे।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय ने कोचिंग एसोसिएशन में शामिल शिक्षकों को उनके बेहतर कार्य के लिए किया सम्मान

- शिक्षकों को विश्वविद्यालय परिसर में सम्मान देना कोचिंग एसोसिएशन के लिए गौरव की बात : जेपी जैन
- हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन शिक्षा में बेहतरी के लिए विश्वविद्यालय के साथ हमेशा खड़ा है : डॉ प्रकाश कुमार
- शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है हजारीबाग, उसमें शिक्षकों की भूमिका अहम : डॉ मुनीष गोविंद
- ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के वरदान है हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन : प्रो . पीके नायक






दबंग हिन्द,संवाददाता

**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मुख्य कैंपस सभागार में रविवार को कार्यक्रम आयोजित कर हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन में शामिल पदाधिकारियों व लगभग 200 शिक्षकों को सम्मानित कर गर्व की अनुभूति की। दरअसल कोचिंग एसोसिएशन में शामिल पदाधिकारियों व शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के साथ साथ सामाजिक कार्यों में बहुमूल्य योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। इससे पूर्व विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जेपी जैन, सचिव डॉ प्रकाश कुमार, उपाध्यक्ष सुदेश कुमार, संरक्षक पंकज ओझा, सहसचिव अखिल कुमार, कोषाध्यक्ष वासुदेव पंडित सहित अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों के हाथों दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। स्वागत संबोधन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने शिक्षकों को विश्वविद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराते हुए कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं कि हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन में शामिल शिक्षक ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को तराश कर सिर्फ मंजिल तक सफर के लिए पथ प्रदर्शित ही नहीं कर रहें हैं बल्कि उन्हें एक बेहतर इंसान भी बना रहें हैं। वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने शिक्षा के क्षेत्र के साथ साथ सामाजिक कार्यों में भागीदारी के लिए हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन की सराहना की और कहा कि हमसभी का एक ही काम है कि विद्यार्थियों को शिक्षित कर उसे सफल इंसान बनाया जाए। हालांकि वर्तमान समय में नशे की लत ने युवाओं के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है, ऐसे में हम सभी शिक्षाविदों के लिए युवाओं को इससे बाहर निकालना एक बड़ी चुनौती है। हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जेपी जैन ने कोचिंग एसोसिएशन के शिक्षकों के सम्मान के लिए आईसेक्ट विश्वविद्यालय के इस कदम को स्वागत योग्य बताया और कहा कि कोचिंग एसोसिएशन हमेशा इस ऐतिहासिक लम्हे को याद रखेगा। कोचिंग एसोसिएशन के सचिव डॉ प्रकाश कुमार ने कहा कि कोचिंग एसोसिएशन अपने शैक्षिक और सामाजिक कार्यों को लेकर लगातार आगे बढ़ रहा है और शिक्षा की बेहतरी के लिए हमेशा कोचिंग एसोसिएशन विश्वविद्यालय के साथ खड़ा है। सम्मानित होने वाले कोचिंग एसोसिएशन के शिक्षकों ने भी आईसेक्ट विश्वविद्यालय की सराहना की और कहा कि ऐसे सम्मान से और बेहतर कार्य करने की ऊर्जा मिलती है। इस बीच विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए, जिसे मौजूद शिक्षकों ने खूब सराहा। वासू और शालिनी के मनमोहक नृत्य ने खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम के आखिर में आगामी सितंबर को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलम्पियाड के लिए जारी पोस्टर का विमोचन किया गया।

## सेनेगडा में कुरमी समाज का प्रखंड स्तरीय होली मिलन समारोह 12 को-बिहारी महतो



दबंग हिन्द,संवाददाता

**डाड़ी ।** डाड़ी प्रखंड के रबोध पंचायत के जोगा चौक पर कुरमी महासभा का डाड़ी प्रखंड स्तरीय बैठक प्रखंड अध्यक्ष बिहारी महतो की अध्यक्षता में हुआ, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष लालधन महतो ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि आगामी 12 मार्च 2025 को दोपहर 12 बजे से होली मिलन समारोह आयोजित किया गया है, जिसमें डाड़ी प्रखंड व हजारीबाग जिला से कुरमी समाज के लोगों को ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया है। एवं सभी पदाधिकारी गण ने अपने अपने जिम्मेदारी लेते हुए होली मिलन समारोह ऐतिहासिक रूप से मनाने का निर्णय लिया गया है। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड सचिव सुदर्शन महतो, कोषाध्यक्ष दशरथ प्रसाद महतो, प्रदेश कोषाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ के गुलचंद महतो, रबोध पंचायत के अध्यक्ष उदयनाथ महतो, सचिव मोहरलाल महतो, कोषाध्यक्ष दुबेश्वर प्रसाद, अशोक महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष जगदीश महतो, धानेश्वर महतो,केतर महतो, बिंदेश्वर महतो,तिलकचंद पटेल, बैजनाथ महतो,पारास महतो, नागेश्वर महतो,नागो महतो,मैनीजर महतो, कैलाश महतो,चमू महतो,देवचंद महतो, अशोक महतो, सुरेश महतो एवं काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### भाजपा नेता धनंजय कुमार पुटूस बने सांसद प्रतिनिधि



**रामगढ।** हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने देर रात्रि अपने सांसद प्रतिनिधियों की घोषणा की।इस कड़ी में सांसद ने रामगढ़ निवासी भाजपा नेता धनंजय कुमार पुटूस को अपना सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) बनाया है।धनंजय कुमार पुटूस जन मुद्दों को लेकर काफी सक्रिय रहते हैं ऐसे में इन्हें सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने से लोगो में और कार्यकताओं में काफी खुशी देखी जा रही है।धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल जी क्षेत्र वासियों के हर सुख दुःख में उनके साथ खड़े रहते हैं, एवं आम नागरिकों के हित में दिन रात कार्य कर रहे हैं।उन्होंने अपना सांसद प्रतिनिधि बना का जो भरोसा मुझ पर जताया है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास रहेगा।साथ ही साथ सांसद महोदय के द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों को घर घर पहुंचाने का लक्ष्य रहेगा।

### नागी आजीविका महिला संकुल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया



**विष्णुगढ़ ।** विष्णुगढ़ प्रखंड के नागी आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वाबलंबी सहकारी समिति लिमिटेड क्लस्टर नागी द्वारा बनासो पंचायत भवन में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब, पूर्व जिला परिषद यशोदा देवी, जेबीकेएसएस के कार्यकर्ता माही पटेल उपस्थित थे। जिसमें सखी मंडल के दीदी लोग और हर पंचायत में जेएसएलपीएस में कार्य करने वाली दीदी लोग,सीएलएफ के पदाधिकारी गण दिव्या देवी,चीनिया देवी,अनीता देवी ,लेखपाल सोनी देवी , जीसीआरपी चमेली गोस्वामी,ऊष्मा देवी ,मधु कुमारी ,सोनिया देवी ,किरण कुमारी , बैंक सखी पूनम देवी ,सोनिया कुमारी ,कुंती देवी , एवी बसंती देवी, मुक्ता कुमारी ,बेबी देवी ,अनीता पासवान ,गीता देवी ,पिंकी देवी,एकेएम और एपीएस बेबी देवी,ललिता देवी ,कुंती देवी ,पार्वती देवी,सरिता देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण महिला मौजूद थे।

### दामोदर घाटी निगम मध्य एवं उच्च विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया



**विष्णुगढ़ ।** दामोदर घाटी निगम मध्य एवं उच्च विद्यालय के सभा कक्ष में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया ' कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक सिविल गोपाल महतो के द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से किया गया ' जिससे पूरे मंच संचालन संजय दास ने किया ।इस अवसर पर वरीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० बी०एन० मंडल प्रबंधक सिविल रवि रंजन प्रसाद चंद्रशेखर सर प्राचार्य भरत किशोर महतो ने रुकवा देवी और सुमित्रा देवी को शॉल एवं मोमेंटो से सम्मानित किया। साथ ही अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण अधिकार एवं समानता पर अपने अपने विचारों को व्यक्त किए ' कार्यक्रम में मुख्य रूप से मध्य एवं उच्च विद्यालय के सभी शिक्षक गण, छात्र छात्राएं एवं कोनार कार्यालय के राकेश कुमार राकेश कुमार भास्कर अशोक कुमार कपूर सहित अन्य कर्मचारी भी शामिल थे ।

### दी एम्बिशन कोचिंग सेंटर में विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए दिए गए महत्वपूर्ण टिप्स



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के अखाड़ा चौक में स्थित दी एम्बिशन कोचिंग सेंटर में कक्षा आठवीं और नवमी में पढ़ रहे विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए विद्यार्थियों को समय प्रबंधन सहि तैयारी और परीक्षा हॉल में सही व्यवहार करने की शिक्षकों के द्वारा दी गई विशेष टिप्स।इस कार्यक्रम में उपस्थित संस्थान के निदेशक विवेक कुमार ने कहा कि परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए परीक्षार्थियों को समय प्रबंधन, सही तैयारी, और परीक्षा हॉल में सही व्यवहार करना चाहिए इसके साथ-साथ टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई करना चाहिए। पढ़ाई करने के दौरान बीच में ब्रेक लेते हुए बचे हुए समय का इस्तेमाल रिवीजन के लिए लगाना चाहिए। वही मौके पर उपस्थित अमित कुमार ने कहा कि प्रश्नों को समझने में ज्यादा ध्यान दें।विषयों को दोहराने के बजाय जो सीखा है उसे अच्छे से रिवाइज कर ले ताकि परीक्षा में अधिक से अधिक संख्या में प्रश्नों का उत्तर सही दिया जा सके।कार्यक्रम में उपस्थित राजू कुमार ने कहां की परीक्षा के दौरान किसी भी तरह का तनाव न लें। प्रसन्न मन के साथ सकारात्मक रहते हुए परीक्षा दे।कार्यक्रम उपस्थित नेहा कुमारी ने कहा कि बहुविकल्पीय सवालों में जो सवाल आते हैं उनका जवाब अच्छे से देते हुए उत्तर पुस्तिका में प्रश्नों के उत्तर को अच्छे से कलर करें। इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक विवेक कुमार, अमित कुमार, राजू कुमार, नेहा कुमारी पूनम कुमारी और मानसी कुमारी के साथ-साथ सैकड़ो की संख्या में कक्षा आठवीं और नवमी के परीक्षार्थी मौजूद थे।

### कोनार डैम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने मनाया होली मिलन समारोह



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ के कोनार डैम में कर्मचारियों और अधिकारियों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में परियोजना प्रधान राणा रंजीत सिंह, केटीपीएस के वरीय महाप्रबंधक संजय सिन्हा, डीजीएम आलोक कुमार, तिलैया अस्पताल के डॉ. प्रियरंजन, डीवीसी स्कूल के शिक्षक, असैनिक अभियंता गोपाल महतो, पवन कुमार, चंद्रशेखर प्रसाद, दीपक कुमार और सुनील कुमार सहित कई अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम में सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। परियोजना प्रधान राणा रंजीत सिंह ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं और मिलजुल कर त्योहार मनाने का संदेश दिया। इस समारोह में रंगों की मस्ती के साथ पारंपरिक व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया गया।

### तेली साहू समाज का होली मिलन सह प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न



**बड़कागांव।** हजारीबाग मुख्य रोड पर स्थित रुक्मणी भवन में तेली साहू होली मिलन सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी कौलेश्वर साव तथा अरविंद कुमार के संचालक में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि लोकहित अधिकार पार्टी के हजारीबाग लोकसभा पूर्व प्रत्याशी कुंजबिहारी साहू शामिल हुए। बैठक में समाजहित कार्यों में अपने बलिदान को याद करते हुए तिलेश्वर साहू को याद करते हुए दो मिनट का धारन किया गया। तथा तिलेश्वर साहू अमर रहे, भामाशाह अमर रहे, महात्मा गांधी अमर रहे के नारों से गूंज उठा। वहीं होली मिलन समारोह सह प्रतिभा सम्मान समारोह में आदर्श विवाह, समाज को निखारने वाले व्यक्ति को, महिला शक्ति करण को बढ़ावा को लेकर, शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले लोगों को मेडल तथा अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि होली त्योहार बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक है। इसलिए रंगों का त्योहार भाईचारगी के साथ मनाए। वरिष्ठ समाजसेवी कौलेश्वर साव ने कहा कि समाज के लोग अनुशासन में रहते हुए शिक्षा तथा नशा मुक्ति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। वहीं नापोखुर्द निवासी निमक साव, सुरेश साव ने बिना दहेज लिए अपने पुत्र का विवाह करके आदर्श विवाह का मिशाल पेश किया,जिसे सम्मानित किया गया। वहीं मौके पर मुख्य रूप पूर्व प्रत्याशी हजारीबाग लोकसभा से कुंजबिहारी साहू, वरिष्ठ समाजसेवी कौलेश्वर साव संतोषी कुमारी,पंसस प्रतिनिधि मिथलेश साव,ढुभन साव,रोहन साव, गिरधारी साव, गणेश प्रसाद गुप्ता, इत्यादि सैकड़ों महिला-पुरुष शामिल थें।

### हजारीबाग में एनटीपीसी पदाधिकारी के कत्ल का रांची कनेक्शन

# हत्याकांड के तार रांची के कोयला व्यवसाय विपिन मिश्रा से जोड़कर भी देखा जा रहा

दबंग हिंद संवाददाता

**रांची/हजारीबाग।** जिला का बड़कागांव कोयला उत्खनन के बाद से ही अपराध की राजधानी बनकर उभरा है. कोयला उत्खनन के कारण यह अपराधियों का अड्डा बनकर उभर गया। नक्सलियों भी इस क्षेत्र में एक समय में जमकर तांडव मचाया. जब नक्सली समस्या का समाधान हुआ तो कई स्प्लिंटर ग्रुप इस क्षेत्र में सक्रिय हो गए. आज के समय में भी अमन साहू, टीपीसी, जेपीसी नामक कई आपराधिक संगठन भयादोहन लेवी वसूल कर रहे हैं। इस तरह की आपराधिक घटनाओं के कारण ये धरती इंसानी खून से लाल होती रही है. एनटीपीसी के आने के बाद उसके सहयोगी आउटसोर्सिंग कंपनी के दफ्तर और कर्मियों पर हमला कोई नई बात नहीं है. अब तक की बात की जाए तो एनटीपीसी और उसके सहयोगी कंपनी के चार पदाधिकारी की हत्या हो चुकी है।

**हजारीबाग हत्याकांड का रांची कनेक्शन :** हजारीबाग के कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत फतह चौक पर हुए एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की हत्याकांड के तार रांची के कोयला व्यवसाय विपिन मिश्रा से जोड़कर भी देखा जा रहा है। यह आशंका जताई जा रही है कि जिस गिरोह ने रांची में विपिन मिश्रा पर गोली चलाई है. इसी गिरोह ने कहीं हजारीबाग में कुमार गौरव को तो निशान नहीं बनाया. शनिवार को बोकारो प्रक्षेत्र के आईजी एस माइकल राज ने भी कहा था कि इस बिंदु पर जांच की जा रही है।

**क्या बोले हजारीबाग एसपी :** इस वारदात के 24 घंटे बीत जाने के बाद हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि इस घटना का




खुलासा बहुत जल्द हो जाएगा. पुलिस को कई हम सुराग मिले हैं. जांच पर किसी भी तरह का टिप्पणी करना अभी जल्दबाजी होगी।

दरअसल, विपिन मिश्रा के ऊपर रांची में अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी थी. जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए. इस घटना की जिम्मेदारी सोशल मीडिया पर अमन साहू गिरोह ने लिया. विपिन मिश्रा पीएनएम नाम से कोयला का ट्रांसपोर्टिंग चलाते हैं. यह कंपनी कई पावर प्लांट्स के लिए कोयला की ट्रांसपोर्टिंग का काम करती है।इस क्षेत्र में करीब दस साल से ट्रांसपोर्टिंग कारोबार से जुड़े हैं. उनकी ट्रांसपोर्टिंग कंपनी चट्टी बरियातू से कटकमसांडी, चट्टी बरियातू से बचरा रेलवे साइडिंग और चट्टी बरियातू से टंडवा पावर प्लांट में कोयला सप्लाई करती थी. 2 साल पहले तक विपिन मिश्रा आम्रपाली में भी ट्रांसपोर्ट का काम किया करते थे. कुछ दिनों से यह कंपनी बड़कागांव पकरी बरवाडीह में पैर जमा रहे थे।

**2019 एनटीपीसी के जीएम की हत्या :** जिला के केरेडारी और बड़कागांव प्रखंड में महारत्न कंपनी एनटीपीसी का तीन कोल परियोजना संचालित हैं. 5 दिसंबर 2019 को बड़कागांव के एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल परियोजना के एमडीओ त्रिवेणी सैनिक के जीएम गोपाल सिंह की हत्या हजारीबाग शहर में कर दी गया थी. ये वारदात एनटीपीसी के गेस्ट हाउस से 100 मीटर आगे जुलू पार्क में हु थी. यहां ऑटो में बैठे एमडीओ कंपनी के जीएम गोपाल सिंह को घात लगाकर बैठे अज्ञात अपराधीयों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

**2024 में आउटसोर्सिंग कंपनी के इंचार्ज की हत्या :** फरवरी 2024 में एनटीपीसी केरेडारी कोल परियोजना के आउटसोर्सिंग कंपनी एलएनटी के इक्विपमेंट इंचार्ज सत्येन्द्र सिंह की हत्या हुई. अपराधियों ने पुंदरी मोड के पास उनको गोली मार दी थी. घटना के समय सत्येन्द्र सिंह के साथ ड्राइवर पंकज, व जगन्नाथ गाड़ी में सवार थे. एलएंडटी कंपनी केरेडारी कोल परियोजना में कन्वेयर बेल्ट का निर्माण कर रही हैं. जिसमें सत्येंद्र सिंह सामग्री आपूर्ति की देखरेख करते थे.

**मई 2024 में कॉर्डिनेटर का कत्ल :** एनटीपीसी चट्टी बारियातू कोल परियोजना के एमडीओ रित्विक कंपनी के कॉर्डिनेटर शरद कुमार की हत्या 9 मई 2023 को हुई. अपराधियों ने बड़कागांव के बरवाडीह में गोली मारकर हत्या कर दी गयी. इस घटना में वाहन चला रहे चालक बालबाल बचा था।

## डीएसपीएमयू के पूर्व कार्यकारी वीसी पर नियमों की अनदेखी का आरोप, जांच की मांग

दबंग हिंद संवाददाता

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में वर्ष 2021-22 में विश्वविद्यालय के तत्कालीन प्रभारी कुलपति, विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी और रजिस्ट्रार द्वारा आपसी मिलीभगत कर नियमों की अनदेखी का आरोप लगा है. गलत तरीके से 60 करोड़ का सामान खरीद करने का आरोप राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने लगाया है।

**अधिकार नहीं होने के बावजूद की 60 करोड़ की खरीदारी : राजेश गुप्ता**

राजेश गुप्ता ने कहा कि डीएसपीएमयू के कुलपति का कार्यकाल खत्म होने के बाद कुलाधिपति द्वारा जिस व्यक्ति को अगले कुलपति की नियुक्ति तक प्रभारी कुलपति बनाया था, उन्हें समान खरीदने का अधिकार नहीं था. लेकिन विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार और वित्त




अधिकारी के साथ मिलीभगत कर तीन महीने में ही 60 करोड़ की खरीदी की. राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने हरमू स्थित अपने प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर जानकारी दी। राजेश गुप्ता ने कहा कि मजेदार बात यह है कि विश्वविद्यालय के लिए फर्नीचर की खरीद अगरतला, ठाणे, मेरठ जैसे जगहों से की गई. जबकि पहले के कुलपति ने बाहर से टेंडर करने वालों का आवेदन रद्द कर दिए थे. राजेश गुप्ता ने कहा कि आरोपी निवर्तमान कुलपति राजभवन में बड़े पद पर अभी भी पदस्थापित हैं. उन्होंने कहा कि तत्कालीन कुलपति को पद से हटाने और घोटालों की जांच केंद्र या राज्य सरकार की एजेंसी से कराने की मांग की है।

**नामांकन में आरक्षण नियमों का पालन नहीं: राजेश गुप्ता**

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय एक सरकारी विश्वविद्यालय है. लेकिन यहां नियमों के विरुद्ध कई सीटों को पेड कर दिया गया है. यानी मेधा की जगह पैसा दो नामांकन पाओ की प्रक्रिया अपनाई जाती है. पेड सीट का कोई हिसाब विश्वविद्यालय के बजट बुक में नहीं है. उन्होंने कहा कि यहां रउ, रळ, डइउ और एहर के साथ भी नाइंसाफी हो रही है. उन्होंने घोटाले की पूरे कागजात के साथ जानकारी सरकार और कई जांच एजेंसियों को दी है और मांग की है कि नियमानुसार सभी आरोपियों पर कार्रवाई की जाए।

## पुलिस ने हथियार के साथ तीन अफीम तस्कर को किया गिरफ्तार



दबंग हिंद संवाददाता

**रांची।** रांची पुलिस ने हथियार के साथ तीन अफीम तस्कर को गिरफ्तार किया हैं. डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सिटी डीएसपी केवी रमण के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने खादगढ़ा बस स्टैंड से मोहन लोहरा, कुंवर मुंडा और बिरसा मुंडा को गिरफ्तार किया हैं।इनके पास से 550 ग्राम अफीम और पिस्टल समेत अन्य सामान बरामद हुआ हैं. रविवार को सिटी डीएसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि बिरसा मुंडा बस टर्मिनल के उतर तरफ बने पानी की टंकी के पास से संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए तीन युवको को संदेह के आधार पर पकड़ा गया।पकड़ाये गये युवको की तलाशी लेने पर इनलोगो के पास से अफीम और अवैध पिस्टल और गोली बरामद हुआ. प्रारंभिक पूछताछ में तीनो ने खूंटी से चतरा अफीम पहुंचाने की बात को स्वीकारा है।

## कवि सम्मेलन में सुनील पाल, जानी बैरागी, शशिकांत यादव पेश करेंगे हास्य और श्रृंगार रस की कविता




दबंग हिंद संवाददाता

**रांची।** मारवाड़ी भवन, रांची में 12 मार्च को कवि सम्मेलन आयोजन समिति की ओर से हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा. इस संबंध में रविवार को समिति के मुख्य संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2014 से लगातार हर वर्ष हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाता रहा है. केवल कोरोना काल में वर्ष 2021 में ऐसा नहीं हो सका था. इस बार के सम्मेलन में प्रसिद्ध कवि सुनील पाल, जानी बैरागी, शशिकांत यादव, रमेश मुस्कान, गौरव चौहान और भुवन मोहिनी को देखने सुनने का आनंद मिलेगा. हास्य, वीर तथा श्रृंगार रस की कविताओं के साथ साथ दर्शकों को हंसी के ठहाके की बौछार के अलावा तीखे वाण व्यंग्य से भी आनंदित होने का मौका मिलेगा. समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया ने बताया कि विगत 11 वर्षों में हास्य कवि सम्मेलन में काका हाथरसी, निर्भय हाथरसी, शैल चतुवेर्दी, अशोक चक्रधर सहित कई विख्यात लेखक, कवि रांची आ चुके हैं. वर्ष 2019 में विख्यात कवि कुमार विश्वास भी इसमें शामिल होने आये थे. इस बार कार्यक्रम में 3000 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गयी है. एलईडी भी दर्शकों के लिए लगाये जायेंगे. इसमें प्रवेश निःशुल्क है. आयोजन में सुरक्षा गार्ड सहित सभी जरूरी व्यवस्था रहेगी. सम्मेलन में सांसद संजय सेठ सहित अन्य विशिष्ट अतिथि भी रहेंगे. मौके पर सचिव अनिल कुमार अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष विनोद जैन के अलावा निर्भय शंकर हरित, ललित कुमार पोद्दार, पवन कुमार, मनोज बजाज सहित अन्य भी उपस्थित थे।

## झारखंड पशुचिकित्सा सेवा संघ के फिर अध्यक्ष चुने गए डॉ सेमसन संजय टोप्पो एवं महामंत्री डॉ शिवानंद



दबंग हिंद संवाददाता

**रांची।** झारखण्ड पशुचिकित्सा सेवा संघ द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सह आम सभा का आयोजन रविवार को पशुपालन निदेशालय, हेसाग रांची मे आयोजित किया गया है।आमसभा में झारखण्ड पशुचिकित्सा सेवा संघ का अध्यक्ष डॉ सेमसन संजय टोप्पो एवं महामंत्री डॉ शिवानंद कशी आम सहमति से पुनः चुने गये।मंच मे छेत्रीय निदेशक रांची डॉ रवि कपूर, छेत्रीय निदेशक दुमका डॉ विपिन महता, छेत्रीय निदेशक, उत्तरी छोटानागपुर, हजारीबाग डॉ न्यूतों तिर्की, महिला पशुचिकित्सक अध्यक्ष, डॉ निशि किरण वर्मा, सचिव, डॉ नूपूर कोयल उपस्थित थे.आम सभा मे निम्न निर्णय सर्वसम्मति से पारित किया गया।

1.मासिक सदस्यता शुल्क ,आजीवन सदस्यता शुल्क मे विर्धी ,सभी सदस्य को खश्रअ अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के उपरांत झारखण्ड पशुचिकित्सा परिषद से रिन्यूअल किया जायेगा का प्रस्ताव पारित किया गया, संघ का अपना भवन पशुपालन निदेशलय के समीप रिक्त भूमि मे बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया. अंत मे सर्व सम्मति से वर्तमान कार्यकारिणी को अवधि विस्तार दिया गया। कार्यक्रम मे सभी महिला पशुचिकित्सक एवं नवनियुक्त पशुचिकत्सको का गुलाब पुष्प देकर अभिनन्दन किया गया। पशुचिकित्सको का संसोधित नियमावली अधिसूचित होने के उपरांत विभागीय पुर्नगठन का चिनिहितिकरण जल्द अधिसूचित कराने का निर्णय लिया गया ।

## वुशु एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति की बैठक में हर जिले में खेल गतिविधि बढ़ाने पर जोर

दबंग हिंद संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला स्कूल के सभागार, रांची में झारखण्ड वुशु एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न हुई. एसोसिएशन के प्रेसिडेंट प्रदीप कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में झारखण्ड वुशू एसोसिएशन के करकारिणी समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे. इस अवसर प? प्रेसिडेंट ने सभी का स्वागत किया औ? पहले ट्राइबल वुशू ट्रेनिंग कैंप और प्रतियोगिता की घोषणा की. कहा कि ट्राइबल वुशु खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन प्रशिक्षण अवसर उपलब्ध करने के लिए यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाएगा. इसमें प्रत्येक जिले से 2 महिला औ? 2 पुरुष खिलाडी शामिल किये जायेंगे।यह तय किया गया कि सत्र 2025-26 की सभी प्रतियोगिता नेशनल प्रतियोगिता के



आधार पर आयोजित की जाएंगी. इस मीटिंग में प्रशिक्षण पर ज्यादा ध्यान देने और वुशू खेल को प्रत्येक जिले में विकसित करने का निर्णय लिया गया।यह तय किया गया कि प्रत्येक जिला वुशु एसोसिएशन के लिए जिला स्तरीय प्रतियोगिता करना अनिवार्य होगा.इस अवसर पर पिछली प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों ने सभी कार्यकारिणी सदस्यों से मुलाकात की. यह तय किया गया कि सत्र 2024-25 के सभी पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान समारोह अप्रैल के प्रथम सप्ताह में आयोजित किया जाएगा.बैठक में झारखण्ड वुशू एसोसिएशन के लाइफ मेंबर, एग्जीक्यूटिव मेंबर और रेगुलर मेम्बरशिप के ऊपर चर्चा की गयी. इस हेतु एक समिति का गठन डॉ मुकुंद मेहता की अध्यक्षता मे किया गया. प्रियदर्शी अमर, मिथलेश साहू, शिवेन्द्र दुबे, उदय साहू इसके सदस्य बनाये गए।

## अपराधियों पर नकेल कसे राज्य सरकार: प्रतुल शाह देव

दबंग हिंद संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने विधि व्यवस्था की गिरती स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते राज्य सरकार से मांग की है कि वह विदेश में बैठकर झारखंड में आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे अपराधियों पर नकेल कसे. कहा कि हाल के दिनों में झारखंड के 6-7 जिले जहां कोयला का प्रोडक्शन और ट्रांसपोर्टेशन होता है, वहां आपराधिक घटनाओं में लगातार वृद्धि हुई है. लेवी और एक्सटॉर्शन के चलते विदेश में बैठे अपराधी झारखंड में अपने गुर्गों से घटनाओं को अंजाम देकर दहशत पैदा करते हैं. हजारीबाग में 2 वर्ष पूर्व भी कोयला से जुड़ी एक कंपनी के जी एम की हत्या कर दी गई थी.अब एनटीपीसी के डीजीएम की हत्या हुई. रांची के भीड़ भाड़ वाले इलाके में कोयला व्यापारी पर हमला होता है. उसके अतिरिक्त अपराधी अलग जिलों में कोयला साइडिंग पर लगातार गोली चला कर दहशत फैला रहे हैं।प्रतुल ने कहा कि आज के दिनों में संगठित अपराध पुलिस के लिए झारखंड में नक्सलवाद की तरह बड़ी समस्या बन गई है. संगठित आपराधिक गिरोह झारखंड में लगातार पैर फैला रहे हैं.अब यह नक्सलवाद की तरह पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं. आलम ये है कि कई जिलों में कोयला कंपनी से जुड़े अधिकारी बुलेट प्रूफ वाहनों से सफर करते हैं.अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वह घटना को अंजाम देने के बाद फेसबुक पर लिखकर घटना की जिम्मेवारी लेकर भविष्य के लिए चेतावनी भी देते हैं. प्रतुल ने कहा कि अगर राज्य सरकार एक सुनियोजित प्लान के तहत संगठित गिरोह का खात्मा नहीं करेगी तो झारखंड की स्थिति भयावह हो जाएगी. झारखंड पुलिस की वेबसाइट के अनुसार अबुआ सरकार के पहले महीने में ही 5207 संज्ञेय अपराध हुए जो चिंता का विषय है।

## एक नजर

### मंदरों में बकरी चोरों ने मचा रखा है आतंक

दबंग हिंद संवाददाता



**रांची।** नरकोपी थाना अंतर्गत पंचायत मंदरों के विभिन्न गांव में चोरों द्वारा 08/03/2025 दिन शनिवार को तीन लोगों का बकरी को चोरी कर लिया गया।

- घटना नम्बर-1. ग्राम चरकी के रहने वाले बुधु उरांव की 2 बकरीयां घर के सामने बंधी हुई थी जिसको चोरों द्वारा दिन के 1 से 1:30 के बीच चोरी कर लिया गया। दिनदहाड़े ऐसी चोरी से लोग सकते में है।
- घटना नम्बर-2.विकास कुमार साहू पिता राजेंद्र साहू की खस्सी का चोरी रात में लगभग 12:00 बजे घर का ताला तोड़कर चोरों द्वारा कर लिया गया। विकास कुमार ने बताया कि खस्सी का वजन लगभग 20 से 22 किलो था जिसका कीमत अभी 14000 रुपए था।
- घटना नम्बर-3. इरशाद अंसारी पिता स्वर्गीय नसमुल अंसारी,ग्राम मंदरों के घर का ताला तोड़कर आज रात में एक बकरी और तीन बोरी धान का चोरी किया गया।
- एक ही दिन में तीन जगह पर चोरी होना यह दशार्ता है कि चोरों पर प्रशासन का कोई खौफ नहीं रहा। पिछले महीने भी चोरों द्वारा चरनालो के रहने वाले सुरेश उरांव के तीन खस्सी को चोरी कर लिया गया था। इस तरह की चोरी से बकरी पालने वाले किसान काफी भयभीत है। वही चोरी हुए सभी किसानों का कहना है कि प्रशासन जल्द से जल्द इन चोरों को पकड़े। और चोरी की घटना पर लगाम लगाएं।

### कुरान की शिक्षा हजरत मुहम्मद सल्ल पर दान अर्थात सदका देने पर जोर दिया गया

दबंग हिंद संवाददाता



**रांची।** सदका अर्थात दान दिखा कर दिया जाए या छिपाकर दोनों ही अच्छा है सदका देने से गुना माफ होते हैं वही ब्याज पर पूरी तरह पाबंदी लगाई गई और ब्याज लेना किसी की मजबूरी का फायदा उठाना सामाजिक बुराई है यह अमानवीय कृत है कुरान पाक में ब्याज लेने पर विशेष पाबंदी है जो ब्याज लेता है उसका रास्ता जहन्नम का है अल्लाह ब्याज को घटता और मिटता है और सदका दान को बढ़ाता है यदि कोई ब्याज माफ कर देता है या तंगी तक ब्याज देने वालों को सहुलत प्रदान करता है यह काम भलाई का है परंतु ब्याज माफ करना ही अल्लाह को पसंद है ब्याज लेने वालों को सिर्फ मूलधन लेने का अधिकार दिया गया अल्लाह का मोमिनो पर हुक्म है कि अल्लाह से डरो अगर ईमान रखते हो तो जितने ब्याज बाकी रह गया है उसे माफ कर दो और ऐसा ना किया गया तो ब्याज लेने वालों से युद्ध करने का भी हुक्म है।

प्रस्तुति –गौहर मुर्तजा सामाजिक कार्यकर्ता, रांची

### आर्मी जवान छोटन उरांव के आकस्मिक निधन से मर्माहत हूं : शिल्पी नेहा तिर्की



दबंग हिंद संवाददाता

**मांडर।** मांडर के नगड़ा पंचायत स्थित कनभिट्ठा गांव निवासी आर्मी जवान छोटन उरांव के आकस्मिक निधन से मर्माहत हूं. शहीद छोटन उरांव बरेली में पदस्थापित थे. वर्तमान में वो एसी सेंटर बेंगलुरु में कोर्स करने के लिए गए हुए थे. 7 मार्च को अचानक ट्रेनिंग के दौरान स्वास्थ्य बिगड़ने से उनका निधन हो गया. आज शहीद छोटन उरांव का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पहुंचा. छोटन उरांव अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए. मैं दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं. साथ ही दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं परिवार के साथ है।

### एक्वा वर्ल्ड में बलम पिचकारी में होली के रंग में झूमे रांची के युवा



दबंग हिंद संवाददाता

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड, रांची में रविवार को होली की थीम पर आधारित एक विशेष कार्यक्रम बलम पिचकारी का आयोजन किया गया. बड़ी संख्या में रांची के युवाओं और परिवार वालों ने इसमें हिस्सा लिया. डीजे उदय ने अपने होली की थीम के गानों, नए रीमिक्स और डांस नंबरों पर लोगों को झूमा कर रखा. इस अवसर पर इको फ्रेंडली रंगों की भी व्यवस्था की गई थी. पूरा एक्वा वर्ल्ड परिसर रंग, अबीर और गुलाल से भर गया था.लोगों की मस्ती के लिए रंगीन पानी से भरा एक ह्यकलर पूलह्ण भी तैयार रखा गया था.लोगों ने न सिर्फ इसमें खुद डुबकी लगाई, बल्कि पकड़ झ्र पकड़ कर अपने मित्रों को भी इसमें डुबाया.इस अवसर पर ठंडई पीने और दही बड़ा खाने की प्रतियोगिता का भी आयोजन भी किया गया. विजेताओं को पुरस्कृत भी किया. पूरे कार्यक्रम में लोगों ने जमकर मस्ती की. कार्यक्रम को सफल बनाने में एक्वा वर्ल्ड के चेयरमैन प्रतुल शाह देव, को चेयरपर्सन डॉक्टर विद्या झा, निदेशक लोकेश चौधरी, कार्यक्रम संयोजक सौरव, आनंद, प्रद्युम आदि का योगदान रहा।

### पलाश हर्बल गुलाल प्रदर्शनी सह बिक्री स्टॉल का हुआ शुभारंभ

दबंग हिंद संवाददाता

**रांची।** रंगों के त्योहार होली को लेकर बाजार सज गए हैं, और पिछले वर्ष की तरह ही झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के अंतर्गत पलाश ब्रांड के तहत सखी मंडल की महिलाओं द्वारा प्राकृतिक उत्पादों से तैयार हर्बल गुलाल बाजार में उपलब्ध है. हर्बल गुलाल के विपणन को बढ़ावा देने और आम जनों में इको-फ्रेंडली होली के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए राज्य स्तरीय पलाश हर्बल गुलाल प्रदर्शनी सह बिक्री अभियान की शुरूआत की गई है।मुख्यमंत्री द्वारा राज्य की ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को बाजार में पहचान दिलाने के उद्देश्य से शुरू किए गए पलाश ब्रांड के अंतर्गत राज्यभर के विभिन्न जिलों की हजारों ग्रामीण महिला उद्यमियों द्वारा पलाश हर्बल गुलाल का उत्पादन किया जा रहा है.इस अभियान के अंतर्गत आज रांची, हजारीबाग, पलामू, चतरा, रामगढ़, खूंटी, लोहरदगा जिलों में पलाश हर्बल गुलाल प्रदर्शनी सह बिक्री स्टाल का परिचालन आरंभ किया गया। जेएसएलपीएस की मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी श्रीमती कंचन सिंह के निदेर्शानुसार राज्य के सभी जिलों में 100 से अधिक स्टालों का संचालन दिनांक 9 से 13 मार्च 2025 तक किया जाएगा. सखी मंडल की माहिलाएं गुलाल तैयार करने में प्राकृतिक सामग्री का इस्तेमाल कर रहीं है, जो त्वचा को कोई नुकसान नहीं पहुंचाती. इस हर्बल गुलाल में किसी भी प्रकार के रसायन या आर्टिफिशियल सामग्री का उपयोग नहीं किया गया है. इसे बनाने के लिए समूह की दीदियां फूल, फल और पत्तियों का इस्तेमाल कर रही हैं।हरे रंग के लिए पालक, गुलाबी के लिए चुकंदर, पीले और नारंगी रंग के लिए पलाश व हल्दी, जबकि नीले रंग के लिए सिंद्धार समेत अन्य फूलों और पत्तियों के प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जा रहा है. साथ ही, गुलाल को सुगंधित बनाने के लिए प्राकृतिक एसेंस का भी समावेश किया गया है।

## प्रगति सेवा आश्रम ने महिला दिवस पर आयोजित किया रक्तदान शिविर




दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो ।** प्रगति सेवा आश्रम के तत्वावधान में रेडक्रॉस ब्लड बैंक एवं बोकारो रक्तवीर परिवार के सहयोग से महिला दिवस के अवसर पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। क्षेत्र की विधायक श्वेता सिंह भी इस कार्य में सहभागी बनकर रक्तदान कर समाज को प्रेरित किया।रक्तदान शिविर में महिलाओं युवाओं, समाजसेवियों एवं विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना है।मौके पर रेडक्रॉस ब्लड बैंक के विशेषज्ञों ने रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया। शिविर में रक्तदान करने वाले सभी लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बोकारो रक्तवीर परिवार के अध्यक्ष संजय शर्मा जी ने अपना 52वां रक्तदान किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा, रक्तदान एक महादान है। इससे किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने प्रगति सेवा आश्रम को इस सराहनीय पहल के लिए धन्यवाद दिया और समाज के प्रत्येक नागरिक से रक्तदान की अपील की। मौके पर इंस्पेक्टर संगीता कुमारी, प्रगति शंकर,सोनी कुमारी, रुबी, सुष्मिता, अनुपमा, अनिता,सुधा मिश्रा मीनल दीप आनंद ,अंकित, डॉ.शैलेश, अमन गर्ग विनय,राजा, आदि लोगों ने रक्तदान किया । शिविर में 30 यूनिट ब्लड डोनेट हुआ।प्रगति सेवा आश्रम के सदस्यों द्वारा विधायक को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

# एनडीआरएफ टीम ने आपदा से राहत व बचाव को दिया प्रशिक्षण

दबंग हिन्द,संवाददाता



**बोकारो ।** समाहरणालय स्थित सभागार में एनडीआरएफ टीम ने आपदा से निपटने को लेकर लोगों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी ने किया। कार्यक्रम में एनडीआरएफ की टीम के द्वारा विभिन्न प्रकार के आपदा से निपटने के लिए जिले के विभिन्न विभागों के कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, एनडीआरएफ के सहित अन्य उपस्थित थे। एनडीआरएफ ने कर्मियों को विभिन्न प्रकार के राहत कार्य की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया। एनडीआरएफ के प्रशिक्षकों ने प्राकृतिक आपदा से बचाव की जानकारी दी। बाढ़ के अलावा भूकंप, सर्पदंश, हृदय रोग, सड़क सुरक्षा के दौरान शारीरिक क्षति से संबंधित बचाव की भी जानकारी दी गई। प्रायोगिक तौर पर डेमो देकर भी युवाओं को प्रशिक्षित किया। बाढ़ व आगजनी से बचाव, घायलों का प्राथमिक उपचार करना, घायल व्यक्ति की ब्लीडिंग को रोकना, चोटों को स्टेबलाइज करना और पीड़ित की जान बचाने के लिये सीपीआर देने आदि के बारे में डेमो देकर बताया गया। पानी में डूबे व्यक्ति को बचाने और शव को पानी से बाहर निकालने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारियां दी।इस दौरान विभिन्न विभागों के पदाधिकारी सहित कर्मी उपस्थित थे।

## 137वां श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी का जन्ममहोत्सव संपन्न



दबंग हिन्द,संवाददाता

**कथारा ।** श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी का 137 वां जन्मोत्सव रविवार को धूमधाम से कथारा दुर्गा मंदिर में आयोजित की गई। जन्मोत्सव कार्यक्रम में झारखण्ड प्रदेश के विभिन्न जिला से सैकड़ो श्रद्धालु पहुंचे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किंकर दादा ने कहा कि ठाकुर जी का जीवन चरित्र आदर्श मूल्यों पर आधारित रहा है। उनके आदर्श मूल्यों को आत्मसात करने से ही मनुष्य सफल हो सकता है।ठाकुर अनुकूलचंद्र जी के बताए मार्गों पर चलने से ही शांति की अनुभूति हो सकती है।उन्होंने कहा कि ठाकुर जी युगपुरुष हैं। वह किसी एक समुदाय या समाज के लिए नहीं है। बल्कि संपूर्ण मानव के लिए हैं।कार्यक्रम को अन्य कई वक्ताओं ने भी संबोधित किया। जन्मोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत सुबह के 5:45 बजे वेद मांगलीकी से हुई। पांच बजे उषा कीर्तन और 6:00 मिनट पर समवेत प्रार्थना का आयोजन किया गया। मौके पर के के दास दादा,अजय सिन्हा दादा,होपेन हेंब्रम दादा, दिनेश दादा,चंद्रशेखर दादा, कुंवर दादा, पल्लव दादा,कामवृक्ष दा, अमित दा, गणेश दा उपस्थित थे।

## 35 पशु लदी ट्रक को पिण्ड्राजोरा पुलिस ने किया जप्त जांच में जुटी पुलिस



दबंग हिन्द,संवाददाता

**पिण्ड्राजोरा ।** पिण्ड्राजोरा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को थाना क्षेत्र स्थित पश्चिम बंगाल सीमा बोर्डर में पशु लदी एक ट्रक को जांच के दौरान पकड़ा गया। मिर्धा स्थित चेक नाका में तैनात पुलिस को ट्रक चालक चकमा देकर भागने में सफल रहा। पिण्ड्राजोरा पुलिस ट्रक में लोड 35 बछड़ो सहित ट्रक को कब्जे में कर जांच में जुट गई हैं। ट्रक में लोड 35 बछड़ों में से एक बछड़ा मृत पाया गया। इससे प्रतित होता है की ट्रक में क्षमता से ज्यादा बछड़ों को लोड किया गया था। पिण्ड्राजोरा पुलिस सभी बछड़ों का स्वस्थ्य जांच कराकर अपने समक्ष रखा हैं। पिण्ड्राजोरा थाना प्रभारी अभिषेक कुमार रंजन और सअनि अनिकेत कुमार, अनील सिंह, अनील कुमार यादव को किसी ने दुरभाष पर सुचना दी की ट्रक संख्या बीआर 26 जीबी 0199 से अवैध पशु ले जा रही हैं। सुचना के आधार पर बंगाल सीमा स्थित बोर्डर पर तैनात पुलिस कर्मीओ को उक्त ट्रक की संबंध में जानकारी दी गई। ट्रक को रोकने की साथ ही ट्रक चालक पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा। मालुम हो की पश्चिम बंगाल स्थित बडटांड़ हटिया में प्रत्येक सोमवार को पशु का बहुत बड़ा बाजार लगता है। इस बाजार में उत्तर प्रदेश बिहार सहित अन्य प्रांतो से पशुधन अधिनियम को ताक में रखकर पशु तस्करों द्वारा क्षमता से अधिक लोडकर पशुओं को लाया जाता है।

## बीटीपीएस थाना परिसर में शांति समिति सह होली को लेकर बैठक

**बेरमो ।** होली पर्व पर शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर की देर संध्या बोकारो थर्मल थाना में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर बोकारो थर्मल थाना प्रभारी ने कहा कि होली के अवसर पर शांति बनाए रखने की आवश्यकता है। साथ हीं कहा पर्व इस प्रकार मनाये की किसी की भावना आहत न हो। आप सभी पर्व पर लोग आपस में भाईचारे का संबंध बनाकर किसी प्रकार का हो हल्ला, शोर शराबा एवं किसी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने का पूरा प्रयास करें। खासकर उक्त अवसर पर डीजे बाजा एवं नशा पान पर अनावश्यक विवाद करने की स्थिति उत्पन्न ना करें। बैठक उपरांत उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को अबीर व गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की मुबारकबाद दिया ।

# पंचायत में स्टेकहोल्डर के साथ हुई बैठक

दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो ।** खैराचातर पंचायत भवन में आज किशोरियों तथा महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ाव तथा जेंडर हिंसा के खिलाफ स्टेकहोल्डर की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुखिया विजय कुमार जायसवाल ने कहा कि सरकार के द्वारा किशोरियों तथा महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार की सरकार की योजनाएं हैं , जिससे सभी को आच्छादित करना है। इन योजनाओं की जानकारी जन-जन तक ले जाना है। तथा किशोरियों का ड्रॉप आउट तथा जेंडर आधारित हिंसा हिंसा को समाप्त करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि पंचायत के विभिन्न वार्डों में पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी सेविका, सहीया, एसएचसी ग्रुप , धार्मिक नेताओं को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे किसी भी प्रकार के दिक्कत तथा हिंसा को समाप्त करने में तत्काल मदद मिल पाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहयोगिनी के




निदेशक गौतम सागर ने कहा कि संस्था के द्वारा कसमार प्रखंड के 30 गांव में किशोरी क्लब बनाकर महिला हिंसा तथा बाल विवाह के खिलाफ सघन रूप से कार्य किया जा रहा है। साथ ही किशोरियों तथा महिलाओं को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराया जा रहा है ।इस दौरान सहयोगिनी समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने कहा की किशोरियों को तकनीकी प्रशिक्षण तथा जानकारी देकर उनका लीडरशिप डेवलपमेंट का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन सहयोगिनी की एनिमेटर प्रतिमा सिंह ने किया । इस दौरान पंचायत प्रतिनिधि अनिल कुमार कपड़दार, विगन महली, मनोज घासी ,अशोक घासी , आंगनवाड़ी सेविका कंचन देवी, पिंकी देवी ,सविता देवी ,सुनीता देवी, नीलम देवी, रीता देवी ,रितु देवी , संजय कुमार महतो,कृष्णा जायसवाल आदि उपस्थित थी।

## सेवानिवृत्त सिनियर ओवरमैन व माइनिंग सरदार को दी गई विदाई

दबंग हिन्द,संवाददाता

**फुसरो ।** इनमोसा कारो के तत्वाधान मे बीएंडके क्षेत्र अंतर्गत कारो खुली खदान से सेवानिवृत्त सिनियर ओवरमैन ए पी सिंह और माईनिंग सरदार मकसूद आलम को व्हाइट हाउस कारो मे सम्मान समारोह का आयोजन कर विदाई दी गई। यहा इनमोसा के पदाधिकारियों व सहकर्मियो ने सिंह और आलम को अंग वस्त्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। इनमोसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने सेवानिवृत्त दोनो को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई देते हुए कहा कि दोनो ने कंपनी की तरक्की में अपना बेहतर योगदान दिया है।कहा कि दोनो बेदाग रिटायर्ड किये है,यह इनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह व संचालन कारो के शाखा सचिव निरंजन सिंह ने किया। इस अवसर पर एरिया सचिव डी पी मौर्या, कारो शाखा के अध्यक्ष डोमन पासवान सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## तेनुघाट ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक

दबंग हिन्द,संवाददाता

**तेनुघाट ।** तेनुघाट ओपी परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक ओपी प्रभारी अजीत कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक के दौरान ओपी प्रभारी अजीत कुमार ने कहा कि होली उत्साह और उमंग का त्योहार है। इसे खुशी और उल्लास के साथ मिलजुल कर मनायें। वहीं समिति के सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि इस बार होली के साथ रमजान का भी महीना चल रहा है। इस बार के इस संयोग को सौहार्दपूर्ण वातवरण में मनाएं। ताकि बोकारो जिला में तेनुघाट ओपी क्षेत्र एक मिशाल कायम करें। वहीं थाना प्रभारी अजीत कुमार ने स्पष्ट कहा कि होली के दौरान हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।वहीं बैठक में मौजूद जिला परिषद प्रतिनिधि नारायण प्रजापति, मो अख्तर हुसैन, मुन्ना श्रीवास्तव, राजेश कुमार, अजीत कुमार पांडेय, मिथुन चंद्रवंशी, विंदा देवी, राजू महतो, रिजवान अंसारी, सेवा गंझू, गंगा तुरी, वारिस आलम, जयलाल तुरी, जुनैद अख्तर, झरी तुरी, इसराफिल अंसारी, इम्तियाज अंसारी, रामचन्द्र यादव, कौशर हाशमी आदि ने पुलिस प्रशासन को आश्वस्त किया कि होली पर्व को दोनों ही समुदाय के लोग मिल जुल कर सौहार्द पूर्ण मनाएंगे।

## होली मिलन समारोह मनाने ने को लेकर बैठक

**कथारा।** कथारा 4 नम्बर दुर्गा मंदिर मे होली मिलन समारोह मनाने को लेकर मंदिर समिति के सदस्ययो की बैठकमंदिर परंगण में हुई। अध्यक्षता मंदिर समिति के श्याम नंदन मंडल ने की वही संचालन विजय यादव ने की । बैठक में 12 मार्च को होली मिलन समारोह हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक में मंदिर समिति के देवेंद्र यादव, विजय यादव, देवाशीष आश मंदिर के पुजारी गुप्तेश्वर पाण्डेय,सुरेश ठाकुर,धनेश्वर यादव, रवि पाण्डेय सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज का आयोजन

दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो ।** जनता मजदूर संघ, बोकारो स्टील प्लांट एवं बोकारो पावर सप्लाई कॉरपोरेशन के प्रथम एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण आयोजन की सफलता, सार्थकता एवं आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, यूनियन के महामंत्री प्रमोद कुमार देव ने पूर्व संध्या पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने जनता मजदूर संघ के विस्तार की आवश्यकता, स्टील सेक्टर में मजदूरों की ज्वलंत समस्याओं और उनके समाधान की रणनीति पर प्रकाश डाला।अधूरा वेतन समझौता शीघ्र पूरा किया जाए। 39 महीने के एरियर का भुगतान अविलंब किया जाए।वेतन संशोधन में अधिकारियों को मिलने वाले 10 महीने के परक्स का एरियर मजदूरों को भी दिया जाए। डिप्लोमा इंजीनियर को पूर्व की भांति क्रमशः एस-3 एवं 5-6 ग्रेड में बहाल किया जाए। विस्थापित एवं आश्रित अप्रेंटिस को वादे के अनुसार शीघ्र



नियोजित किया जाए।

जूनियर अधिकारियों की पदोन्नति एवं दक्षता को प्राथमिकता दी जाए।आवासीय एवं सामाजिक सुधारः

खाली पड़े सभी प्रकार के आवासों को लाइसेंस /भाड़े पर देकर बोकारो को अवैध कब्जा मुक्त बनाया जाए। पेंशन एवं स्वास्थ्य सुविधाएँ उच्च पेंशन योजना को लागू करने में आ रही कठिनाइयों का समाधान किया जाए। नोडल अधिकारी द्वारा कर्मचारियों से किए जा रहे दुर्व्यवहार पर अंकुश लगाया जाए। मेडिक्लेम राशि में अनावश्यक वृद्धि पर रोक लगाई जाए। कॉर्पोरेट कार्यालय की भांति इरछ के मेडिक्लेम धारियों को ओपीड़ीखर्च 24,000 रुपये प्रतिवर्ष प्रदान किया जाए।

**ठेका मजदूरों के अधिकार एवं सुरक्षाः** ठेका मजदूरों की पदोन्नति, ग्रेच्युटी एवं स्वास्थ्य बीमा 5 लाख रुपये सुनिश्चित किया जाए। ईएसआई अस्पताल बोकारो में स्थापित किया जाए। ठेका मजदूरों के स्वास्थ्य जांच के दौरान उन्हें काम से हटाने की साजिश को रोका जाए और उनका उचित इलाज इरछ द्वारा सुनिश्चित किया जाए। न्यूनतम मजदूरी देने एवं उनके शोषण पर अंकुश लगाया जाए.प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जनता मजदूर संघ के सभी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे, जिनमें कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश चंद्र चटर्जी, संयुक्त महामंत्री अरुण कुमार, पंकज कुमार सिंह, गौतम सिंह चौधरी, सत्येंद्र नारायण सिंह, लखान आदि शामिल थे। इस अवसर पर संयुक्त महामंत्री ने अपने ओजस्वी संबोधन से सभी कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाया और मजदूरों के हित में संघ की प्रतिबद्धता को दोहराया।

## जनता मजदूर संघ का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन संपन्न



दबंग हिन्द,संवाददाता

**बेरमो ।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के ऑफिसर्सक्लब में जनता मजदूर संघ द्वारा दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया अधिवेशन में मुख्य अतिथि जमसं के केंद्रीय महामंत्री सिद्धार्थ गौतम उपस्थित थे अधिवेशन के दूसरे दिन शनिवार को संघ के कथारा क्षेत्रीय सचिव कमोद प्रसाद ने स्वागत भाषण से शुरू किया संचालन कमलेश सिंह ने की इस अवसर पर उद्घाटन भाषण को संबोधित करते हुए संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम ने कहा कि जमसं पिछले 45 वर्षों से कोयला क्षेत्र के मजदूरों की सेवा करती रही है। बताया कि बीसीसीएल में कुल 36हजार मेंन पावर है जिसमें 4हजार अधिकारी संवर्ग से हैं वही साढ़े चौदह हजार मजदूर जमसं के साथ है इसलिए बीसीसीएल में जमसं सदसयो की संख्या नंबर वन पर है जबकि 2022 में सीसीएल में संघ नौवें स्थान पर था यह 2023 में छठे स्थान पर आ गया इस बार हम सीसीएल में चौथे नंबर पर हैं हमारी सीसीएल में सदस्य संख्या 24सौ है जबकि उम्मीद है कि वर्ष 2026 में दूसरे और तीसरे स्थान पर अवश्य पहुंचेंगे। अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह उर्फ टीनू सिंह ने दिवंगत साथियों की याद में 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति की प्रार्थना की नेतृत्व किया जबकि इससे पूर्व सर्वप्रथम यूनियन के पदाधिकारी ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर सिंह तथा जमसं के संस्थापक दिवंगत सूरज देव सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## एक नजर

### स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा समाज की हुई बैठक

**चास ।** स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा समाज की बैठक चास में हुई, जिसमें अग्रसेन भवन सेक्टर 1 में होली मिलन समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा समाज के चास के अध्यक्ष अरुण शर्मा ने अधिक से अधिक संख्या में लोगो से भाग लेने की अपील की। आयोजक मंडल सदस्य राकेश मधु को कार्यक्रम का संयोजक मनोनीत किया गया तथा सुबोध कुमार को कार्यक्रम का सहसंयोजक नियुक्त किया गया। इस अवसर पर सुनील कुमार, अजीत ठाकुर, शैलेंद्र कुमार, जशंकर जी, किशुन पांडे, अजीत कुमार महुआर, नवीन कुमार, पंकज कुमार , अरविंद ठाकुर, सुबोध कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ 3982 वादों का निष्पादन समझौता सात करोड़ तिरेपन लाख उनसठ हजार तीन सौ चौरानवे रुपए

**बोकारो ।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो अनिल कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में साल का पहला राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन न्याय सदन, बोकारो में किया गया। न्याय सदन बोकारो में इस कार्यकम का उद्घाटन झालसा से आभासी रूप मे न्यायाधीश झारखण्ड, उच्च न्यायालय सह कार्यकारी अध्यक्ष, झालसा न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद तथा अन्य झालसा के सदस्यगण की उपस्थिति में किया गया।इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय अरविंद कुमार न०.1. पीठासीन पदाधिकारी, श्रम न्यायालय अनुज कुमार, व अन्य न्यायिक पदाधिकारीगण, साथ-साथ अधिवक्तागण, सरकारी विभागों, बैंक एवं बीमा कंपनीयों के अधिकारीगण कर्मचारीगण, पीएलवी० गण, एवं बड़ी संख्या में मुकदमों के पक्षकार, लाभुक उपस्थित रहें। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंकिग चेक बाउंस, बिजली, पारिवारिकि, दीवानी, श्रम, उत्पाद, वन विभाग, मोटरयान के अलावा सभी आपराधिक सुलहनीय मामलों को चिन्हित कर उसके निष्पादन के लिए व्यवहार न्यायालय बोकारो में नौ 9 एवं अनुमंडल न्यायालय तेनुघाट में तीन 3 बेंचो का गठन किया गया था।इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल -3997 वादों को निष्पादन हेतु रखा गया जिसमें से कुल-3982 वादों का निष्पादन हुआ जिसमें कुल समझौता राशि- 7,53,59,394/- सात करोड़ तिरेपन लाख उनसठ हजार तीन सौ चौरानवे रुपए हुई।साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर न्याय सदन बोकारो में महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें न्यायिक पदाधिकारीगण एवं अधिवक्ता गण के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। उपस्थित महिलाओं को डालसा सचिव द्वारा महिलाओं के अधिकारों एवं महिलाओं से संबंधित कानूनों की जानकारी विस्तार पूर्वक दिया गया।उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अनुज कुमार ने दी।

### बैंक जिस अनुपात से जमा बढ़ा रहे हैं उसी अनुपात से ऋण को भी बढ़ाएं :अपर समाहर्ता

**बोकारो ।** समाहरणालय स्थित सभागार में निदेशक, डीपीएलआर श्रीमती मेनका एवं अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी की संयुक्त अध्यक्षता में दिसंबर त्रैमासिक की जिला सलाहकार समिति डीसीसी जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं डीसीसी की सब कमेटी की बैठक आयोजित की गई। मौके पर आरबीआई प्रतिनिधि सुश्री हर्षिता सेवलोक, डीडीएम नाबार्ड श्री फिलमोन बिलुंग, एलडीएम हाबिंद हुसैन, सभी बैंक समन्वयक एवं संबंधित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान निदेशक, डीपीएलआर श्रीमती मेनका ने एलडीएम बोकारो को अपने स्तर से बैंकों के साथ विभिन्न मुद्दों से संबंधित बैठक करने का निर्देश दिया। साथ ही लखपति महिला दीदी की नंबर में गिरावट पर चिंता व्यक्त किया। इसपर जेएसएलपीएस अधिकारी को ध्यान देने का निर्देश को कहा। अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी ने निर्देश दिया कि की बैंक जिस अनुपात से जमा बढ़ा रहे हैं उसी अनुपात से ऋण को भी बढ़ाएं। साथ ही केसीसी से संबंधित जिला कृषि पदाधिकारी तथा बैंकों को ज्यादा से ज्यादा आवेदन बढ़ाने का भी निर्देश दिया। साथ ही बैठक में आरबीआई द्वारा दिए गए यूआरसी की सूची पर चर्चा की गई, जिसमें अपर समाहर्ता ने ऑनलाइन बैंकिंग के बारे में बताया तथा सभी बैंकों प्रतिनिधियों से कहा कि बीसी की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ ही आरबीआई गाइडलाइंस के आधार पर रिकवरी टाइम दिया गया है उसी के अंतर्गत लोगों से संपर्क करें।

### गांव गांव तक पहुचे बैंकिंग सर्विस

**बोकारो ।** अपर समाहर्ता के द्वारा बताया गया कि पीएम सूर्य घर योजना से संबंधित कार्यशाला करने का निर्देश दिया ताकि लोग जागरुक हो सके और लोगों को सरकार की योजना का अधिक से अधिक लाभ ले सके। वहीं सामाजिक सुरक्षा योजना से संबंधित ऐसी कर के द्वारा सभी बैंकों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना पीएमजेजेवाई लाभ लोगों को मिले। गांव गांव तक बैंकिंग सर्विस पहुंचे इसके लिए एटीएम और बीसी नंबर बढ़ाने का निर्देश दिया गया। केनरा बैंक तथा पीएनबी बैंक के खराब प्रदर्शन को सुधारने को कहा पीएमएफई से संबंधित अपर समाहर्ता ने ज्यादा से ज्यादा आवेदन जिला उद्योग केंद्र को सृजित करने को कहा तथा बैंकों को रिजेक्शन ग्राउंड बनाने को कहा। साथ ही एसीपी एनुअल क्रेडिट प्लान से संबंधित केनरा बैंक तथा पीएनबी बैंक के खराब प्रदर्शन की चर्चा की गई। अपर समाहर्ता के द्वारा सर्टिफिकेशन केस से संबंधित बैंकों को निर्देश दिया गया कि केस करके बाद में यदि एड्रेस चेंज होता है या रिकवरी हो जाती है तो इसकी जानकारी केयरटेकर ऑफिस को दें जिससे बैंक रजिस्टर 9 एवं 10 का मिलान हो सके।

### श्याम बाबा शोभा यात्रा का हुआ नगर भ्रमण

**चास ।** हैल्पिंग हैंडस चास बोकारो बोकारो ईकाई द्वारा आज श्याम बाबा शोभा यात्रा नगर भ्रमण के दौरान बाईपास रोड मे हैल्पिंग हैंडस के संस्थापक गोपाल मुरारका की अध्यक्षता में नगर भ्रमण मे शामिल सभी श्रदालुओं के लिए शुद्ध जल ठंडा एवं शर्बत की व्यवस्था की गई एवं वितरण की गई ' मौके पर गोपाल मुरारका ने कहा की नगर भ्रमण के दौरान जहाँ जहाँ से श्याम बाबा की प्रतिमा नगर भ्रमण करेगी वहाँ वहां का वातावरण शुद्ध हो जाता है 'ईस नगर भ्रमण मे शामिल मात्र से सारे दुख का नाश हो जाता है 'मौके पर सचिव चन्दरपाँल चन्दानी रंजीत कुमार बाबुलाल प्रवक्ता संजय सोनी पप्पु चौधरी गौरव मुरारका सौरव मुरारका आदी मौजूद थे।

### स्थाई व अस्थाई कर्मियो का नही होगा शोषणः ददई

**बोकारो सिटी ।** बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन का एकदिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज सिटी पार्क बोकारो में सम्पन्न हुआ मंच का संचालन राम कुमार मिश्रा एवं धनंजय फौलाद ने किया। इस कार्यक्रम में यूनियन के महामंत्री चन्द्रशेखर दुबेददई दुबे ने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट के स्थाई एवं अस्थाई कर्मचारियों का अब नहीं होगा शोषण इसके लिए क्रम वध आंदोलन की शुरूआत हो चुकी है प्रबंधन को सचेत हो जाना चाहिए। इंटक नेता ललन चौबे ने केंद्र सरकार के मजदूर विरोधी नीतियों की जम कर आलोचना किया। इंटक बोकारो जिला अध्यक्ष असंगठित क्षेत्र के अध्यक्ष रघुनाथ महतो ने कहा कि अब मजदूरों का शोषण बर्दाश्त करने लायक नहीं है जल्द ही आने वाले समय में प्लांट के अंदर हो या बाहर हो सभी जगह पर मजदूरों को एकत्रित करके उनके समस्याओं से अवगत होकर जोरदार आंदोलन करने की रणनीति तैयार करेंगे। प्रबंधन और ठेकेदार जो मनमानी तरीके से मजदूरों का शोषण कर रहे हैं उसे निजात दिलाया जाएगा ठेका। मजदूरों का जो न्यूनतम मजदूरी मिलनी चाहिए उस पर कहीं कटौती नहीं करने दिया जाएगा। मजदूर अपने अधिकार की रक्षा करने के लिए आगे आए ताकि आपको अधिकार मिल सके। इसके लिए सभी कोई संकल्प के साथ आगे बढ़े, और मैं प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहना चाहता हूं की मजदूरों का जो भी वाजिफ है उस पर विचार करें अन्यथा परिणाम भुगतने को तैयार रहे। सम्मेलन में प्रबंधन की ओर से मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधनहरिमोहन झा, महाप्रबंधक मानव संसाधनप्रभारी बी एम बख्शी,महाप्रबंधक मानव संसाधन सुशांत शिशिर,,शहाबुद्दीन,नगर सेवा के महाप्रबंधक ए के सिंह ,जितेंद्र कुमार कोक ओवन के महाप्रबंधक पूर्ति एवं यूनियन के तरफ से अध्यक्ष श्री कमल रंजन दुबे, प्रभारी महामंत्री श्री दीनानाथ पाण्डेय उपाध्यक्ष जगदीश पाण्डेय, आर सी एम एस के इस्राफील अंसारी,रघुनाथ महतो, अजय चौबे,मोहन दुबे ,सरफराज चिस्ती, संयुक्त महामंत्री गोपाल ठाकुर, सहायक संयुक्त महामंत्री मिराजुद्दीन अंसारी, सचिव संतोष राय, आदि उपस्थित थे।

### चंद्रवंशी समाज का आयोजित हुआ होली मिलन समारोह

**बोकारो ।** चंद्रवंशी समाज का होली मिलन समारोह बोकारो चंद्रवंशी विकास परिषद द्वारा अधिवक्ता अतुल कुमार रवानी की अध्यक्षता में अग्रसेन भवन में हर्षोल्लास से मनाया गया । समारोह में समाज के सर्वांगीण विकास पर चिंतन किया गया, जहाँ सरकारी प्राधिकरण के जरिए समाज के कम्यूनिटी हॉल के निर्माण के जमीन की व्यवस्था करने पर विचार किया गया साथ ही सी न टी ऐक्ट.के नियमों की बाध्यता से इस समाज को राहत देने की मांग पर चर्चा किया गया. मौके पर उपाध्यक्ष बबलू चंद्रवंशी ,कोषाध्यक्ष चुन्नु चंद्रवंशी, महासचिव लीला देवी, सह सचिव विनोद कुमार सिंह, संगठन मंत्री मोहन चंद्रवंशी, सुरेश प्रसाद,मौजूद थे।

# पलामू में सड़क दुर्घटना में तीन की मौत तीन घायल



दबंग हिन्द,संवाददाता

**पलामू।** जिले के छतरपुर और हरिहरगंज में दो सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। तीन जख्मी हैं। सभी को इलाज के लिए भर्ती किया गया है। हरिहरगंज में दो, जबकि छतरपुर में एक युवक की मौत हुई।

पहली घटना शनिवार रात छतरपुर थाना क्षेत्र के छतरपुर-जपला रोड में अरुण आवासीय विद्यालय के समीप दो मोटरसाइकिल की आमने सामने टक्कर हो गई, जिसमें एक युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। तीन युवक बुरी तरह से जख्मी हो गए। छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के बाद तीनों को मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृत युवक और घायल युवक की पहचान नहीं हो सकी है।

दूसरी घटना एनएच 139 हरिहरगंज थाना क्षेत्र के अररुआ खुर्द कॉलेज मोड़ पर रविवार तड़के डेढ़ बजे हुई। ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की जान चली गयी। दोनों की मौके पर ही मौत हुई। शव के सड़क पर पड़े रहने के कारण 15 मिनट तक हाइवे जाम भी रहा। धक्का मारने के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। हालांकि उसका नंबर प्लेट घटनास्थल पर ही गिरा पड़ा मिला। मृतकों की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिला के मदनपुर थाना क्षेत्र के शिवगंज के रविकांत कुमार (26) एवं दूसरा गया जिले के खिजरसराय थाना क्षेत्र के चिरैली के सुनील कुमार (20) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रविकांत एवं सुनील एक ही मोटर साइकिल (बीआर 26ए ए6422) से छतरपुर की ओर से आ रहे थे। दोनों को हरिहरगंज स्थित मुकेश गुप्ता के किराए के मकान में जाना था। दोनों जैसे ही बाइक से अरुआ खुर्द कॉलेज मोड़ के पास पहुंचे कि विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक (यूपी 44 बीटी 0295) से जोरदार टक्कर हो गयी। उक्त दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, एसआइ सतीश कुमार गुप्ता, रंजीत कुमार सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को घटनास्थल से उठवाया। बाइक को जब्त किया। पोस्टमार्टम के लिए शव हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भेज दिया गया है। दोनों युवक दो साल से हरिहरगंज में रह रहे थे। घटना की सूचना मिलने पर रविकांत के पिता हरिहरगंज पहुंचे और धक्का मार कर भागने वाले ट्रक चालक पर एफआइआर दर्ज करायी है। उल्लेखनीय है कि पलामू जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान 5 युवकों की मौत हो गई।

## शहर थाना प्रभारी ने अवैध शराब के खिलाफ चलाया छापामारी अभियान



दबंग हिन्द,संवाददाता

**मेदिनीनगर।** होली पर्व को लेकर पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार और टिओपी 2 प्रभारी अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में रविवार को अवैध शराब के खिलाफ शहर के विभिन्न जगहों पर छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के दौरान शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने शहर में जहां जहा शराब बेचने की सूचना मिली वह वहां पर पहुंचकर लोगों को समझाया और कहा की अवैध शराब का धंधा करना गैरकानूनी है। यदि लोग अवैध शराब बेचते हुए पकड़े जाते हैं तो कानूनी प्रक्रिया के तहत उन्हें जेल भेजा जाएगा। उन्होंने कहा की इस बार होली शुक्रवार को मनाई जाएगी। वहीं रमजान का महीना चलने से शुक्रवार को जुम्मे की नमाज भी अदा की जाएगी। इस दिन शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि होली के त्योहार में हुड़दंग करने वालों से पुलिस सख्ती से निबटेगी। साथ ही शराब पीकर दूसरों को परेशान करने के साथ डीजे बजाने व अश्लील गाने बजाने वालों पर भी पुलिस की नजर रहेगी। छापामारी अभियान में टाइगर मोबाइल के जवान राजेश चंद्रवंशी, मुकेश सिंह, नंदलाल पटेल, सूर्यनाथ सिंह, मिथिलेश कुमार सहित अन्य पुलिस के जवान मौजूद थे।

## ब्राह्मण समाज ने होली मिलन समारोह में उड़ाए अबीर-गुलाल

**गिद्धौर(चतरा)।** कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के लोगों ने रविवार को गिद्धौर प्रखंड में रंग अबीर गुलाल के साथ जोगीरा सा रा रा करते हुए होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित बटेश्वर शिव मंदिर प्रांगण में भव्य तरीके से संपन्न किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला सचिव राजन पांडेय, जिला उपाध्यक्ष अजय पांडेय, जिला संरक्षक कृष्ण देव पांडेय एवं प्रदीप पांडेय उपस्थित हुए। ब्राह्मण समाज के इस प्रखंड स्तरीय होली मिलन समारोह में प्रखंड के आसपास के भी ब्राह्मण समाज के लोग सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्राह्मण समाज के प्रखंड अध्यक्ष संजय पांडेय व संचालन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य यदुनंदन पांडेय ने किया। इस अवसर पर श्रीकांत पांडेय, महावीर पांडेय, अवध पांडेय, कामदेव पांडेय, प्रमोद पांडेय, मुनी पांडेय, लखन पांडेय एवं दर्जनों ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित थे।

## रांची रोड बन रहा व्यवसायिक हब : दीपक तिवारी



दबंग हिन्द,संवाददाता

**पलामू।** रांची रोड रेडमा ठाकुरबाड़ी मंदिर के सामने आज अम्बे इंटरप्राइजेज का भव्य उद्घाटन हुआ। इस प्रतिष्ठान का विधिवत उद्घाटन झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता दीपक तिवारी एवं संस्थान के प्रोपराइटर विनायक दुबे ने संयुक्त रूप से किया। इस शुभ अवसर पर दीपक तिवारी ने कहा कि रांची रोड व्यवसायिक हब बन रहा है। रेडमा चौक से लेकर चियांकी तक यह रोड व्यवसायिक द्रिष्टिकोण से प्रतिदिन विकास कर रहा है। यहां बड़ी कंपनियों के स्टॉर खुले हैं। साथ ही आमलोग अपने स्टॉट अप से नया एहसास करा रहे हैं। उद्यमी व्यवसायिक प्रतिष्ठान खोलकर अपनी जीविकोपार्जन कर रहे हैं और अपने जीवन में आर्थिक समृद्धि ला रहे हैं। अम्बे इंटरप्राइजेज जैसे संस्थान खुलने से न केवल रांची रोड वासियों को फायदा होगा, बल्कि पलामूवासी जो मेदिनीनगर शहर में बाजार करने आते हैं उन्हें लाभ मिलेगा। लोग यहां किफायती कीमतों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की थोक एवं खुदरा खरीद कर सकेंगे। प्रोपराइटर विनायक दुबे ने बताया कि इसमें CELLECOR कंपनी का टीवी फ्रिज वाशिंग मशीन अन्य से भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उपलब्ध रहेगा। उद्घाटन के मौके पर मुख्य रूप से संतोष तिवारी, राकेश दुबे, मणिधर दुबे, लव पांडेय, परमानंद उपाध्याय, मनीष, चंद्रशेखर तिवारी, सिद्धेश्वर गिरी, दिलीप पांडेय, सुजीत कुमार, लव पांडेय कुश पांडेय एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। उद्घाटन के शुभ मुहुर्त में कई लोगों ने इलेक्ट्रॉनिक सामग्री की खरीद की।

## दो राज्यों के तीन विद्यालयों के बच्चों को पढाया पर्यावरण धर्म का पाठ

महिला शक्ति की जागरूकता से ही कम होगा प्रदूषण का आतंक : डॉ कौशल



दबंग हिन्द,संवाददाता

**मेदिनीनगर।** गढ़वा जिले के रमकंडा प्रखंड में अनुसूचित जाति बालिका आवासीय उच्च विद्यालय और अनुसूचित जाति आवासीय मध्य विद्यालय के अलावे छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के राजपुर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व बनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने कन्या पूजन के उपरांत पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं वृक्षों पर रक्षाबंधन कर पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए नारी शक्ति को नमन कर कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में शामिल स्कूली छात्र छात्राओं को पर्यावरण धर्म के सम्बंध में कई रोचक जानकारियां देकर उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निबटने के लिए शहर में आकाश बाग और गांवों में किसानों को वृक्ष खेती करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि किसानों को वृक्ष खेती करने से ही आकाल, सुखाड़ से राहत तो मिलेगी ही उनकी आमदनी भी बढ़ेगी। जिससे आत्मनिर्भरता के साथ उनकी आर्थिक स्थितियों में भी सुधार होगा। डॉ कौशल ने प्रदूषण की विभीषिका से बचने के लिए परमाणु ऊर्जा को बंद करने व दैनिक जीवन मे भौतिक संसाधनों का उपयोग कम करने की सलाह दी। कार्यक्रम में हेडमास्टर गुणेश्वर पासवान, योगेश्वर राम व वार्डेन उर्मिला मिंज ने कहा कि पर्यावरणविद डॉ कौशल के द्वारा इसके पहले इस विद्यालय में लगाए गए पौधे आज पेड़ बनकर फल-फूल दे रहा है। इस अवसर पर शिक्षक आशा भारती, सुमित्रा मिंज, परवीना भगत, अमर शीला, पूर्णिमा यादव, विमला कुमारी, मनोज ठाकुर, शिमला कुमारी, प्रज्ञा वेद अलंकार, अपूर्व रंजन, गोपाल सिंह, वीरेंद्र पासवान आदि लोग शामिल थे।

## विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया



दबंग हिन्द,संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के कचहरी परिसर स्थित पेंशनर भवन में रविवार को लोक विचार मंच के तत्वाधान में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया देश में बढ़ती बेरोजगारी से कैसे निजात पाई जाए इस पर चर्चा की गई। सैकड़ों की संख्या में बुद्धिजीवी लोग उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित शैलेश चंद्रवंशी ने अपने विचारों को रखते हुवे कहा की भारत देश एक अर्ध्य सामंती, अर्ध्य औपनिवेशिक राष्ट्र है, देश में एक संपूर्ण क्रान्ति की जरूरत है, जो आम लोगों को करना होगा, जब कुछ दिनों पहले सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड न्यायधीश, (जज) प्रेस कांफ्रेंस करके यह कहने पर मजबूर हो गये की देश को अब आम जनता ही बचा सकती है। कोई पार्टी और दल से यह उम्मीद करना की देश को फलाँ पार्टी/ दल से देश और जनता का कल्याण होगा, तो यह बेईमानी होगा। देश दो भागों में बंट चुका है एक बड़े कम्पनीयों दलाल, लुटेरों का साइनिंग इंडिया, और दूसरी तरफ गरीब और फटेहाल भरत, शिक्षित बेरोजगारी की संख्या में देश की विस्फोटक स्थिति है, एक संगठित संघर्ष की जरूरत है।

## होली के दौरान पुलिस रहेगी मुसतैद, उपद्रवियों व हुडदंगियों पर रहेगी विशेष नजर



दबंग हिन्द,संवाददाता

**सिमारिया (चतरा)।** होली त्यौहार को लेकर रविवार को सिमरिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद एवं संचालन थाना प्रभारी मानव मयंक ने किया। इस दौरान सभी से शांति और भाईचारे के साथ होली त्यौहार मनाने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं दें। त्यौहार में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहेगी साथ ही उपद्रवियों, हुडदंगियों, असामाजिक तत्वों व अफवाह फैलाने वालों पर तथा सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कड़ी नजर रखी जायेगी। थाना प्रभारी ने कहा की यदि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखे या कहीं उपद्रव अशांति होने की संभावना हो तो पुलिस-प्रशासन को सूचना दें। उपस्थित लोगों ने सुझाव दिया की होली के दिन शराब बंद होनी चाहिए, क्योंकि शराब के नशे में गलत कदम ना उठ जाए। इसलिए शराब दुकान और शराब पीने पर पाबंदी होनी चाहिए। मौके पर उपस्थित लोगों ने आपस में अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। मौके पर प्रमुख सोहन साहु, मुखिया शकुंतला देवी, नितेश कुमार, मो. ऐनुल हक सहित दोनो समुदाय के कई लोग उपस्थित थे।

## मध्यस्था शिविर में कई मामलों में हुआ सुलह-समझौता



दबंग हिन्द,संवाददाता

**कुंदा(चतरा)।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के निदेर्शानुसार रविवार को कुंदा थाना परिसर में विधिक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पति-पत्नी विवाद मामले समेत कई अन्य मामले में सुलह समझौता कर मध्यस्था की गई। मध्यस्थता में अधिकतर मित्र अजित कुमार ने अहम योगदान दिया। वही आगे अधिकार मित्र ने इस आयोजन के मुख्य उद्देश्यों से अवगत कराते हुए लोगों को बताया कि विधिक जानकारी प्रदान करना और उन्हें मध्यस्था के माध्यम से आपसी विवादों का समाधान करने में मदद करना है। वहीं आगे उन्होंने कहा कि नालसा द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 15100 पर कॉल कर या अधिकार मित्र से संपर्क कर कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वही अधिकार मित्र प्रवीण कुमार व किरण कुमारी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मध्यस्था शिविर में एसआई नागेश्वर पंडित, मुंगेश्वर चौधरी समेत अन्य उपस्थित थे।

# बेरोजगारों के प्रति उदासीन है सरकारें- श्याम नारायण सिंह




दबंग हिन्द,संवाददाता

**पलामू।** आज लोक विचार मंच के तत्वावधान में एक दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन स्थानीय कचहरी परिसर पेंशन भवन में किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता नन्द किशोर पाठक ने तथा संचालन भृगुनाथ चौधरी ने किया मौके पर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी शिक्षा विभाग के स्टेट चेयरमैन श्याम नारायण सिंह ने कहा की आज देश भंयकर बेरोजगारी के दौर से गुजर रहा है देश और प्रदेश की सरकारें इस बात को लेकर थोड़ी सी भी चिंतित दिखाई नहीं दे रही देश स्तर पर लगभग 15 लाख सृजित पद खाली हैं लेकिन भारत सरकार ने इसपर नियुक्ति करना जरूरी नहीं समझती है देश में लाखों डिग्री धारक सड़कों पर बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं हमें इस विषय पर आवाज उठाने की जरूरत है।

कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अलख निरंजन चौबे ने कहा किसरकारों का ध्यान रोजगार पर है हीं नहीं सरकार में बैठे लोग सत्ता में बने रहने के लिए पूरे वर्ष धन उपार्जन और चुनाव के वक्त धन के बल पर सरकार बनाने की कोशिश में लगी रहती है। वरिष्ठ नेता के.डी से ने कहा कि आज भारत सरकार बेरोजगारी, महंगाई, जैसे मुद्दों को छोड़कर केवल धार्मिक भावनाओं को भड़काने लगी हुई है हमें देश में संविधान संवत काम करते हुए बेरोजगारों के रोजगार दिलाने के लिए प्रयत्न करने की जरूरत है।

बैठक में वरिष्ठ नेता के.डी सिंह, पलामू 20 सूत्री उपलब्ध बिमला कुमारी, लोक विचार मंच की गढ़वा जिला अध्यक्ष कुमारी दीपमाला, प्रेम कुमार, गणेश रवी, कृष्णा सिंह, सुरेश सिंह, उमर अंसारी, झुबल राम, कूलदिप सिंह चेरो, कामेश्वर राम, अर्जन सिंह, जंगाली महतो, अवधेश सिंह, रविन्द्र चौबे, अर्जन राम, रामनरेश तिवारी।

# शांति समिति हुई बैठक, शराब पर रहेगा बैंन, होली होगा शुद्ध




दबंग हिन्द,संवाददाता

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति की बैठक रविवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रदीप कुमार व संचालन थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने किया। शांति समिति की बैठक में मुखिया निर्मला देवी व प्रमेश्वर दांगी आदि ने जानकारी देते हुए प्रखंड में शराब पर प्रतिबंध लगाने की बात कही। अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा ने कहा कि होली के त्यौहार में दो समुदायों के बीच हुड़दंग नहीं होता है। लोग अपने में ही शराब के नशे में लड़ाई करते हैं। डीजे रात के 10 बजे के बाद नहीं बजाएं। नहीं तो करवाई की जायेगी। सोशल मीडिया से बचने, अफवाह नहीं फैलाने, हाइवा वाहन परिचालन पर रोक लगाने पर चर्चा किया गया। एसडीपीओ ने कहा कि सभी मिलकर रंगों का त्यौहार होली मनाएं। साथ ही होली के त्यौहार में सभी अभिभावक अपने बच्चों को शराब, गांजा समेत अन्य नशा नहीं करने दें। डीजे साउंड कम साउंड में बजाने की बात कही। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि होली त्यौहार के दौरान हुड़दंगियों, सोशल मीडिया आदि पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। अफवाह समेत अन्य की सूचना देने की अपील की। अंत में होली मिलनका आयोजन किया गया। बैठक में उप प्रमुख प्रीतम यादव, सहायक अवर निरीक्ष रंजय कुमार सिंह, विद्यानंद शर्मा, देवनारायण दांगी, बालेश्वर यादव, मुकेश कुमार साव, राजूलाल वर्मा, ब्रजेश सिंहा, शशिकुमार गुप्ता, चमारी दांगी, संदीप दास, कमरउद्दीन मियां, असलम मियां आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने पेड़ वितरण कर मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**कुंदा(चतरा)।** शनिवार को आईसीआईसीआई लोम्बार्ड की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं के बीच पेड़ वितरण कर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। लोम्बार्ड के जिला कोऑर्डिनेटर ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं सशक्त होंगी तभी हमारा देश भी सशक्त एवं समृद्ध होगा। इसके लिए हम सभी को मिलकर काम करने की जरुरत है। आगे उन्होंने ने कहा कि हर महिला अनमोल है, समाज में महिलाओं को सशक्त होकर आगे बढ़ने की जरूरत है। वहीं कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में जानकारी दी गई और लोगों से कहा गया कि इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं। मौके पर जिला कोऑर्डिनेटर अनुज कुमार, संतु कुमार सिंह, आयुष आनंद, मनोज यादव, नित्यानंद वर्मा समेत कई महिलाए उपस्थित थीं।

### परम प्रेममय श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी का जन्मोत्सव व सत्संग का आयोजन

सत्संग आश्रम देवघर के सह सचिव समेत बिहार-झारखंड के विभिन्न जिलों के ऋत्विक हुए शामिल, निकली गई भव्य शोभायात्रा एवं विशाल भंडारे का आयोजन



**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित राजा गढ़ मैदान में रविवार को परम प्रेममय श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी का शुभ 137 वां जन्म महोत्सव एवं सत्संग का आयोजन धुमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रमोद पाण्डेय ने वेद मांगलिक से किया। उसके बाद उषा कीर्तन (प्रभातफेरी), प्रातःकालीन प्रार्थना, अल्पाहार उसके बाद नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें हंसनुमा रथ पर श्री श्री ठाकुर को सजाकर हजारो भक्त गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण किया। दोपहर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें लगभग पांच हजार भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। उसके उपरांत धर्म सभा आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता शिवनंदन सिंह तथा संचालन डॉ. मनीष कुमार श्रीवास्तव ने किया। धर्म सभा को मुख्य रूप से सत्संग आश्रम देवघर के सहसचिव शिवानंद प्रसाद, पलामू के सह प्रति ऋत्विक अनिल सिंह, हजारीबाग के सह प्रति ऋत्विक केपी यादव, विनोद गुप्ता, चतरा के सह प्रति ऋत्विक शिवनन्दन सिंह, सोना यादव, प्रतापपुर के शिवनन्दन सिंह आदि ने संबोधित किया। पूरे दिन वातावरण को संगीतमय बनाने में हजारीबाग से कृति प्रभो, धीरज गुप्ता, सुमित दा, पोखन दा, चतरा से मनीष कुमार श्रीवास्तव, रवि भूषण सिंहा, कौशल दांगी, पूरन यादव, राजेश दुबे तथा स्थानीय भजन गायक चंदन, नरेश, रवि नवीन, देवेन्द्र आदि महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शाम में मातृ सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें सुशीला मां, ललिता मां, पिंकी मां, उषा मां आदि ने आदर्श परिवार के निर्माण में माताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन संध्याकालीन प्रार्थना के साथ किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सह प्रति ऋत्विक संजय कुमार, शिवनंदन सिंह, सुरेश प्रसाद, अजय राज, दुर्गा शर्मा, केशरीकांत, अशोक सिंह, बीरेंद्र प्रसाद, सोहन राम, मिथिलेश कुमार सोनु, संतोष कुमार, योगेन्द्र कुमार, राजेन्द्र सिंह, विनोद ठाकुर, कपिल राम, जगदीश यादव, अर्जुन प्रसाद, चतुरी राम, उदय सिंह, सुनील सिंह ,मोहन गुप्ता, सचिंद्र पासवान, राकेश त्यागी आदि सत्संगी वृंद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### राज्य सम्पोषित उच्च विद्यालय के प्रथम शिक्षक स्व. सहदेव नारायण सिंह की पुण्यतिथि में शामिल हुए लोग




**हंटरगंज(झारखंड)।** जिले के हंटरगंज प्रखंड स्थित राज्य सम्पोषित प्लस 2 उच्च विद्यालय प्रांगन में विद्यालय के संस्थापक स्व. सहदेव नारायण सिंह के पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल हो उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। सभा की अध्यक्षता उनके शिष्य मोहन तिवारी व संचालन बसंत नारायण सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे मंचासीन गणमान्य लोगों को माला पहना कर सम्मानित किया गया। सभा पहुंचे लोगों ने स्व. सिंह को नमन करते हुए कहा की स्व. सहदेव नारायण सिंह 1961 में पाण्डेयपुरा हाई स्कूल की नीव क्षेत्र के दस छात्रों के साथ रखी थी। सभी ने उनके अविस्मरणीय कार्य की सराहना करते हुए बताया की अगर क्षेत्र में अगर शिक्षा की ज्योत की बात की जाये तो ये उनके द्वारा ही रौशन किया गया। आगे कहा कि आज रास उच्च विद्यालय अगर प्लस 2 उच्च विद्यालय बना है इसका सरा श्रेय भी उन्ही को जाता है। कार्यक्रम के अंत में स्व. सिंह के पुत्र नरेन्द्र सिंह के द्वारा प्लस 2 उच्च विद्यालय के छात्र अमन कुमार जिसने माध्यमिक परीक्षा 2024 मे हंटरगंज प्रखंड मे प्रथम स्थान पाया था, उसे पुरस्कृत किया। श्रद्धांजलि सभा में प्रोफेसर सह प्राचार्य एचडी जैन कॉलेज आरा नरेन्द्र सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, सहेंद्र कुमार सिंह, सुनील कुमार, अनिल कुमार, मदन तिवारी, गोविंद शरण तिवारी, राजदेव सिंह, बैजनाथ सिंह, युगल प्रसाद (सेवनिवृत शिक्षक), पवन माथुर (शिक्षक), प्रमोद सिंह(शिक्षक), रामप्रसाद यादव(सेवानिवृत शिक्षक), रघुनन्दन यादव, विनोद तिवारी, सच्चिदानंद तिवारी, कपिल प्रसाद(सेवानिवृत शिक्षक), कृष्ण मुरारी प्रसाद सिंहा, प्रवीण कुमार प्रजापति(शिक्षक), कुणाल किशोर सिंह(शिक्षक), मवि पाण्डेयपुरा के प्रभारी प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सिंह, प्लस 2 उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जयंत कुमार आदि शामिल थे।

### नाबालिग लड़की भगाने के आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**टंडवा (चतरा)।** शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को भगाकर ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने टंडवा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार टंडवा थाने में उक्त मामले को लेकर दर्ज कांड संख्या 38/2025 के आलोक में गिरफ्तारी हुई। परिजनों के शिकायत पर स्थानीय थाना में 4 मार्च 2025 को मामला दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में लगी थी।

## रांची में पहली बार टॉक टू डीसी कार्यक्रम का आयोजन

### ग्रामीणों ने उपायुक्त से की अपनी-अपनी शिकायतें



दबंग हिन्द,संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में पहली बार टॉक टू डीसी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. शनिवार को समाहरणालय में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ. विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंडों के ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से रांची उपायुक्त मंजुनाथ भज्यंत्री समेत अन्य अधिकारियों को अवगत कराया. इस दौरान ग्रामीणों ने राशन, पानी, बिजली, सड़क, पेंशन समेत कई समस्याओं के बारे में बताया. जिन पर उपायुक्त ने त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

**ग्रामीणों ने उपायुक्त से की शिकायतः** लापुंग प्रखंड के दानेकेरा पंचायत के महेंद्र महतो ने दो महीने से पेंशन नहीं मिलने की शियाकत की. बुढ़मू के सारले पंचायत से आशीष बेसरा ने जल जीवन मिशन के तहत लगे पाइपलाइन के टूटने की से जलापूर्ति में हो रही समस्या को बताया. वहीं, तमाड़ के ओझासाड़म पंचायत की मायावती कुमारी ने बताया कि, एक महिला उन्हें जल जीवन मिशन के तहत लगे नल से पानी लेने पर रोकटोक कर रही है और पानी लेने नहीं दें रही है. उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री ने सभी शिकायतों को सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# रांची में स्मार्ट मीटर का बिजली उपभोक्ताओं को करंट, 14 दिनों में भेज दिया लाखों का बिजली बिल

दबंग हिन्द,संवाददाता

**रांची।** रांची-राजधानी रांची में स्मार्ट बिजली मीटर उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबब बन गया है. कई उपभोक्ताओं को कई महीने बीत जाने के बाद भी नया बिजली बिल नहीं भेजा जा रहा है. बिजली बिल वितरण में निगम की भारी लापरवाही सामने आयी है. कोकर निवासी एक उपभोक्ता को तो लगभग साढ़े चार लाख रुपए का बिल थमा दिया गया है. एसडीओ ने जांच कर त्रुटि मिलने पर बिलों को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया है।

**14 दिनों का बिजली बिल साढ़े चार लाख से अधिकः** बिजली निगम ने एक घरेलू उपभोक्ता जिनका कंज्यूमर नंबर ए12121194 , जिनका बिल नंबर 250111221936207 को महज 14 दिन का बिजली बिल 4,59,099 रुपए भेजा गया है. खास बात यह है कि पिछले महीने उपभोक्ता के बिजली बिल में यूनिट 713 खपत दिखायी गयी है. यह ताजा बिल जेनरेट किया गया है, जो किसी भी घरेलू उपभोक्ता के लिए खर्च करना असंभव है. घरेलू उपभोक्ता के लिए इतनी बड़ी राशि का बिल आना संभव नहीं है. महिला उपभोक्ता कोकर डिवीजन के तहत आरएमसीएच सब डिवीजन की कंज्यूमर है. इन्हें एनर्जी चार्जेज के तौर पर 4,44,279.32 लाख रुपए चार्ज किया गया है।



**बिजली निगम की कार्यप्रणाली पर उठे सवालः** इस मामले में महिला उपभोक्ता ने बिजली निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाये हैं और मांग की है कि ऐसी लापरवाही पर तुरंत कार्रवाई की जाये. वहीं, शुक्रवार को भी बिल न जेनरेट होने की शिकायत को लेकर विद्युत कार्यालय में पहुंचकर कई उपभोक्ताओं ने बताया कि पहले उनका विद्युत बिल हर महीने आता था, लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनका बिल नहीं आ रहा है, जबकि सेंट्रल डिवीजन के एक उपभोक्ता ने बताया कि उनका जहां पहले करीब आठ सौ रुपये महीने का बिल आता था, इस महीने सात हजार रुपए का बिल एक साथ आया है।

## एक नजर

### विधायक रोशन लाल चौधरी ने मतकमा बस्ती से देवरिया चारी टुंगरी तक बनने वाले पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) फंड से बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पतरातु प्रखंड के देवरिया पंचायत में रविवार को पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इसका शिलान्यास बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी विधिवत पूजा-अर्चना और शीलापट्ट का अनावरण कर किया। बताया गया कि मतकमा बस्ती से देवरिया चारी टुंगरी तक 1.5 किलोमीटर लंबी पीसीसी (प्लेन सीमेंट कंक्रीट) सड़क का निर्माण किया जायेगा। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि सड़का विकास का पैमाना होता है। सड़क के निर्माण से स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी। साथ ही क्षेत्र के विकास में यह महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। मौके पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, राजेश मंडल, देवरिया मुखिया विकास नाक, दिलीप महतो, सत्येंद्र कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

### आपसी भाईचारगी के साथ मनाये होली और रमजान : मनोज चौरसिया



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रंगों का त्योहार होली पर्व और जुम्मा की नमाज को लेकर भुरकुंडा ओपी में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से पतरातू एसडीओपी पवन कुमार, सीओ मनोज कुमार चौरसिया और भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता उपस्थित थे। मौके पर पतरातू सीओ मनोज चौरसिया ने लोगो से कहा कि होली पर्व और रमजान की जुम्मा की नमाज एक दिन शुक्रवार को ही है। दोनो समुदाय के लोग से पर्व को आपसी भाईचारगी के साथ मनाने की बात कही। उन्होने कहा कि दोनो समुदाय के लोग ऐसा कोई काम न करें जिससे समाज में तनाव का माहौल उत्पन्न हो। सीओ श्री चौरसिया ने लोगो से आग्रह किया कि सोशल मीडिया के माध्यम से लोग अफवाह फैलाकर समाज में भ्रामकता फैलाने का काम न करें। एसडीओपी पवन कुमार ने कहा कि सभी पर्व-त्योहार आपसी भाईचारगी और प्रेम का संदेश है। उन्होंने पर्व को आपसी भाईचारगी और शांतिपुर्ण माहौल में मनाने की अपील की। ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता ने कहा कि होली में हुडदंग मचाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। हुड़दंगियों पर पुलिस कड़ी कानूनी कारवाई करेगी। उन्होंने कहा कि होली और जुम्मा की नमाज के दिन पुलिस विधि-व्यवस्था को लेकर पुरी तरह मुस्तैद रहेगी। बैठक में दोनो समुदाय के लोगों ने विधि-व्यवस्था को लेकर कई सुझाव भी दिए। मौके पर एसआई अविनाश कुमार, दिनेश्वर मेहता, दीनानाथ केसरी, मुंशी प्रेमचंद यादव, मुखिया अजय पासवान, उपेन्द्र शर्मा, डब्लू पांडेय, गुडिया देवी, तिलेश्वर साव, संजय मिश्रा, संजय वर्मा, कुलदीप मेहता, लक्खी राणा, संजय यादव, मो नईम खान. इरफान अंसारी, जीबु सिंह, अवतार सिंह मो. अलिमाम, आजाद भुंइया, इकबाल हुसैन, मो मुस्तकीम अंसारी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### पहली बार रांची आ रहे हैं जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी, हरमू में होगा प्रवचन का आयोजन



**रांची ।** राजधानी में रह रहे जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज के श्रद्धालुओं के लिए बड़ी खुशखबरी. दरअसल द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज पहली बार रांची आ रहे हैं. हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में 20 मार्च 2025 को नागरिक अभिनंदन और प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है. शंकराचार्य अभिनंदन कमेटी का गठन उद्योगपति विनय सरावगी के नेतृत्व में किया गया है।

**गांव-गांव में धर्म संचार सभा कर रहे है महाराजः** महाराज 15 मार्च तक विश्व कल्याण आश्रम मनोहरपुर चक्रधरपुर में रहेंगे. शंकराचार्य स्वामी धर्म संचार यात्रा के तहत गांव-गांव में धर्म संचार सभा कर रहे हैं. इसी क्रम में महाराज राजधानी रांची के हरमू में प्रवचन देंगे. कमेटी में मुख्य संयोजक विनय सरावगी, संयोजक मंडल में बसंत मित्तल, रवि शंकर शर्मा, ललित कुमार पोद्दार, सुरेश चंद्र अग्रवाल, विनोद कुमार जैन, अशोक पुरोहित, शिव शंकर माय मनोज बजाज, राजकुमार मारू, पवन शर्मा समेत अन्य लोग होंगे।

**जानिए कौन है जगतगुरु शंकराचार्य स्वामीः** द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का जन्म मध्य प्रदेश के गोटेगांव के पास बरगी गांव में सन 1958 में हुआ था. वे परिवार में सबसे छोटे थे और बचपन में उनका नाम रमेश अवस्थी था. उनके पिता पं. विद्याधर अवस्थी एक प्रसिद्ध वैद्य और किसान थे. उनकी माता मानकुंवरबाई एक गृहिणी थीं. आठवीं कक्षा में उनका एक सहपाठी के साथ छोटा-सा झगड़ा हो गया था. इस झगड़े के बाद घर में डांट और मार खाने के दर से वे साइकिल से सीधे परमहंसी गंगा आश्रम पहुंच गए. जहां वह स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज की शरण में आ गए और फिर उन्होंने अपनी स्कूली पढ़ाई छोड़ दी. जिसके बाद आश्रम में शिक्षा प्राप्त कर वह शंकराचार्य बन गए. 1970 में उन्होंने संस्कृत अध्ययन शुरू किया. धार्मिक शिक्षा के लिए स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने उन्हें बनारस भेजा. जहां उन्होंने करीब 8 साल तक वेद, पुराण और अन्य धर्मग्रंथों का अध्ययन किया. वर्ष 1990 में गुरु के आदेश पर वह द्वारका पहुंच गए।

### लक्ष्य फिजिकल अकादमी गुमला द्वारा धूमधाम से महिला दिवस मनाया गया



**गुमला।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लक्ष्य फिजिकल अकैडमी गुमला द्वारा महिला दिवस मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी संतोष झा ने कहा कि महिलाएं सेवा शक्ति संस्कार संगठन करुणा प्रेम माधुर्य जीवन ज्ञान, निर्माण और ईश्वरीय न्याय हैं। महिलाएं ही प्रकृति हैं जितना लेती हैं हमेशा वृद्धि के साथ पुनः प्रकृति को वापस कर देती हैं। महिलाएं जननी, बहन, पत्नी आदि कई रिश्तों के साथ सामाजिक संरचना है जहां पारिवारिक अस्तित्व से मानव सभ्यता जीवंत है आप ही दुर्गा, काली, सरस्वती, बुद्ध जननी महामाया है अतःलक्ष्य ध्यान में रखकर नैतिकता के साथ माता पिता के उम्मीदों पूर्ण करें मौके पर एकेडमी के निदेशक शिक्षक एवं सैकड़ों की संख्या में मौजूद थी।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने साप्ताहिक हाट में 150 गरीबों को कराया भोजन



दबंग हिन्द,संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले लगभग 150 गरीबों को भोजन कराया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूष और बच्चों के बीच पुरी-सब्जी का वितरण करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। वहीं गोल्ड मेडलिस्ट तमन्ना वर्मा ने मंच के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। ऐसे कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, दिलीप गंझू, विजय राम, उदयभान दुबे, अशोक झा, रेणुका दास, मुस्कान परवीन, लखन राम, डॉ. जयश्री मेहता, मो. शाहिद, डॉ. केसी दास, कन्हैया कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

# बोर्ड परीक्षा के दिन 8वीं के बच्चों को मिलेगा मध्याह्न भोजन



दबंग हिन्द,संवाददाता

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से आयोजित 8वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा 10 मार्च को है. 8वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी. इसके मद्देनजर राज्य में परीक्षा के दिन भी बच्चों को मध्याह्न भोजन देने का निर्देश दिया गया है. झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण के निदेशक शशि रंजन ने इस संबंध में सभी जिला अधीक्षक को पत्र लिखा है।

**परीक्षा केंद्र पर मध्यान्ह भोजन देने का निर्देशः** जिला अधीक्षक को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि 10 मार्च को आठवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा होनी है. परीक्षा के बाद सभी बच्चों को संबंधित परीक्षा केंद्र पर मध्याह्न भोजन दिया जाएगा. उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र होने की स्थिति में बच्चों को निकटतम मध्य विद्यालय में मध्याह्न भोजन देने का निर्देश दिया गया है।

**दो पालियों में संपन्न होगी परीक्षाः** 8वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा कल 10 मार्च को दो पालियों में संपन्न होगी. पहली पाली में हिंदी, अंग्रेजी और एक अतिरिक्त भाषा की परीक्षा होगी. वहीं, दूसरी पाली में गणित, विज्ञानं, और सामाजिक विज्ञानं की परीक्षा होगी. पहली पाली सुबह 10:45 से दोपहर 1 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक होगी. परीक्षा ओएमआर शीट पर ली जाएगी. जिनमें ऑब्जेक्टिव सवाल पूछे जाएंगे. मालूम हो ये परीक्षा पहले 28 जनवरी को निर्धारित थी, लेकिन जैक अध्यक्ष नहीं होने के कारण परीक्षा स्थगित कर दी गई थी।

## सरहुल पूजा सह सरहुल मिलन समारोह को ले गेगदा में आदिवासी समाज की हुई बैठक



दबंग हिन्द,संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सरहुल पूजा सह मिलन समारोह को लेकर गेगदा स्कुल प्रांगण में रविवार को आदिवासी समाज की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता समाज के प्रदेश महासचिव सह कुरसे मुखिया संदीप उरांव और संचालन आदित्य केरकेटा ने किया। बैठक में प्रकृति पर्व सरहुल पूजा और सम्मलेन की तैयारी पर चर्चा किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से हुआ कि ग्राम गेगदा सरहुल टोंगरी में आगामी 1 अप्रैल को सरहुल पूजा सह सरहुल मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया जायेगा। जिसमें पूरे पतरातू प्रखंड से 30-40 गावों के आदिवासी ग्रामीण सहित आमजन झारखंडी वेशभूषा में शामिल होकर इसे ऐतिहासिक बनायेंगे। मौके पर मुखिया संदीप उरांव ने कहा कि हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी आदिवासियों के प्राकृतिक महापर्व सरहुल नए साल के रूप में पूरे धूमधाम से मनाया जायेगा। 31 मार्च को रुषा पूजा और चैत माह के त्रित्या 1 अप्रैल में सरहुल पूजा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 31 मार्च को रुषा के दिन हल, कुदाल, टांगी सहित अन्य तरह के सभी कार्य बंद रहते हैं। वहीं दूसरे दिन सरहुल पूजा कर सखुवा के पत्ते और नये तरह के फल-फूल, कटहल, मुनगा जोकि, पुटकल साग, बढ़हर अन्य प्राकृतिक फल-फूल को सरना स्थल में चढ़ाया जायेगा। इसके बाद आदिवासी समाज के लोग उसका सेवन करेंगे। उससे पहले किसी नये फल-फूल का सेवन नहीं करते हैं। मौके पर सुभाष उरांव, बिनोद उरांव, राजू करमाली, अरुण मुंडा, अजित उरांव, दिलीप उरांव, विक्की कच्छप सहित कई ग्रामीण मौजूद थें।

### होली मिलन समारोह की बैठक सर्व धर्मसद्भावना मंच ने की



**गुमला।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाने के लिए सर्व धर्म सद्भावना मंच की बैठक इंसाईन स्टूडियो सिसई रोड गुमला में की गई तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रोनीयार धर्मशाला में दिनांक 13 3 2025 दिन गुरुवार को 3:30 बजे मनाई जाएगी इस अवसर पर सर्वधर्म संभावना मंच के अध्यक्ष ऐन एमपी श्रीवास्तव, सचिव रणजीत सिंह, कोषाध्यक्ष मोहम्मद खालिद शाह, संरक्षक फादर क्रिस्टोफर लकड़ा, अकील रहमान ,सलाउद्दीन अंसारी ,चंदन मिज , जे जेरलड संजय बड़ा, अरुण कुमार केसरी ,अजय कुमार, प्रोफेसर बी ऐन पांडे, सेत कुमार ऐक्का, आदि प्रमुख लोगों उपस्थित थे।

## महिला दिवस के मौके पर महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित



दबंग हिन्द,संवाददाता

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।महिला दिवस के मौके पर प्रखंड सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य के लिए मुखिया लक्ष्मी कुमारी, आंगनवाड़ी सेविका चिंता देवी, सहायिका गीता देवी, शिक्षिका मीनू कुमारी, अनीता महतो, जेएसएलपीएस से अनीता देवी, रिंकी कुमारी, बसंती देवी, सुनीता देवी, ललिता देवी, कविता देवी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को बीडीओ अखिलेश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा विकास व सामाजिक कार्यों में तेजी से आगे बढ़ रही है आधी आबादी।विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का आभार व्यक्त किया।मौके पर अंचलाधिकारी नित्यानंद दास, चिकित्सा प्रभारी अरुण कुमार सिंह, प्रखंड प्रधान लिपिक प्रवीण कुमार बक्शी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ममता सिंह, जेएसएलपीएस से दिव्या सिंह समेत सैकड़ों महिला मौजूद थी।

# मुमताज अली ने पार्टी हित में जो कहा ये कार्यकताओं का अधिकार है ,सांसद मोहिवुल्ला

दबंग हिन्द,संवाददाता



**गुमला।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव मुमताज अली ने रामपुर लोक सभा के सांसद मोहिवुल्ला नदवी साहब से मुलाकात कर उन्हें झारखंड समाजवादी पार्टी की मौजूदा हालात की जानकारी दी और संगठन की मजबूती और कार्यकताओं के मान सम्मान की बातें मुमताज अली ने सांसद मोहिवुल्ला नदवी साहब से जिक्र करते हुए कहा सांसद मोहिवुल्ला साहब ने मुमताज अली की सारी बाते गंभीरता से सुनकर उन्होंने कहा कि ,समाजवाद का पैगाम गांव और गरीबों तक पहुंचाना ही कार्यकताओं का जवाबदेही होनी चाहिए सांसद ने कहा कि डॉक्टर लोहिया जयप्रकाश राजनरायन जी के वसूलों जो स्वर्गीय नेता जी मुलायम सिंह यादव जी के ख्वाबों को घर घर तक हर लोगों तक लेकर जाएं और आम इंसानों को गले लगाए गरीबों कमजोरो बेसहारों की आवाज बने मजबूरो मजलूमों के हक और इंसाफ की आवाज बनेंगे तब समाजवाद का परचम मजबूत होगा और गांव गरीब तक हमारा मकसद पहुंचेगा मुमताज अली ने सांसद को झारखंड के जमीनी हकीकत बताते हुए कहा कि यहां की मिट्टी में समाजवाद है और यहां आदिवासी दलित पिछड़े अकलियत काफी पिछड़े हुए है उनकी माली हालत और तालीमी हालत बेहद कमजोर है सरकारी योजनाओं का फायदा इन वर्गों तक बिचौलियों के वजह से पहुंचता नहीं है हर तरफ हर मोड़ पे हर सरकारी दफ्तर में बिचौलिए बैठे हुए है हमे इस बिचौलियों को भगाना होगा और सरकारी अफसरों को यह बताना होगा कि यह सरकार पिछड़े दलित आदिवासी और कमजोरो अकलियतों गरीबों मजबूरो की है ये सरकार बड़े घरानों की और साहूकारों जमींदारों सूदखोरों महाजनों की नहीं है मुमताज अली ने सांसद मोहिवुल्ला साहब से कहा कि पार्टी संगठन की मजबूती के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी को वर्ष में दो बार झारखंड की जमी पे आना होगा ताकी कार्यकताओं में ऊर्जा का संचार हो सके और झारखंड में समाहवादी झंडा घर घर तक फहराया जा सके मुमताज अली ने कहा झारखंड में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता नेता सभी जागरूक है सभी सक्रिय है परंतु कार्यक्रम की कमी है जो आपको पूरा करना होगा मुमताज अली की सारी बाते सुनकर सांसद ने कहा कि आपकी सारी बातों को लखनऊ जाकर मै राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब अखिलेश यादव जी को बता दुगा और निश्चित राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का कार्यक्रम झारखंड में होगा मुमताज अली ने सांसद मोहिवुल्ला साहब को झारखंड प्रभारी बनाए जाने पे तीनों सांसद गन आदरणीय सांसद राजीव राय जी आदरणीय सांसद आदित्य यादव जी को मुबारक बाद दिया और भरोसा जताया कि अगले 2029 हमारी पार्टी आप तीनों सांसदों के प्रयास से एक लोक सभा 5 विधानसभा जीतने का काम करेंगे यह मेरा दवा है अंत में सांसद मोहिवुल्ला साहब ने मुमताज को कहा कि सभी कार्यकर्ता नेता आपस में मिल बैठकर आपस में प्रेम भाईचारगी से पार्टी को मजबूत करें ।

# गुमला अब क्रिकेट खेल में आगे बढ़ रहा है : सांसद

▸▸ गुमला के शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम में अंतर जिला द लीजेंड कप नाइट क्रिकेट मैच सीजन-टू का रंगारंग शुभारंभ



दबंग हिन्द,संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला खेल नगरी है. यहां फुटबॉल, हॉकी, एथलीट सहित कई खेलों में खिलाड़ी राज्य से लेकर देश तक नाम रोशन कर रहे हैं. परंतु, अब क्रिकेट खेल में भी गुमला तेजी से आगे बढ़ रहा है. उम्मीद है. आने वाले समय में गुमला के क्रिकेटर टी-20 व इंडिया टीम में अपना जलवा बिखरते नजर आयेंगे. उक्त बातें लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुखदेव भगत ने कही. वे गुमला शहर के शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम में आयोजित पांच दिवसीय अंतर जिला द लीजेंड कप नाइट क्रिकेट मैच के उदघाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे. रंगारंग कार्यक्रम के बीच प्रतियोगिता का शुभारंभ दुधिया रोशनी के बीच हुआ. सांसद सुखदेव भगत ने कहा है कि मैं मॉर्निंग क्रिकेट क्लब के तमाम पदाधिकारियों का आभार प्रकट करता हूं. जिनके प्रयास व मेहनत से गुमला में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए रात्रि क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया. जिस प्रकार तेलंगा खड़िया स्टेडियम को सजाया गया है. यह गुमला में खेल के प्रति जुनून को दशार्ता है. उन्होंने कहा कि मेरे तरफ से खेल व खिलाड़ियों को आगे ले जाने के लिए जितना संभव होगा. मैं प्रयास करूंगा. उन्होंने यह भी कहा कि गुमला में स्वास्थ्य व्यवस्था कैसे मजबूत हो. गुमला को पर्यटक क्षेत्र में कैसे पहचान मिले. गांवों तक कैसे पक्की सड़क पहुंचे. इसके लिए मैं प्रयासरत हूं. मैं गुमला के युवाओं खासकर खिलाड़ियों से अपील करता हूं. आप नशापान से दूर रहे. तभी आगे बढ़ सकते हैं. सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें. साइबर क्राइम के प्रति खुद भी और आसपड़ोस के लोगों को जागरूक करें. मंच का संचालन मॉर्निंग क्रिकेट क्लब के संस्थापक दुर्जय पासवान ने किया।

**गुमला में खेल के प्रति जुनून है : राधामोहनः** विशिष्ट अतिथि होटल सभेकर, आंगोर व अंकित बजाज शोरूम के मालिक राधामोहन साहू ने कहा है कि गुमला के युवाओं ने जिस प्रकार क्रिकेट का एक बड़ा आयोजन गुमला में किया है. निश्चित रूप से यह गुमला में खेल के प्रति जुनून दिखता है. उम्मीद है. आने वाले समय में गुमला क्रिकेट खेल में तेजी से आगे बढ़ेगा. मैं सदा खिलाड़ियों के उत्थान व प्रोत्साहन के लिए आप लोगों के साथ खड़ा हूं. आप लोग खेल में जरूर ईमानदारी व अनुशासन का परिचय दें।

**सीजन थ्री का आयोजन और बड़ा हो : दीपनारायणः** नगर परिषद गुमला के पूर्व अध्यक्ष दीपनारायण उरांव ने कहा है कि गुमला के युवा खिलाड़ियों ने मॉर्निंग क्रिकेट क्लब के माध्यम से एक बड़ा आयोजन कर सभी बड़े लोगों को आइना दिखाने का काम किया है. इस प्रकार के आयोजन से गुमला में खेल का माहौल बनता है. आने वाले समय में भी इस प्रकार का आयोजन होता रहे. उम्मीद है. क्रिकेट सीजन-थ्री जब हो तो इससे बड़ा आयोजन हो और इसमें दूसरे राज्य के खिलाड़ी भी भाग लें।

RNI NO. JHAHIN/2013/54377 मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार मिश्रा द्वारा ''मिश्रा प्रकाशन'' गौरीशंकर नगर ,नया बस्ती ,कडरू ,रांची , पिन कोड -834002 से मुद्रित एवं कार्यालय हिन्दी दैनिक ''दबंग हिन्द'', गौरी शंकर नगर, नया बस्ती, कडरू, रांची-834002 से प्रकाशित।
संपादक : अब्दुल कुद्दुस*, पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिये उत्तरदायी। फोन नं : 0651-2480574, 9905737601, E-mail : dabanghind@gmail.com

# यूक्रेन के लिए अमेरिकी समर्थन का भविष्य?



-डॉ. सत्यवान सौरभ

अलग-अलग दृष्टिकोणों ने यूक्रेन की स्थिति के बारे में यू.एस और यूरोप के बीच बढ़ते विभाजन को जन्म दिया है। कुल मिलाकर, यूक्रेन के लिए यू.एस. समर्थन का भविष्य प्रत्यक्ष सैन्य सहायता से हटकर आर्थिक और कूटनीतिक रणनीतियों की ओर बढ़ रहा है, जो वर्तमान में विदेश नीति के व्यापक पुनर्मूल्यांकन का संकेत देता है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में यूक्रेन के लिए अमेरिकी समर्थन में उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिले हैं। हाल ही में, यूक्रेन के साथ सैन्य सहायता और खुफिया जानकारी साझा करना रोक दिया गया है, क्योंकि अमेरिका कीव को रूस के साथ शांति वार्ता में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना चाहता है। इस बदलाव ने यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं के बारे में चिंताएँ पैदा कर दी हैं, विशेष रूप से यू.एस. निर्मित पैट्रियट मिसाइल प्रणालियों की उपलब्धता के बारे में, जो कीव जैसे शहरों को रूसी हमलों से बचाने के लिए महत्त्वपूर्ण रही हैं। यूरोपीय सहयोगियों के पास इन प्रणालियों का कोई प्रत्यक्ष विकल्प नहीं है, जिससे यूक्रेन जोखिम में पड़ सकता है। इस बीच, राष्ट्रपति ट्रम्प रूस पर नए प्रतिबंधों और टैरिफ पर विचार कर रहे हैं ताकि मास्को को शत्रुता समाप्त करने के लिए मजबूर किया जा सके। यह रणनीति प्रत्यक्ष सैन्य समर्थन से आर्थिक रणनीति में परिवर्तन को चिह्नित करती है। इन परिवर्तनों ने यू.एस.-यूक्रेन सम्बंधों पर दबाव डाला है और यूरोपीय सहयोगियों के साथ तनाव पैदा किया है, जो यूक्रेन का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उन्होंने पर्याप्त सैन्य खर्च पहल की घोषणा की है।

अलग-अलग दृष्टिकोणों ने यूक्रेन की स्थिति के बारे में यू.एस और यूरोप के बीच बढ़ते विभाजन को जन्म दिया है। कुल मिलाकर, यूक्रेन के लिए यू.एस. समर्थन का भविष्य प्रत्यक्ष सैन्य सहायता से हटकर आर्थिक और कूटनीतिक रणनीतियों की ओर बढ़ रहा है, जो वर्तमान में विदेश नीति के व्यापक पुनर्मूल्यांकन का संकेत देता है। संयुक्त राज्य अमेरिका ने फरवरी 2022 में रूस द्वारा पूर्ण रूप से आक्रमण शुरू करने के बाद से यूक्रेन को सैन्य और वित्तीय सहायता के साथ महत्त्वपूर्ण रूप से सहायता की है। विभिन्न सहायता पैकेजों के माध्यम से अधिकृत कुल निधि लगभग 175 बिलियन डॉलर तक पहुँच गई है, जिसमें सैन्य सहायता के लिए काफी राशि आवंटित की गई है। हालांकि, हाल के बदलावों से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के तहत अमेरिकी नीति में संभावित बदलाव का संकेत मिलता है, जिन्होंने रूस के साथ शांति वार्ता को प्रोत्साहित करने के प्रयास में यूक्रेन के साथ सभी सैन्य सहायता और खुफिया जानकारी साझा करना बंद कर दिया है। यूक्रेन की सैन्य स्थिति नाजुक बनी हुई है। चल रही सैन्य सहायता महत्त्वपूर्ण है; विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि इसके बिना, यूक्रेन को युद्ध के मैदान में बड़ा नुकसान हो सकता है।

अमेरिका उन्नत हथियारों और खुफिया जानकारी का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत रहा है जिसने यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं को मजबूत किया है। यदि अमेरिकी सहायता कम हो जाती है या पूरी तरह से बंद हो जाती है, तो विशेषज्ञों का मानना है कि इससे रूस की बड़ी ताकतों के खिलाफ अपनी रक्षा बनाए रखने की यूक्रेन की क्षमता में गंभीर बाधा आएगी। दूसरी ओर, यदि सहायता वर्तमान या बढ़े हुए स्तरों पर जारी रहती है, तो यह समय के साथ यूक्रेन की क्षमताओं को महत्त्वपूर्ण रूप से बढ़ा सकती है।

2022 में रूस के आक्रमण के बाद से भू-राजनीतिक परिदृश्य को प्रभावित करने में अमेरिका और यूक्रेन के बीच सम्बंध महत्त्वपूर्ण रहे हैं। 2024 तक, अमेरिका ने यूक्रेन को 119 बिलियन डॉलर से अधिक की सहायता प्रदान की थी, लेकिन हाल के राजनीतिक परिवर्तनों और बजट सीमाओं ने इस सहायता के भविष्य पर संदेह पैदा कर दिया है। इस अनिश्चितता का यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं और समग्र क्षेत्रीय स्थिरता पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। अमेरिका और यूक्रेन के नेताओं के बीच हाल ही में हुए आदान-प्रदान के दौरान तनाव को उजागर किया गया, जिससे अमेरिकी सैन्य और राजनयिक समर्थन की निरंतरता के बारे में चिंताएँ बढ़ गईं।

नियोजित राजनयिक दोपहर के भोजन को अचानक रद्द करना सद्भावना की कमी का संकेत देता है, जिससे कीव और यूरोपीय नेताओं में चिंता पैदा हो गई है। इसके अतिरिक्त, कई रिपब्लिकन राजनेताओं ने अमेरिकी सरकार की वर्तमान स्थिति का समर्थन किया है। अमेरिकी सैन्य सहायता में कमी रूस को यूक्रेन में अपनी कार्रवाइयों को तेज करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है, जिसके परिणामस्वरूप सत्ता शून्यता का लाभ उठाया जा सकता है। 2014 में क्रीमिया पर कब्जा करने जैसे अमेरिकी निष्क्रियता के ऐतिहासिक उदाहरणों ने पुतिन को अपने विस्तारवादी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया है। अमेरिका के समर्थन के बिना, यूक्रेन को अपनी रक्षा बनाए रखना चुनौतीपूर्ण लग सकता है, जिससे क्षेत्रीय नुकसान का जोखिम हो सकता है। अमेरिकी ऋ16 लड़ाकू विमानों की अनुपस्थिति यूक्रेन की हवाई श्रेष्ठता को कम कर सकती है, जिससे युद्ध के मैदान पर गतिशीलता प्रभावित हो सकती है। अमेरिका की कम उपस्थिति मास्को को बीजिंग के करीब ला सकती है, जिससे वैश्विक शक्ति सम्बंधों को नया आकार मिल सकता है।

चीन के साथ रूस के बढ़ते आर्थिक सम्बंध, विशेष रूप से ऊर्जा निर्यात में, इस भू-राजनीतिक बदलाव को दर्शाते हैं। यूरोपीय देशों को अमेरिकी वापसी से छोड़े गए शून्य को भरने के लिए कदम उठाने की आवश्यकता हो सकती है, जिससे उनकी अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव पड़ सकता है। जर्मनी और यू.के. ने पहले ही अमेरिकी अनिश्चितताओं के मद्देनजर नए सैन्य समर्थन के लिए प्रतिबद्धता जताई है। एक विखंडित पश्चिमी गठबंधन संघर्ष में गतिरोध पैदा कर सकता है, जिससे लंबे समय तक अस्थिरता बनी रह सकती है। कोरियाई युद्ध (1950-1953) इस बात की याद दिलाता है कि कैसे अनसुलझे महाशक्ति तनाव लंबे समय तक चलने वाले जमे हुए संघर्षों को जन्म दे सकते हैं। यूक्रेन से अमेरिका की कथित वापसी नाटो की सामूहिक रक्षा रणनीति को कमजोर कर सकती है। रूस की आक्रामकता को रोकने में असमर्थता बाल्टिक राज्यों और पूर्वी यूरोप के खिलाफ भविष्य के खतरों को भड़का सकती है। इससे यूरोपीय देशों पर सैन्य बोझ बढ़ेगा, जिससे उन्हें रक्षा खर्च बढ़ाने और सैन्य सहयोग बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

यूरोपीय संघ की नई ■50 बिलियन की सहायता पहल का उद्देश्य संभावित अमेरिकी वापसी के प्रभावों को कम करना है। सत्ता का शून्य रूस को पूर्वी यूरोप में नाटो के संकल्प को चुनौती देने के लिए प्रेरित कर सकता है। मोल्दोवा और बाल्टिक में रूसी हाइब्रिड युद्ध की रणनीति दर्शाती है कि मॉस्को पश्चिमी कमजोरियों का परीक्षण कैसे करता है। रूसी गैस पर निर्भर यूरोपीय देशों को नए सिरे से ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ सकता है, जैसा कि 2022 नॉर्ड स्ट्रीम पाइपलाइन तोड़फोड़ की घटना से उजागर हुआ, जिसने ऊर्जा युद्ध के लिए यूरोप की संवेदनशीलता को उजागर किया। जवाब में, यूरोपीय देश अमेरिका पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए एक स्वतंत्र सुरक्षा ढांचा स्थापित करने की कोशिश कर सकते हैं। यूक्रेन के लिए चल रहा अमेरिकी समर्थन यूरोपीय सुरक्षा और वैश्विक स्थिरता दोनों के लिए महत्त्वपूर्ण है।



## संपादकीय

### महाराष्ट्र में भाषाई सियासत

मराठी को महाराष्ट्र और मुंबई की भाषा है, यहां रहने वाले व्यक्ति को इसे सीखना और बोलना चाहिए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने संघ के वरिष्ठ नेता भैयाजी के बयान के बाद उठे विवाद पर कहा। जोशी ने कहा था, मुंबई की एक भाषा नहीं है, मुंबई में कई भाषाएं हैं। अलग-अलग इलाकों की अलग-अलग भाषाएं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुंबई आने वालों को मराठी सीखने की कोई जरूरत नहीं। इस पर विपक्षी महाअघाड़ी में शामिल राजनीतिक दल इस विवाद में एकजुट हो गए और जोशी के बयान की आलोचना की। हालांकि बाद में जोशी ने बयान से पलटते हुए अपनी टिप्पणी को गलत तरीके से देखे जाने की बात की और मराठी को महाराष्ट्र व मुंबई की भाषा बताया। शिवसेना (उद्धव) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने जोशी पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए। देश के संविधान में 22 भारतीय भाषा को मान्यता दी गई है, जबकि आधिकारिक भाषाएं आज भी हिन्दी व अंग्रेजी ही हैं। राजनीति के चलते 2018 में इसमें असमिया व मणिपुरी को भी इसमें शामिल किया गया। विभिन्न राज्यों के लोग अपनी-अपनी भाषाओं को संविधान की अनुसूची में शामिल करने की मांग उठाते रहते हैं। स्थानीय स्तर पर इन भाषाओं का महत्त्व होने के बावजूद आम जनता के लिए कोई बड़ा मुद्दा नहीं है। दक्षिणी राज्यों में भी हिन्दी का जो विरोध होता है, उसके पीछे शुद्ध राजनीतिक कारण हैं। व्यावहारिक स्तर पर जोशी की बात सटीक हाने के बावजूद भाषाई विवाद को तूल देने वाले भी अपनी राजनीति चमकाने का काम कर रहे हैं। यह सही है कि मुंबई में मराठी बोलने वालों से गुजराती बोलने वाले भी कम नहीं हैं। दूसरे मुंबई हिन्दी फिल्मों का गढ़ है। जो दुनिया भर में देश की पहचान ही नहीं कायम करते हैं। भाषा के झगड़े को तूल देने की जरूरत तो नहीं है मगर भैयाजी को भी अपना बयान सिर्फ इसीलिए वापस लेना पड़ा क्योंकि इससे मराठी भाषियों की भावनाएं आहत होने की आशंकाएं बढ़ रही थीं। मातृभाषाओं से प्रेम करने वाले भारतीय अपने देश की अखंडता और सहिष्णुता को भाषाई विभेद से बहुत ऊपर आंकते हैं। यही कारण है कि हम इतनी सारी बोलियों व भाषाओं को साथ लेकर चलते रहे हैं।

## कटाक्ष

### तुम्हारी सम्पदा है निष्ठा

अब विश्व गुरु के आसन पर मोदी जी के इंडिया की इससे बढ़कर ताजपोशी क्या होगी? अब तो विश्व आर्थिक फोरम तक कह रहा है कि भारत नंबर वन है। और ऐसे-वैसे मामले में नहीं, इन्फार्मेशन के मामले नंबर वन है। बताइए, जिस युग को ही सूचना का युग माना जाता है, उस युग में भी सूचना के मामले में नंबर वन। न सही सिंपल इन्फार्मेशन, मिसइन्फार्मेशन और डिसइन्फार्मेशन ही सही, हुआ तो इन्फार्मेशन का ही मामला। जब बदनाम होने में नाम हुआ माना जा सकता है, तो क्या मिस या डिस इन्फार्मेशन में अक्खा वर्ल्ड में नंबर वन होने को, विश्व गुरु का ताज नहीं माना जा सकता है। और यह भी विश्व गुरु वाले ही लक्षण हैं बल्कि सार्टिफिकेट ही कहिए कि गुजर जाने के तीन सौ साल बाद भी औरंगजेब, मुंबई से लेकर लखनऊ तक, विधानसभाओं में छाया हुआ है। मुंबई में उसे न कम न ज्यादा, बस बाकी बादशाहों जैसा ही बादशाह बताने वालों को, पानी पी-पीकर कोसा ही नहीं जा रहा है बल्कि विधानसभा से सस्पेंड भी किया जा रहा है, तो लखनऊ में ऐसे लोगों को दुरुस्त करने का ठेका खोला जा रहा है। गली के खलीफा की बोली में कहा जा रहा है कि यहां भेज दो, हमें अच्छी तरह ठीक करना आता है! वाह भई औरंगजेब जीते जी तूने जो किया न किया, पर भूत बनकर भगवा सरकारों के खूब काम आ रहा है। मुंबई में मंत्रिमंडल से धनंजय मुंडे के इस्तीफे के बाद भी, सतीश देशमुख की हत्या के मामले को दबाने के काम आ रहा है। और लखनऊ में योगी जी के इसके रहस्योद्घाटन से ध्यान हटाने के काम आ रहा है कि कुंभ में मौनी अमावस्या पर भगदड़ हुई थी, एक से ज्यादा जगह भगदड़ हुई थी, भगदड़ में मौतें हुई थीं, पर मौतें दिन भर छिपाई गई थीं, कि कहीं भगदड़ न हो जाए। औरंगजेब तू तो वाकई बड़े काम की चीज है। बस जरा मोदी जी के भी काम आकर और दिखा दे; नौजवानों के बेरोजगारी, महंगाई टाइप के गम भुला दे। विश्व गुरु का ताज तो तभी हमारा हो गया था, जब फेक न्यूज में हमें दुनिया में नंबर वन घोषित किया गया था। अब तो मिस-डिस इन्फार्मेशन में भी नंबर वन घोषित हो लिए। ताजपोशी के लिए विश्व गुरु से और कितना इंतजार कराएगी, ओ दुनिया!

# पुण्य स्मरण : सावित्रीबाई फुले : देश की सबसे पहली महिला शिक्षिका



हर्षवर्धन पाण्डे

शिक्षा एकमात्र ऐसा हथियार है जिससे हम अपना और राष्ट्र का विकास कर सकते हैं। वैसे तो पुरातन काल में हमारे देश में पुरुषों को ही शिक्षा ग्रहण करने की अनुमति दी जाती थी लेकिन सभी पुराने जंजीरों को तोड़ते हुए महिलाओं को शिक्षा देने के उद्देश्य से समाज के सामने देश की सबसे पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का विलक्षण व्यक्तित्व सामने आता है। एक दौर में जब महिलाओं को घर की चारदीवारी में कैद रखा जाता था, सावित्रीबाई फुले ने समाज के रूढ़िवादी मान्यताओं को चुनौती देते हुए नारी सशक्तिकरण का बिगुल बजाया। महज नौ वर्ष की उम्र में विवाह बंधन में बंधी सावित्रीबाई ने अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर समाज सुधार के अनेक कार्य किए। वह भारत की पहली महिला शिक्षिका, समाज सुधारक थीं, जिन्होंने महिलाओं और दलितों के अधिकारों के लिए कड़ा संघर्ष किया। उनके प्रयासों से शिक्षा के माध्यम से सामाजिक और शैक्षणिक क्रांति की नींव पड़ी।

सावित्रीबाई फुले भारतीय समाज की एक महान शिक्षिका, समाज सुधारक और महिला अधिकारों की अग्रणी थीं। उनका जन्म 3 जनवरी 1831 को पुणे के नजदीक नायगांव में हुआ था। सावित्रीबाई फुले ने भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति को सुधारने के लिए अपने जीवन का सम्पूर्ण समय समर्पित किया। उन्होंने न केवल महिलाओं के शिक्षा अधिकार की वकालत की, बल्कि समाज के उत्पीड़ित वर्गों के लिए भी कार्य किया। सावित्रीबाई का विवाह 9 वर्ष की उम्र में महान समाज सुधारक ज्योतिराव फुले से हुआ था। फुले ने समाज में व्याप्त कुरीतियों और अंधविश्वासों के खिलाफ आवाज उठाई थी। वे स्त्री शिक्षा के समर्थक थे और उन्होंने सावित्रीबाई को पढ़ने-लिखने के लिए प्रेरित किया। सावित्रीबाई ने अपनी शादी के बाद ही शिक्षा के क्षेत्र में कदम रखा और एक नई दिशा की ओर बढ़ी। 1 जनवरी 1848 को सावित्रीबाई और ज्योतिबा फुले ने पुणे में लड़कियों के लिए भारत का पहला स्कूल खोला। यह उस समय सामाजिक रूढ़ियों के विरुद्ध एक क्रांतिकारी कदम था। इस पहल का रूढ़िवादी समाज ने घोर विरोध किया। उन्हें अपमान सहना पड़ा, रास्ते में उन पर पत्थर फेंके गए और गालियां दी गईं लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। महिलाओं और दलित समुदाय को शिक्षित करने के अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए उन्होंने कठोर संघर्ष किया। धीरे-धीरे फुले दंपति ने पुणे और उसके आसपास के गांवों में 18 स्कूलों की स्थापना की।

सावित्रीबाई जब पढ़ने स्कूल जाती थीं तो लोग उन्हें पत्थर, कूड़ा और कीचड़ फेंकते थे। वह अपने साथ एक जोड़ी कपड़ा साथ लेकर जाती थीं और स्कूल पहुंचकर गोबर और कीचड़ से गंदे हो गए कपड़ों को बदल लेती थीं। उन्होंने हिम्मत नहीं और और हर चुनौती का सामना किया। पढ़ने के बाद उन्होंने दूसरी लड़कियों और दलितों के लिए एजुकेशन पर काम करना किया।सावित्रीबाई फुले को शिक्षा के क्षेत्र में महान योगदान देने के लिए हमेशा याद किया जाएगा। 1848 में उन्होंने भारत में पहली बार महिलाओं के लिए एक स्कूल खोला। यह स्कूल पुणे के एक उपनगर में स्थित था और यहाँ पर केवल लड़कियाँ ही पढ़ने आती थीं। इस पहल ने भारतीय समाज में शिक्षा के प्रति महिलाओं के अधिकार को उजागर किया और उनके लिए शिक्षा के द्वार खोल दिए।सावित्रीबाई फुले ने अपनी शिक्षा प्रणाली में जातिवाद, धर्मवाद और लैंगिक भेदभाव को समाप्त करने का प्रयास किया। उन्होंने सिखाया कि शिक्षा केवल एक व्यक्ति की क्षमता का निर्माण नहीं करती, बल्कि यह समाज को भी एक बेहतर दिशा में मार्गदर्शन देती है।

सावित्रीबाई ने न केवल शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कियाबल्कि उन्होंने समाज के अन्य क्षेत्रों में भी सुधार की दिशा में कई कदम उठाए। उन्होंने बाल विवाह, सती प्रथा और विधवा पुनर्विवाह जैसे कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। वे समाज में महिलाओं के लिए समान अधिकारों की वकालत की और उ महिलाओं के हक में कई अभियान चलाए। सावित्रीबाई ने 1854 में सीनियर स्कूल में दलित बच्चों को भी शिक्षा देने की पहल की थी। इससे यह साबित हुआ कि उनके लिए किसी भी जाति या धर्म के बच्चों के लिए शिक्षा का अधिकार समान था। उन्होंने यह भी सिखाया कि समाज में लैंगिक समानता और अधिकारों की स्थिति को लेकर पुरुषों और महिलाओं को एक समान दृष्टिकोण रखना चाहिए।

सावित्रीबाई फुले ने अपने जीवन में कई व्यक्तिगत संघर्षों का सामना किया। उनका समाज ने कई बार विरोध किया, ताने मारे और कई बार उन्हें शारीरिक रूप से भी प्रताड़ित किया गया लेकिन उन्होंने इन सभी कष्टों को सहन किया और अपने कार्यों को जारी रखा। वे जीवनभर समाज की जड़ता और पितृसत्तात्मक मानसिकता से संघर्ष करती रहीं। सावित्रीबाई फुले ने भारतीय समाज में महिलाओं और समाज के निचले वर्गों के लिए जो कार्य किए, वह अत्यंत प्रेरणादायक हैं। उन्होंने यह सिद्ध कर दिखाया कि शिक्षा ही समाज के सुधार और जागरूकता का सबसे शक्तिशाली साधन है। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता और वे आज भी महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और सामाजिक समानता के प्रतीक के रूप में जानी जाती हैं। सावित्रीबाई ने औरतों के हक के लिए बहुत लड़ाई लड़ी। उन्होंने सिर्फ औरतों के लिए ही नहीं, बल्कि उन लोगों के लिए भी आवाज उठाई जिन्हें समाज में कमतर समझा जाता था। उन्होंने जाति-पाति, छुआछूत और विधवाओं के साथ होने वाले अन्याय के खिलाफ खड़े होकर बात की। सावित्रीबाई ने गरीबों और औरतों को पढ़ाने के लिए स्कूल खोले। उन्होंने लोगों को यह समझाया कि सब बराबर हैं और किसी को कम नहीं समझना चाहिए।

महाराष्ट्र में 1875 से 1877 के बीच बहुत बड़ा अकाल पड़ा था। लोगों को उस दौर में खाने-पीने की चीजें नहीं मिल पा रही थी और सभी बहुत बीमार पड़ रहे थे। सावित्रीबाई ने सत्यशोधक समाज नाम के एक समूह का नेतृत्व किया। इस समूह के लोगों ने बहुत सारे बीमार लोगों की मदद की। सत्यशोधक समाज के लोग बिना किसी पंडित या पुजारी के शादियां करवाते थे। उन्हें दहेज लेने-देने का भी विरोध था। 1896 में फिर से महाराष्ट्र में बहुत बड़ा अकाल पड़ा। इस दौरान सावित्रीबाई को पता चला कि उनके दोस्त पांडुरंग बाबाजी गायकवाड़ का बेटा बहुत बीमार है। सावित्रीबाई तुरंत उनके पास गईं और बीमार बच्चे को अपनी पीठ पर उठाकर डॉक्टर के पास ले गईं। इस दौरान खुद सावित्रीबाई भी बीमार हो गईं। उन्हें प्लेग नाम की बीमारी हो गई थी। इसी बीमारी की वजह से



10 मार्च, 1897 को सावित्रीबाई फुले का निधन हो गया।

सावित्रीबाई ने कन्या हत्या को रोकने के लिए प्रभावी पहल भी की थी। उन्होंने न सिर्फ महिलाओं को सशक्त करने के लिए अभियान चलाया बल्कि नवजात कन्या शिशु के लिए आश्रम तक खोले। जिससे उनकी रक्षा की जा सके। सावित्रीबाई फुले ने अपना पूरा जीवन केवल लड़कियों को पढ़ाने और समाज को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित कर दिया। सावित्रीबाई फुले का जन्म एक दलित परिवार में हुआ था लेकिन फिर भी बचपन से ही उनका लक्ष्य था कि ह्यकिसी के साथ भी कोई भेदभाव ना हो और हर किसी को बराबरी का हक मिलने का साथ पढ़ने का समान अवसर मिले। उनके विचारों की वजह से वह भारत की पहली महिला शिक्षक, कवियत्री, समाजसेविका बनी जिनका मुख्य मकसद महिलाओं का उत्थान रहा।

सावित्रीबाई फुले की यात्रा यह सिखाती है कि जब तक समाज में समानता और न्याय नहीं आता, तब तक निरंतर संघर्ष करना आवश्यक है। उनके द्वारा किए गए कार्यों ने न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया में महिलाओं और उत्पीड़ित वर्गों के लिए एक नया रास्ता खोला। उनकी निडर भावना और यथास्थिति को चुनौती देने का दृढ़ संकल्प अविश्वसनीय है। हर तरह के दमन और भेदभाव के खिलाफ उनकी लड़ाई प्रशंसनीय है। फुले ने महिलाओं को शिक्षा और आत्मनिर्भरता का जो अमूल्य उपहार दिया उसकी बदौलत वह आज भी याद की जाती हैं । उनके जीवन ने यह साबित किया कि समर्पण, लगन और संघर्ष से समाज की हर बाधा को पार किया जा सकता है। महिला शिक्षा को लेकर उनका योगदान कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं )

# वैश्विकी: नई विश्व व्यवस्था की प्रसव पीड़ा



ड़ॉ. दिलीप चौबे

अमेरिका में राष्ट्रपति ड़ोनाल्ड़ ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के शुरूआती करीब पचास दिनों में किये गये फैसलों और घोषणाओं से यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि नई विश्व व्यवस्था आकार ले रही है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद कायम विश्व व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन के संकेत मिल रहे हैं। इस विश्व व्यवस्था में अमेरिका और उसके सहयोगी देशों का वर्चस्व था। हालांकि इस कालखंड में साम्यवादी व्यवस्था पर आधारित सोवियत संघ ने इसे चुनौती दी थी तथा दुनिया को दो ध्रुवीय माना जा रहा था। विश्व पटल पर नई शक्तियों का प्रादुर्भाव होता रहता है। साथ ही, अतीत की विरासत तथा विभिन्न संस्कृतियों के जीवन मूल्य नये सिरे से जाग्रत होते हैं।

वर्तमान दौर में इस प्रक्रिया को बहु-ध्रुवीय विश्व के रूप में समझा जा सकता है। इस बदलाव को अमेरिका और पश्चिमी देशों ने रोकने की कोशिश की जिसके कारण दुनिया में नये संघर्ष पैदा हुए हैं। रूस के अभ्युदय को रोकने तथा चीन के बढ़ते प्रभाव पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पश्चिमी देशें ने नई राजनीतिक और सैनिक लामबंदी की। राष्ट्रपति ट्रंप ने इस लामबंदी से अलग हटकर संघर्षों को रोकने तथा घरेलू हालात को दुरुस्त करने को प्राथमिकता दी। इसी क्रम में उन्होंने यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए साहसिक पहल की। उनके सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि यूरोपीय देशइस काम में उनके साथनहीं हैं। इतना ही नहीं, वे वैचारिक और व्यावहारिक रूप से इसके खिलाफ मोचाबंदी करने पर आमादा हैं।

इस संबंध में यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रवक्ता काजा कैलास ने यह टिप्पणी की कि ह्यमुक्त विश्व' को एक नये नेता की जरूरत है। उनका तात्पर्य यह है कि अमेरिका और राष्ट्रपति ट्रंप लोकतंत्र, मुक्त बाजार और लिबरल विचारधारा पर आधारित विश्व का नेतृत्व नहीं कर सकते। उनके इस कथन का सभी यथास्थितिवादी ताकतें समर्थन करती दिखाई देती हैं। मुक्त विश्व के नये नेता की दावेदारी में कई उम्मीदवार सामने आ रहे हैं। इनमें फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर प्रमुख हैं। सबसे मुखर मैक्रों हैं जो यूरोप की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने का दावा पेश कर रहे हैं। हाल में उन्होंने कहा कि फ्रांस यूरोपीय देशों को परमाणु सुरक्षा कवच देने को तैयार है। उन्होंने साथ ही कहा कि यूक्रेन की सहायता के लिए फ्रांस की सेना भेजने का भी इरादा व्यक्त किया है। उनकी इन घोषणाओं से फ्रांस और रूस के बीच तनातनी शुरू हो गई है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने अपेक्षाकृत संयम का परिचय दिया है। व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति को ड़ोनाल्ड़ ट्रंप की फटकार के बाद ब्रिटेन ने यूरोपीय देशों की बैठक आयोजित कर यूक्रेन का खुलकर समर्थन किया। जेलेंस्की को ब्रिटेन के राजा चार्ल्स से मिलने का सम्मान दिया गया। यह सारी कवायद राष्ट्रपति ट्रंप को संदेश देने के लिए की गई कि अमेरिका के बिना भी यूरोपीय देश यूक्रेन के सैनिक अभियान को जारी रख सकते हैं।

राष्ट्रपति मैक्रों ने टकराव के रवैये को तूल देते हुए यूरोपीय देशों के सेनाध्यक्षों की बैठक भी बुलाई है। यह सब ऐसे समय में हो रहा है जब अमेरिका ने यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति और खुफिया सूचनाएं मुहैया कराने पर रोक लगा दी है। अमेरिका की ओर से उपग्रहों के जरिये हासिल होने वाली युद्ध क्षेत्र संबंधी सूचनाओं के नहीं मिलने से रूस का मुकाबला करना असंभव हो जाएगा। यूरोपीय देश यूक्रेन को ऐसी सूचना मुहैया करने में सक्षम नहीं हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ये सारे कदम यूक्रेन को बातचीत की मेज पर लाने के लिए उठा रहे हैं। हाल में उन्होंने कहा कि रूस शांति वार्ता के लिए तैयार है जबकि यूक्रेन का रवैया अनुकूल नहीं है। राष्ट्रपति ट्रंप मध्यस्थ के रूप में तटस्थ रहने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने रूस को भी चेतावनी दी है कि यदि उसने परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए यूक्रेन पर बमबारी जारी रखी तो रूस के खिलाफसख्त और व्यापक प्रतिबंध लगाए जाएंगे। अगले हफ्ते सऊदी अरब में अमेरिका और यूक्रेन के बीच वार्ता आयोजित है। ट्रंप प्रशासन रूस के साथपहले ही संपर्क में है। अमेरिकी राजनीति में रिपब्लिकन पार्टी को युद्ध समर्थक माना जाता था लेकिन ट्रंप 'शांति के राष्ट्रपति' के रूप में उभर रहे हैं।

# नारी सशक्तिकरण के बगैर विश्वगुरु की कल्पना असंभव

दबंग हिन्द,संवाददाता

- कल्पना चावला से लेकर द्रौपदी मुर्मू तक की यात्रा नारी सशक्तिकरण के लिए प्रेरणाप्रद : डॉ. संतन राम
- महिला सशक्तिकरण के लिए मनोवैज्ञानिक व सामाजिक मजबूती जरूरी : प्रकाश प्रियांशु
- नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सुरभि शिवानी, गुड्डू गुलशन, डॉ. जमील व डॉ जयशंकर 'नारी शक्ति सम्मान' से सम्मानित
- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर डी.बी. कॉलेज में विचार–गोष्ठी का भव्य शुभारंभ

**जयनगर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जयनगर के डी. बी. कॉलेज में डॉ. शैलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में 21वीं सदी में नारी और उसके सशक्तिकरण की प्रासंगिकता विषयक विचार-गोष्ठी का भव्य शुभारंभ किया गया।

गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि सह क्षेत्रीय निदेशक इग्नू डॉ. संतन राम, विशिष्ट अतिथि डॉ. पुष्पा कुमारी, डॉ. बरखा अग्रवाल, मुख्य वक्ता प्रकाश प्रियांशु, प्रधानाचार्य डॉ. नंद कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. बुद्धदेव प्रसाद सिंह व आयोजक डॉ. शैलेश कु० सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया, गोष्ठी का शुभारंभ संगीत-शिक्षक गुड्डू गुलशन के द्वारा माँ सरस्वती की वंदना 'जयति जय-जय माँ सरस्वती' के साथ हुआ।

तदुपरांत वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि नारी और उसके सशक्तिकरण की प्रासंगिकता पर चर्चा अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि जिस लड़ाई की शुरूआत 1909 में हुई वह 100 वर्षों के बाद भी अपने अधिकारों के लिए भटक रही है।

विशिष्ट अतिथि डॉ. पुष्पा कुमारी ने नारी सशक्तिकरण के लिए आर्थिक, सामाजिक मजबूती के साथ वैचारिक



शुद्धता पर बल दिया।

महाविद्यालय की पुराछात्रा डॉ. रानी पुरुषोत्तमा ने कहा कि वर्तमान परिवेश में नारी के साथ-साथ पुरुष सशक्तिकरण का समन्वय जरूरी। हमें किससे, कहाँ और किस रूप में आजादी चाहिए, यह नारी को तय करना होगा।

डी.बी. कॉलेज की वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ. बरखा अग्रवाल ने कहा कि महिला आदिकाल से सशक्त थी, सशक्त है और सशक्त रहेगी। अब महिला सशक्तिकरण की बजाय उसकी भूमिका पर चर्चा होनी चाहिए।

डी.बी. कॉलेज के परीक्षा-नियंत्रक एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. बुद्धदेव प्रसाद सिंह ने कहा कि सामाजिक संतुलन के साथ विकसित राष्ट्र के लिए महिला सशक्तिकरण अत्यंत जरूरी है।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता कलकत्ता के युवा शिक्षाविद् डॉ. प्रकाश प्रियांशु ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए उन्हें स्वयं न केवल राजनैतिक, आर्थिक स्वतंत्रता की जरूरत है बल्कि उन्हें भारतीय सांस्कृतिक स्तर पर मनोवैज्ञानिक व सामाजिक रूप से मजबूत होने की आवश्यकता है।

इग्नू के के क्षेत्रीय निदेशक सह मुख्य अतिथि डॉ. संतन राम ने कहा कि भारतीय परिदृश्य में नारी को जगत जननी का दर्जा दिया गया है। हमारे यहाँ नारी वैदिक काल से लेकर आजतक कभी अशक्त हुई ही नहीं, वह सशक्त थी, सशक्त है और सशक्त रहेगी। उसके सशक्तिकरण की चर्चा पाश्चात्य सभ्यता से अंगीकृत किया गया है; गार्गी, मैत्रेयी, रानी लक्ष्मीबाई, कल्पना चावला, सुनीता विलियम्स से लेकर द्रौपदी मुर्मू तक की यात्रा नारी सशक्तिकरण का प्रतिबिंब है।

अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. नंद कुमार ने कहा कि नारी सशक्तिकरण के बगैर भारत को विश्वगुरु बनाने की कल्पना असंभव है। इसलिए नारी को सामाजिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक रूप से सशक्त होना होगा।

इस दौरान नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य करने के लिए पटना की संगीत शिक्षिका सुरभि शिवानी, दरभंगा के युवा शिक्षाविद् डॉ. जमील हसन अंसारी, डॉ. जयशंकर सिंह तथा सिवान के संगीत-शिक्षक गुड्डू गुलशन को अतिथिगण के द्वारा पाग व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर 'नारी-शक्ति-सम्मान' से सम्मानित किया गया।

संचालन राजनीति विज्ञान विभाग के युवा शिक्षाविद डॉ. अखिलेश श्रीवास्तव और धन्यवाद ज्ञापन भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. राम कुमार सिंह ने किया।

इस दौरान मुख्य रूप से इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. संतन राम, डॉ. नंद कुमार, डॉ. बुद्धदेव प्रसाद सिंह, डॉ. पुष्पा कुमारी, डॉ. बरखा अग्रवाल, डॉ. रानी पुरुषोत्तमा, डॉ. रूबी कुमारी साह, डॉ. जमील हसन अंसारी, डॉ. जयशंकर सिंह, डॉ मानस वर्मा, डॉ. कोमल कुमारी, डॉ. रामप्रवेश निराला, डॉ. चंदन सिंह, डॉ. श्यामरूप चौधरी, डॉ. आनंद राज, डॉ. भोलानाथ ठाकुर, निक्की कुमारी, सपना ठाकुर, सौम्या ठाकुर सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# विभिन्न स्तरों पर जदयू नेता व मंत्री विजय चौधरी का पुतला दहन

दबंग हिन्द,संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार के मंत्री एवं जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी के उच्च शिक्षा के मुद्दे पर विधानमंडल में बिगड़े बोल और परीक्षा परिणाम आधारित अनुदान के बदले प्रतिमाह वेतन भुगतान की मांग के समर्थन में राज्य के सभी 220 संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों, राज्य के सभी विश्वविद्यालयों और विभिन्न स्तरों पर 10 मार्च से 19 मार्च तक विजय कुमार चौधरी का पुतला दहन किया जाएगा।

बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) के अध्यक्ष डॉ. शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा, महासचिव प्रो. राजीव रंजन और मीडिया प्रभारी प्रो. अरुण गौतम ने एक संयुक्त बयान में कहा कि श्री चौधरी को बिहार शिक्षा व्यवस्था का इतिहास पढ़ने की आवश्यकता है। पदों का सृजन बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 (अद्यतन संशोधित) की धारा 35 के अनुसार राज्य सरकार द्वारा किया गया



है, जिसके तहत उन पदों पर वित्तीय संलिप्तता सन्निहित है। इसके विपरीत, राज्य सरकार द्वारा संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों में पदों का सृजन किया जाता रहा है और राज्य सरकार के उन सृजित पदों के खिलाफ कालेज सेवा आयोग और चयन समिति से यूजीसी के प्रावधानों के तहत शिक्षकों की नियुक्ति की जाती है।

फैक्टनेब नेताओं ने राज्य सरकार को चेतावनी दी है कि सरकार संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षाकर्मियों को अनुदान के बदले प्रतिमाह वेतन भुगतान का निर्णय लें और मंत्री विजय कुमार चौधरी अपने वक्तव्य को वापस लें, अन्यथा संबद्ध डिग्री महाविद्यालय के शिक्षाकर्मी 10 मार्च से 19 मार्च तक महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और विभिन्न स्तरों पर पुतला दहन करेंगे, और उसके बाद 20 मार्च को विधानमंडल के समक्ष धरना-प्रदर्शन करेंगे।

# नियोजित शिक्षकों को लेकर उट नीतीश ने कर दिया एक और बड़ा एलान

दबंग हिन्द,संवाददाता

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को कहा कि राज्य में सरकारी शिक्षकों की कुल संख्या अब 5 लाख 65 हजार 427 हो गयी है। बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में उत्तीर्ण 51.389 शिक्षकों को आज अलग-अलग जिलों में नियुक्ति पत्र दिया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजधानी स्थित गांधी मैदान में 10 हजार शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, मंत्री विजय चौधरी, बिजेंद्र प्रसाद यादव, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार और कई आला अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी शिक्षकों से वह कहना चाहते हैं कि वे अच्छे से बच्चों को पढ़ाएं और उनका विकास करें। सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ें और पढ़ाई में किसी तरह की बाधा नहीं हो इस पर लोग विशेष ध्यान रखें। बिहार लोक सेवा आयोग और शिक्षा विभाग ने शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया को निर्धारित समय पर बेहतर ढंग से पूरा किया है। इसके लिए वह उन्हें धन्यवाद देते हैं। हर वर्ष राज्य



सरकार बजट का लगभग 22 प्रतिशत शिक्षा पर खर्च करती है। इसे और भी बढ़ाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में शिक्षकों की काफी कमी थी। इस कारण वर्ष 2006-07 में पंचायत और नगर निकायों के माध्यम से बड़े पैमाने पर नियोजित शिक्षकों को नियुक्त किया गया। इनकी कुल संख्या 3.68 लाख है। इनमें 28 हजार नियोजित शिक्षक बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षा में उत्तीर्ण होकर सरकारी शिक्षक बन गए। शेष 3.40 शिक्षक नियोजित शिक्षक बन गए। इस पर हमने तय किया कि इन्हें बीपीएससी की परीक्षा नहीं देनी है। उन्हें अलग से परीक्षा देकर सरकारी शिक्षक बनने के लिए पांच अवसर दिए जाएंगे।

अब तक दो लाख शिक्षकों के लिए सक्षमता परीक्षा का आयोजन हो चुका है। सक्षमता परीक्षा के पहले चरण में 1.87 लाख, 818 नियोजित शिक्षक उत्तीर्ण हुए। वहीं, दूसरी सक्षमता परीक्षा में 66 हजार 143 उत्तीर्ण हुए। अब केवल 86 हजार 39 नियोजित शिक्षक बच गए हैं। इन्हें तीन मौके और दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोगों ने आरंभ से ही सभी के उत्थान के लिए काम किया है। बड़ी संख्या में स्कूल खोले गए और कई स्कूलों में नए वर्ग कक्ष बनाए गए। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सभी पंचायतों में उच्च माध्यमिक विद्यालय खोले गए। लड़के-लड़कियों के लिए 2006-07 में पोशाक योजना शुरू की गयी। वर्ष 2008 में नौवीं क्लास की लड़कियों के लिए साइकिल योजना शुरू की गयी। वर्ष 2010 में लड़कों के लिए भी साइकिल योजना शुरू की गयी। ग्रेजुएट होने पर लड़कियों को अब 25 हजार की जगह 50 हजार दिए जा रहे। वहीं, 12 वीं पास होने पर 10 हजार रुपये की जगह 25 हजार रुपये दिए जा रहे। लड़कियां अब अच्छे ढंग से पढ़ रही हैं।

## पोठिया क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल में पोठिया की शानदार जीत

**सिकटी।** पोठिया में आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में पोठिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मदनपुर को हराया और ट्रॉफी जीत ली। इस रोमांचक फाइनल मैच में सिकटी विधानसभा क्षेत्र के महागठबंधन के कद्दावर नेता और वरीय समाजसेवी ई. मनोज झा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। ई. मनोज झा ने मैच के बाद खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक विकास का एक बेहतरीन माध्यम है, जो युवाओं में टीम भावना और समर्पण को बढ़ाता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उनके शानदार खेल के लिए शुभकामनाएं दी और आने वाले समय में और अधिक सफलता की उम्मीद जताई। यह टूनार्मेंट न केवल खिलाड़ियों के लिए एक प्रतिस्पर्धात्मक मंच साबित हुआ, बल्कि युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता और उत्साह भी पैदा किया।

# धन्य धन्य जागल भाग्य हे गुरुवर छथि आयल: कविता मिश्रा

दबंग हिन्द,संवाददाता

- पैनोरमा वाले संजीव मिश्रा के घर पहुंचे आध्यात्मिक गुरू और आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर जी
- पनोरमा ई होम्स में श्री श्री रवि शंकर का हुआ ऐतिहासिक स्वागत, मिथिला संस्कृति से किया गया उनका शाही अभिनंदन
- महा सत्संग के सफल समापन के बाद, आध्यात्मिक गुरु ने पनोरमा ग्रुप के परिवार के साथ साझा की गहन आध्यात्मिक और समाज सेवा की बातें

**पूर्णिया।** आध्यात्मिक गुरु और आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर जी का पनोरमा ई होम्स में पनोरमा ग्रुप के निदेशक संजीव मिश्रा के आवास पर भव्य स्वागत किया गया। यह स्वागत विशेष रूप से मिथिला संस्कृति से ओत-प्रोत था, जिसमें पनोरमा ग्रुप के सीएमडी संजीव मिश्रा और उनके परिवार ने गुरुदेव के चरण पखारकर, मिथिला के पारंपरिक शॉल, पाग पहना कर उनका अभिनंदन किया गया, जो कि स्थानीय सांस्कृतिक विरासत का आदान-प्रदान था। यह महत्वपूर्ण भेंट महा सत्संग के सफल समापन के बाद हुई, जिसमें श्री श्री रविशंकर ने पनोरमा ग्रुप के सीएमडी संजीव मिश्रा, उनकी पत्नी श्रीमती कविता मिश्रा, उनकी बेटी पीहू, सीईओ नंदन कुमार झा, और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ उच्च गुणवत्ता वाले आध्यात्मिक समय बिताया। बैठक के दौरान, श्री श्री रविशंकर जी ने आध्यात्मिकता, समाज सेवा और आर्ट ऑफ लिविंग के उद्देश्यों पर गहन चर्चा की। उन्होंने कहा कि जीवन को संतुलित और शांतिपूर्ण बनाने



के लिए जरूरी है कि हम अपनी आंतरिक शांति को पहचानें और उसे समाज के भले के लिए उपयोग करें। आर्ट ऑफ लिविंग के सिद्धांतों को साझा करते हुए उन्होंने ध्यान, योग और सेवा के माध्यम से जीवन को उन्नत और सकारात्मक दिशा में लाने के महत्व को स्पष्ट किया। उनकी यह विचारधारा न केवल व्यक्तिगत शांति की ओर इशारा करती है, बल्कि समाज के हर वर्ग को एकजुट करने और हर व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा देती है। इस दौरान आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़े कई गणमान्य सदस्य भी उपस्थित रहे, और करीब दो घंटे तक चली इस चर्चा में आध्यात्मिकता और समाज सेवा की आवश्यकता पर विस्तार से विचार किया गया। श्री श्री रविशंकर जी के आगमन से पनोरमा ई होम्स परिसर में एक अभूतपूर्व ऊर्जा का संचार हुआ, और पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उल्लास का वातावरण था। स्थानीय लोग भी इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित थे। श्री श्री रविशंकर जी का यह दौरा न केवल आध्यात्मिकता और समाज सेवा को बढ़ावा देने, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। उनके विचारों और मार्गदर्शन ने पनोरमा ई होम्स के निवासियों और स्थानीय समुदाय को जीवन को एक नई दिशा देने की प्रेरणा दी।

# युवा संसद में भागीदारी बढ़ाने हेतु ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय में जागरूकता अभियान जारी

दबंग हिन्द,संवाददाता

20 मार्च को आयोजित जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम में अधिक से अधिक युवाओं को भाग लेने के लिए किया जा रहा प्रचार–प्रसार, पंजीकरण की अंतिम तिथि 16 मार्च

**मधेपुरा।** ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में आगामी 20 मार्च को आयोजित जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम के लिए व्यापक जागरूकता अभियान जारी है। इस कार्यक्रम में युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बीएनएमयू, मधेपुरा के कुलपति प्रो. बी. एस. झा व्यक्तिगत रूप से संलिप्त हैं। कुलपति ने सभी संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों एवं प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि वे अपने स्तर पर इस कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार करें और युवाओं को इसके लिए प्रेरित करें।

**नेहरू युवा केन्द्र का है सहयोग**

कार्यक्रम के संयोजक, ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा 2019 से किया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना और नेहरू युवा केन्द्र संगठन के सहयोग से यह कार्यक्रम जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

**16 मार्च तक पंजीयन**

उन्होंने बताया कि युवा संसद में 18 से 25 वर्ष की आयु के किसी भी युवा को भाग लेने का अवसर है। इसके लिए माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण




आवश्यक है, जिसमें युवा को अपने विचारों को 25 एमबी के वीडियो में दशार्ना होगा। पंजीकरण की अंतिम तिथि 16 मार्च है।

**राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर चयन**

डॉ. सुधांशु शेखर ने आगे बताया कि जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम में चयनित 10 स्वयंसेवकों को राज्य स्तर पर विधानसभा में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए भेजा जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय स्तर पर संसद भवन, नई दिल्ली में अपने विचार रखने का अवसर मिलेगा।

**शैक्षणिक परिसर में जागरूकता अभियान**

इसके अलावा, कार्यक्रम में भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए 20 मार्च को मधेपुरा, सहरसा और सुपौल जिलों का जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने हेतु इन तीन जिलों के सभी शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों से संपर्क किया गया है। रविवार को विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों से अनुरोध किया गया कि वे वीडियो के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करें। सोमवार से विश्वविद्यालय के शैक्षणिक परिसर में जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।

## एक नजर

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही महिलाओं का होगा सम्पूर्ण विकास : डॉ. नायडू कुमारी

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर "विकसित भारत में महिलाओं की भूमिका" पर परिचर्चा और नवोदित कलाकारों का सम्मान



**मधेपुरा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था प्रांगण रंगमंच के बैनर तले टीपी कॉलेज में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में "विकसित भारत में महिलाओं की भूमिका" विषय पर परिचर्चा और नवोदित कलाकारों को सम्मानित करने का कार्यक्रम हुआ। उद्घाटन समारोह में प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव, नायडू मेडिकेयर एंड रिसर्च सेंटर की डायरेक्टर डॉ. नायडू कुमारी, नेहरू युवा केंद्र की डेप्युटी डायरेक्टर हुस्न जहां, पूर्व पीआरओ डॉ. सुधांशु शेखर, और प्रांगण के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार परमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

**महिलाओं की भूमिका पर डॉ. नायडू कुमारी की महत्वपूर्ण बातें**

डॉ. नायडू कुमारी ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि स्त्री-पुरुष सबों की जननी औरत है। सृष्टि का आधार मां तेरी बदौलत है। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं का योगदान हर क्षेत्र में अहम है, लेकिन इसके बावजूद वे अभी भी समाज में पिछड़ी हुई हैं। उन्होंने उदाहरण के रूप में 1951 में संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 4 प्रतिशत था, जो 2019 में बढ़कर 14 प्रतिशत हो गया, फिर भी यह आंकड़ा काफी कम है।

डॉ. कुमारी ने महिलाओं को केवल घरेलू कामों तक सीमित न रखने की बात की और कहा कि महिलाओं को शिक्षा देकर हर क्षेत्र में बराबरी पर लाया जा सकता है। उन्होंने कोशी क्षेत्र में महिलाओं की शिक्षा पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में केवल 30-35 प्रतिशत महिलाएं शिक्षित हैं, जिनमें से मात्र 5 प्रतिशत को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त है।

**शिक्षा का महत्व**

डॉ. कुमारी ने कहा कि यदि महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती है, तो न केवल उनके व्यक्तिगत विकास के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी योगदान मिलेगा। उन्होंने प्रांगण रंगमंच के कार्यों की सराहना करते हुए नवोदित कलाकारों को सलाह दी कि वे अपनी कला में पूरी मेहनत और समर्पण से सफलता हासिल करें।

**सिंहेश्वर महोत्सव और कलाकारों का सम्मान**

इस मौके पर सिंहेश्वर महोत्सव में प्रांगण रंगमंच द्वारा बेहतर प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि एक पूरी तरह शिक्षित महिला समाज के समृद्ध और सशक्त निर्माण में सहायक बन सकती है। उन्होंने सिंहेश्वर महोत्सव में कलाकारों की कला की सराहना की और कहा कि यह महोत्सव समाज में संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए एक बेहतरीन मंच है।

**अन्य वक्ताओं के विचार**

डॉ. सुधांशु शेखर ने बाल कलाकारों के कौशल विकास के लिए प्रांगण रंगमंच की पहल को सराहा। वहीं, डॉ. संजय कुमार परमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रांगण के विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी और भविष्य में इसे और बढ़ाने की बात की।

**समारोह में मौजूद लोग**

इस कार्यक्रम में प्रांगण रंगमंच के मैनेजिंग ट्रस्टी दिलखुश कुमार, नीरज कुमार निर्जल, अनीश गौतम, सुरभि, अंतरा किट्टी, संवेदना, ट्विंकल, सिद्धि, साक्षी, शानवी, खुशी, सोनू अहीर, नायरा राज सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जो सचिव अमित आनंद ने किया। इस आयोजन ने महिलाओं के समग्र विकास के लिए शिक्षा और समाज सेवा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

### तमिलनाडु का नाम लेकर तेजस्वी ने बिहार में छेड़ दिया नया मुद्दा



**पटना।** पार्टी के प्रदेश कार्यालय के समक्ष रविवार को धरना देकर राजद ने सरकार से आरक्षण में वृद्धि से संबंधित कानून को प्रभावी बनाने की मांग की। धरना में मुख्य वक्ता विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव रहे। ताल ठोकते हुए उन्होंने कहा कि हम तमिलनाडु की तर्ज पर 65 प्रतिशत आरक्षण को नौवीं अनुसूची में सम्मिलित कराकर ही दम लेंगे। महागठबंधन सरकार ने आरक्षण-सीमा को 49.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत किया था। इसे नौवीं अनुसूची में सम्मिलित करने का प्रस्ताव भी केंद्र सरकार को भेजा गया था। भाजपा और केंद्र सरकार द्वारा कोई पहल नहीं हुई। इस कारण पिछड़ा, अति-पिछड़ा, अनुसूचित जाति-जनजाति को लगभग 16 प्रतिशत आरक्षण से वंचित होना पड़ रहा है। ऐसे में इन वर्गों को अब तक लगभग 50 हजार नौकरियों से हाथ धोना पड़ा है। तेजस्वी ने कहा कि गांधी मैदान में नियुक्ति-पत्र देने का आइडिया हमारा था। उसकी नकल कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज 51389 नियुक्ति-पत्र दिए हैं।

हालांकि, इसमें पिछड़ा, अति-पिछड़ा, अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग की 8222 नौकरियां सरकार खा गई। यह अन्याय है। आरक्षण का मामला अभी सर्वोच्च न्यायालय में है। वकील के माध्यम से राजद इस मामले पर अपनी नजर बनाए हुए है। सड़क से सदन तक संघर्ष हो रहा है। हमारा संकल्प और प्रण है कि किसी भी कीमत पर आरक्षण को समाप्त नहीं होने देंगे।

अब्दुल बारी सिद्दिकी, शक्ति सिंह यादव, एजाज अहमद, सारिका पासवान, अरुण यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा, रितु जायसवाल, अनिल कुमार साधु, भाई अरुण आदि धरना में उपस्थित रहे। अध्यक्षता पटना के जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक दीनानाथ सिंह यादव ने की। मंच संचालन पटना महानगर अध्यक्ष महताब आलम ने किया।

तेजस्वी ने कहा कि हमारे समय में जो 3.5 लाख नियुक्तियां बकाया थीं, उसे ही आज ये लोग बांट रहे। बीपीएससी अभ्यर्थियों के मामले में न्याय के लिए हमने मुख्यमंत्री को दो बार चिट्ठी लिखी, लेकिन कोई उत्तर नहीं मिला। लगता है कि उन्हें कुर्सी छोड़ जनहित के किसी दूसरे मामले से मतलब ही नहीं रहा। बिहार में गरीबी, पलायन, मंहगाई पर चर्चा नहीं हो रही।

**जमीन हड़प कर नौकरी देने वाले युवाओं के हितैषी होने का दावा कर रहे : जदयू**

उधर, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने रविवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि जमीन हड़प कर नौकरी देने वाले युवाओं का हितैषी होने का दावा कर रहे। वहीं नीतीश कुमार की दूरदर्शी नीतियों के कारण बिहार मे सरकारी व निजी क्षेत्रों में निरंतर रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। रविवार को 51 हजार से अधिक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया।

इसके लिए वह मुख्यमंत्री को बधाई देते हैं। जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार में अब तक लगभग 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी मिल चुकी है। नीतीश कुमार का लक्ष्य है कि 2025 के चुनाव के पहले 12 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध करा देंगे। इसके अलावा 38 लाख रोजगार सृजन की दिशा में भी सरकार तेजी से अग्रसर है।

शिक्षक नियुक्ति की सबसे खास बात यह है कि कुल चयनित प्रारंभिक शिक्षकों में 56 फीसद महिलाएं हैं। ये आंकड़े राज्य में महिला सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण भी पेश कर रहे। राजद पर हमला बोलते हुए जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिन लोगों ने अपने शासनकाल में नौकरी देने के बजाए जंगल राज स्थापित कि.वे अब झूठा श्रेय बटोरकर जनता को बरगलाने की कोशिश कर रहे।



# ‘भारत के एडिसन’ जीडी नायडू की बायोपिक की घोषणा, माधवन निभाएंगे मुख्य भूमिका

**निर्देशक कृष्णकुमार रामकुमार ‘भारत के एडिसन’ के नाम से मशहूर वैज्ञानिक जीडी नायडू की बायोपिक बनाएंगे। निर्माताओं ने फिल्म का टाइटल जारी कर दिया है। टाइटल ‘जी.डी.एन’ रखा गया है, जिसमें अभिनेता आर. माधवन मुख्य भूमिका में दिखेंगे।**

वैज्ञानिक पर आधारित बायोपिक का भारत में शेड्यूल मंगलवार से शुरू हो चुका है, जिसमें आर माधवन के साथ अभिनेता प्रियामणि, जयराम और योगी बाबू भी शामिल होंगे। फिल्म में संगीत गोविंद वसंता ने दिया है। अभिनेता माधवन ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के टाइटल की घोषणा करते हुए एक पोस्टर शेयर किया। उन्होंने लिखा, आप सभी के आशीर्वाद और शुभकामनाओं की जरूरत है। जानकारी के अनुसार, फिल्म की पूरी शूटिंग कोयंबटूर में की जाएगी, जो वैज्ञानिक का जन्मस्थान है। खास बातचीत में फिल्म के कार्यकारी निर्माता मुरलीधरन सुब्रमण्यम ने बताया था, फिल्म का लगभग 95 प्रतिशत हिस्सा कोयंबटूर में शूट किया जाएगा और बाकी पांच प्रतिशत विदेश में शूट किया जाएगा। पांच प्रतिशत का एक छोटा हिस्सा, जो विदेश में शूट किया जाना था, वह पिछले साल ही पूरा हो चुका है। बाकी हिस्से की शूटिंग जारी है। मुरलीधरन ने कहा, निर्देशक और उनकी टीम ने वैज्ञानिक के जीवन पर तीन से पांच साल से भी अधिक समय तक रिसर्च किया है। टीम का उद्देश्य था कि जीडी नायडू, विज्ञान और समाज में उनके योगदान का कोई भी हिस्सा ना छूटे।

‘रॉकेट्री– द नंबी इफेक्ट’ को साल 2022 में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए मिले राष्ट्रीय पुरस्कार के बाद वर्गीज मूलन पिक्चर्स और ट्राइकलर फिल्म्स इस प्रोजेक्ट के लिए फिर से साथ आ रहे हैं। ‘रॉकेट्री- द नंबी इफेक्ट’ में नंबी नारायणन की भूमिका निभाने वाले माधवन अब जीडी नायडू की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण वर्गीज मूलन पिक्चर्स के वर्गीज मूलन और विजय मूलन तथा ट्राइकलर फिल्म्स के आर. माधवन और सरिता माधवन करने के लिए तैयार हैं। अरविंद कमलानाथन फिल्म के सिनेमैटोग्राफर और क्रिएटिव प्रोड्यूसर के रूप में काम करेंगे।



# मिसेज के बाद साइंस बेस्ड मूवी करेंगी सान्या

सान्या मल्होत्रा की फिल्म मिसेज हाल ही में सा रिलीज हुई। यह मलयालम फिल्म द ग्रेट इंडियन किचन की रीमेक है। इसे आरती कड़व ने डायरेक्ट किया। फिल्म में सान्या ने एक ऐसी हाउसवाइफ का किरदार निभाया, जो अपने जीवन में बड़ा मुकाम हासिल करना चाहती है लेकिन परिवार उसे सिर्फ किचन तक सीमित रखना चाहता है। यह सोच इरादतन नहीं, बल्कि पितृसत्तात्मक मानसिकता के कारण बनी रहती है। आरती ने इसी सोच को फिल्म में दिखाया है।



### फिल्म को मिली जबरदस्त तारीफ

आरती कहती हैं... फिल्म को उम्मीद से ज्यादा प्यार मिला। मैंने इसे जिम्मेदारी से बनाया था। मुझे लगा था कि लोग इस विषय पर चर्चा करेंगे लेकिन इतनी तारीफ मिलेगी, यह सोचा नहीं था। कई दर्शकों ने अपनी मां और बहनों की जिंदगी से जुड़ी कहानियां साझा कीं, जो फिल्म के किरदार से मेल खाती थीं। यह जानकर दुख भी हुआ कि समाज में अब भी ऐसी दकियानूसी सोच बनी हुई हैं।

### थिएटर में रिलीज का इरादा नहीं था

आरती ने बताया कि फिल्म को थिएटर में लाने का कोई इरादा नहीं था। इसलिए डायरेक्ट ओटीटी पर रिलीज करना सही फैसला रहा। आगे साइंस फिक्शन जॉनर की फिल्म भी लाऊंगी। पहले कार्गो नाम की फिल्म बनाई थी। ऐसी फिल्मों के लिए बड़े बजट की जरूरत होती है। सान्या को दो साइंस फिक्शन कहानियां सुनाई हैं। मुमकिन है कि जल्द ही सान्या की कोई साइंस फिक्शन फिल्म आए।

### नॉर्थ इंडियन दर्शकों के लिए फिल्म में किए गए थे बदलाव

मूल फिल्म मलयाली दर्शकों के लिए बनी थी। हिंदी वर्जन में इसे नॉर्थ इंडियन दर्शकों के हिसाब से बदला गया। साउथ वर्जन में सबरीमाला विवाद को दिखाया गया था, जहां महिलाओं को घर में बंद कर दिया गया था। हिंदी वर्जन में इसे करवा चौथ से जोड़ा गया। मूल फिल्म में घर में मेड नहीं थी लेकिन हिंदी वर्जन में मेड का किरदार जोड़ा गया।

### फिल्में बदलाव ला सकती हैं...

आरती का मानना है कि फिल्मों से बदलाव की शुरुआत होती है। जब किसी मुद्दे पर बातचीत होती है, तो पॉलिसी लेवल पर भी बदलाव का माहौल बनता है। हालांकि यह प्रयास पर्याप्त नहीं होते लेकिन जरूरी होते हैं।

### फेंचाइज बनाने की प्लानिंग नहीं है...

आरती ने कहा कि मिसेज में कामकाजी महिलाओं से जुड़े कई जरूरी मुद्दे हैं। इसे फेंचाइज बनाना प्राथमिकता नहीं है। सान्या इस फिल्म के मुद्दे से इतनी जुड़ गई थीं कि शूटिंग के बाद भी उन्हें इससे बाहर आने में महीना भर लगा था।



# कौशलजीस वर्सेस कौशल के लिए अजय देवगन ने शुभकामनाएं दी

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर आगामी फिल्म कौशलजीस वर्सेस कौशल के लिए शुभकामनाएं दी। फिल्म के ट्रेलर को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर करते हुए, सिंघम अभिनेता ने लिखा, पीढ़ियां आपस में टकरा सकती हैं, लेकिन प्यार हमेशा एक रास्ता खोज लेता है। कौशलजीस वर्सेस कौशल में परिवार, प्यार और हंसी के मजेदार दिल को छू लेने वाले सफर के लिए तैयार हो जाइए। इस शुक्रवार 21 फरवरी को केवल जिओ हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग होगी। सोमवार को आगामी पारिवारिक ड्रामा कौशलजीस वर्सेस कौशल के निर्माताओं ने इसका ट्रेलर जारी किया। फिल्म के ट्रेलर में दिल को छू लेने वाली कहानी की झलक मिलती है।

फिल्म को सीमा देसाई और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्देशित किया गया है। फिल्म की कहानी 27 साल के युग कौशल की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कन्नौज में अपने छोटे शहर की जड़ों को पीछे छोड़कर दिल्ली चला जाता है। निर्देशक सीमा देसाई ने एक बयान में कहा, कौशलजीस वर्सेस कौशल की कहानी जो जटिल होते हुए भी खूबसूरत है। यह परिवार के बारे में है। हम अक्सर युवा जोड़ों की प्रेम कहानियां देखते हैं, लेकिन उन लोगों का क्या जो दशकों से साथ हैं? यह फिल्म शादी पर एक हल्की-फुल्की लेकिन मार्मिक नजर डालती है और पूछती है, क्या होगा अगर वर्षों के संघर्ष के बाद भी प्यार खत्म न हो। मुझे भरोसा है कि दर्शक प्यारे किरदारों से जुड़ेंगे, हंसेंगे, रोएंगे और अपने परिवार की झलक स्क्रीन पर देखेंगे। यह दिल से दिलों के लिए बनाई गई एक अच्छी फिल्म है। कौशलजीस वर्सेस कौशल में शीबा चड्ढा, पावेल गुलाटी, ईशा तलवार, बृजेंद्र काला और ग्रुशा कपूर भी हैं। यह फिल्म 21 फरवरी को जिओ हॉटस्टार पर रिलीज होगी।



# शिवाजी महाराज की जीवन यात्रा को पर्दे पर दिखाना मेरे लिए बेहद खास है

आज छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती है। इस मौके पर ऋषभ शेट्टी की अपकमिंग फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज के मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। इस नए पोस्टर में वीर शिवाजी बने ऋषभ शेट्टी देवी मां की विशाल मूर्ति के सामने खड़े नजर आ रहे हैं।

### ऋषभ शेट्टी ही बनेंगे शिवाजी महाराज

बॉलीवुड से लेकर मराठी सिनेमा तक कई सारे सितारे शिवाजी महाराज के किरदार में नजर आ चुके हैं। अब छत्रपति शिवाजी महाराज पर बन रही आगामी फिल्म द प्राइड ऑफ भारत- छत्रपति शिवाजी महाराज में ऋषभ शेट्टी शिवाजी महाराज का किरदार निभाते नजर आने वाले हैं।

### ऋषभ शेट्टी ने कही ऐसी बात

पोस्टर रिलीज के मौके पर ऋषभ शेट्टी ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर हम सभी गर्व महसूस करते हैं। वे केवल एक योद्धा नहीं थे बल्कि स्वराज्य की आत्मा थे। उन्हें हमेशा धैर्य, बुद्धि और भक्ति का प्रतीक माना जाता है। उनकी जीवन यात्रा को पर्दे पर दिखाना वाकई मेरे लिए बेहद खास है। मैं आशा करता हूं कि उनकी विरासत को मैं अच्छे तरीके से पर्दे पर दिखा सकूं। सभी भारतीयों को उनकी अमर वीरता का एहसास दिला सकूं।

### फिल्म में नजर आएंगे ये सितारे

स्वराज्य का सपना देखने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर इस फिल्म की टीम के बारे में भी मेकर्स ने बताया है। फिल्म की कहानी सिद्धार्थ – गरिमा ने लिखी है। फिल्म को संगीत प्रीतम ने दिया है। गानों ने बोल प्रसून जोशी ने लिखे हैं। वहीं, सिनेमेटोग्राफी रवि वर्मन ने की है। गणेश हेगड़े ने कोरियोग्राफी की है। फिल्म के कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा हैं।

### इस दिन रिलीज होगी फिल्म

यह फिल्म 21 जनवरी 2027 में हिंदी समेत छह अन्य भाषाओं में रिलीज होगी। यह फिल्म भारत और विदेशों में भी शिवाजी के स्वराज्य का सपना दिखाने वाली है।



# शबाना आजमी ने बताई डब्बा कार्टेल का हिस्सा बनने की वजह

एक्सेल एंटरटेनमेंट की नई सीरीज ‘डब्बा कार्टेल’ के ट्रेलर लांच इवेंट पर शबाना आजमी की अदाओं ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। महबूब स्टूडियो में इस कार्यक्रम का आयोजन शानदार तरीके से हुआ। लोगों में काफी उत्साह रहा लेकिन, आदतन प्रोग्राम अपने समय से ही शुरू हुआ। जनता बेसब्री से ट्रेलर का इंतजार करी दिखी। महबूब स्टूडियो में जब बारी इस ट्रेलर लॉन्च की आई तो मामला बहुत ही रोचक हो गया है। आहिस्ता आहिस्ता किरदारों पर से परदा हटा और जब बारी शबाना आजमी की आई तो फिर तो माहौल बदलना ही थी। इवेंट में मीडिया के साथ सवाल जवाब के समय शबाना आज़मी ये कहा कि इस सीरीज की पूरी कास्टिंग घर का मामला था। शिबानी अख्तर ने क्रिएट किया ये प्रोजेक्ट और मुझे हुक्म दिया, एक्टिंग करने के लिए। बहू को कैसे मना कर सकती थी और बेटा तो प्रोड्यूसर ही है। साथ ही उन्होंने एक कन्फेशन ये भी किया की जब इस सीरीज की कास्टिंग चल रही थी तो वह नहीं चाहती थीं कि अभिनेत्री ज्योतिका को इसमें कास्ट किया जाए। इवेंट के दौरान ही शबाना आजमी ने इसके लिए ज्योतिका से माफी भी मांगी और कहा कि अच्छा हुआ शिबानी ने उनकी नहीं सुनी और दोनों ने साथ काम किया। सीरीज के निर्देशक हितेश भाटिया ने इस मौके पर बताया कि शुरू में तो वह काफी परेशान थे लेकिन जब सारे लोग साथ आ गए तो उनकी घबराहट भरोसे में बदल गई। ज्योतिका के मुताबिक उन्हें ये प्रोजेक्ट इसलिए काफी पसंद आया क्योंकि इसमें महिलाओं की अहम भूमिका है। वह कहती हैं, ‘इस सीरीज में सिर्फ किरदार ही नहीं, बल्कि पूरी टीम में भी महिलाओं की बहुत भागीदारी रही। हमारे क्रू में लगभग 60–70त्न महिलाएं थीं, जो हर विभाग में शानदार काम कर रही थीं। यह देखकर बहुत गर्व महसूस हुआ। अभिनेता आदर्श रावल के साथ फिल्म ‘बमफाड़’ से हिंदी सिनेमा में अपना करियर शुरू करने वाली साउथ सिनेमा की अभिनेत्री शालिनी पांडे ने भी ज्योतिका की बात का समर्थन किया और कहा कि यह शो महिलाओं के दम पर आगे बढ़ा है। उन्होंने उलाहना दिया कि शानदार अभिनेता गजराज राव के साथ उनका एक भी सीन नहीं है। वहीं, गजराज राव ने कहा, आमतौर पर मैं सिर्फ अपने डायलॉग्स याद करता हूँ, लेकिन इस बार सबसे ज्यादा मेहनत फार्मास्युटिकल्स के नाम याद करने में करनी पड़ी। और, अब तो मुझे इतने नाम याद हो गए हैं कि मेडिकल इंडस्ट्री में भी एंट्री ले सकता हूं! नेटफ्लिक्स की नई सीरीज ‘डब्बा कार्टेल’ 28 फरवरी को रिलीज होगी।

# सनम तेरी कसम की री-रिलीज की सफलता पर भावुक हुए हर्षवर्धन राणे



हर्षवर्धन राणे अपनी रोमांटिक ड्रामा फिल्म सनम तेरी कसम की सफलता का जश्न मना रहे हैं। यह फिल्म सभी रिकॉर्ड तोड़ रही है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। आज भी अभिनेता ने एक इमोशनल नोट शेयर किया और सभी प्रशंसकों को उनके प्यार के लिए धन्यवाद दिया। अभिनेता ने पोस्टर साझा कर लिखा- एक प्रेम कहानी जो लंबे समय तक नहीं चलनी थी। हर्षवर्धन ने आगे लिखा- फिर भी हम यहां हैं, 10 दिन बाद, अभी भी हर पल ऐसा महसूस कर रहे हैं जैसे यह पहली बार हो। अभिनेता ने आगे लिखा- किसी ऐसे व्यक्ति को टैग करें जो इसे दोबारा देखने की योजना बना रहा है। सनम तेरी कसम अब तब बॉक्स ऑफिस पर 36.01 करोड़ रुपये की कमाई की।

# डब्लयूपीएल में आज मुंबई इंडियन्स का मुकाबला गुजरात जाइंट्स से होगा

**मुंबई (एजेंसी)।** महिला प्रीमियर लीग (डब्लयूपीएल) में सोमवार को मुंबई इंडियन्स का सामना गुजरात जाइंट्स से होगा। इसमें जीत हासिल कर मुम्बई की टीम डब्लयूपीएल अंक तालिका में नंबर एक स्थान हासिल करना चाहेगी। वहीं पिछले साल की विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू इस बार प्लेफॉफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। इससे दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियन्स और गुजरात जाइंट्स का प्ले ऑफ में पहुंचना तय है पर अंक तालिका में कौन सी टीम कहां रहेगी ये अभी पता नहीं चला है। कप्तान हरमनप्रीत कौर की मुंबई इंडियन्स को गुजरात के खिलाफ मुकाबले में घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। वह इस मैच को जीतकर टीम अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल का प्रयास करेगी। लीग चरण के अंत में अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम को सीधे फाइनल में प्रवेश मिलेगा। मुम्बई का लक्ष्य दिल्ली कैपिटल्स से आगे निकलना होगा। कैपिटल्स की टीम अभी 10 अंक और 0.396 के नेट रन रेट के साथ पहले स्थान पर बनी हुई है।

तालिका में शीर्ष पर आने से मुंबई इंडियन्स की टीम को एलिमिनेटर मैच नहीं खेलना पड़ेगा। मुंबई की टीम अभी आठ अंक और 0.267 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है। टीम अगर सोमवार को गुजरात जाइंट्स और मंगलवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ अपने अंतिम दोनों मैच जीत लेती है तो 12 अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच जाएगी।

वहीं गुजरात के अभी आठ अंक हैं और उसका रन रेट 0.334 है इससे वह दूसरे स्थान पर हैं। गुजरा की टीम मुंबई इंडियन्स को हराने पर 10 अंक हासिल कर सकती है जिससे उसके अंक टीम दिल्ली कैपिटल्स के बराबर हो जाएंगे। ऐसी हालत में नेट रन रेट से तय होग कि अंक तालिका में किसी टीम का कौनसा स्थान मिलता है। वहीं दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम गुरुवार को एलिमिनेटर में उतरेगी जबकि फाइनल शनिवार को खेला जाएगा। मुंबई के लिए मुकाबला आसान नहीं होगा क्योंकि



जाइंट्स ने लगातार तीन बड़ी जीत दर्ज करके अंतिम तीन में जगह बनाई है। गुजरात के बल्लेबाज और गेंदबाज अभी लय में हैं। प्लेऑफ में पहली बार जगह बनाने से भी जाइंट्स की टीम उत्साहित है। उसने अपने शुरुआती चार मैच में से तीन हारने के बाद जोरदार वापसी की। दूसरी ओर मुंबई ने अब तक छह मैच में से चार जीते हैं जबकि दो में वह हारी है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस** = हरमनप्रीत कौर (कप्तान), अक्षिता माहेश्वरी, अमनदीप कौर, अमनजोत कौर, अमेलिया केर, क्लो ट्रायोन, हेली मैथ्यूज, जिंतिमनी कलिता, कीर्तना बालाकृष्णन, नेदिन डि क्लर्क, नैट स्काइवर-ब्रंट, सजीवन सजना, संस्कृति गुप्ता, जी कमालिनी, यस्तिका भाटिया, पारुणिका सिसोदिया, सेइका इशाक और शब्निम इस्माइल।

**गुजरात जाइंट्स** = एशले गार्डनर (कप्तान), लॉरा वोलवार्ट, भारती फुलमाली, फोबे लिचफील्ड, सिमरन शेख, डेनिएल गिब्सन, डी हेमलता, डिएंड्रा डोटिन, हरलीन देओल, सयाली सतघरे, तनुजा कंवर, बेथ मूनी, केशवी गौतम, मन्नत कश्यप, मेघना सिंह, प्रकाशिका नाइक, प्रिया मिश्रा और शबनम शकील।

# चैंपियंस ट्रॉफी : रचिन रविंद्र टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने



**दुबई (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज रचिन रविंद्र रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत के खिलाफ खेले गए आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। रचिन ने खिताबी मुकाबले से पहले तीन मैचों में 226 रन बनाए थे, लेकिन उन्हें इंग्लैंड के बेन डकेट को शीर्ष स्थान से हटाने के लिए सिर्फ एक रन की जरूरत थी। इंग्लिश बल्लेबाज ने तीन मैचों में 227 रन बनाए जिसमें 165 रन का सर्वोच्च स्कोर भी शामिल है। दुर्भाग्य से इंग्लैंड के जल्दी बाहर होने के कारण वह टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी नहीं रख सके। दूसरी ओर रचिन ने फाइनल में 29 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 37 रन बनाए, लेकिन 11वें ओवर में कुलदीप यादव ने उन्हें आउट कर दिया। उन्होंने अपना अभियान 263 रनों के साथ समाप्त किया, जो भारत के विराट कोहली से 42 रन आगे है।

बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज और विल यंग ने ब्लैककैप्स के कप्तान मिशेल सेंटनर द्वारा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के बाद टीम को स्थिर शुरुआत दी। रचिन और यंग के बीच 57 रन की ओपनिंग साझेदारी टूर्नामेंट में पावरप्ले में भारत के खिलाफ सबसे बड़ी साझेदारी थी। रचिन ने टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की और अपने पहले चैंपियंस ट्रॉफी मैच में बांग्लादेश के खिलाफ शतक बनाया। प्री-टूर्नामेंट त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान सिर में चोट लगने के कारण वे पाकिस्तान के खिलाफ न्यूजीलैंड के शुरुआती मुकाबले में नहीं खेल पाए थे। भारत के खिलाफ ग्रुप स्टेज के मुकाबले में बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने लाहौर में सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टूर्नामेंट का अपना दूसरा शतक बनाने से पहले छह रन बनाए। केन विलियमसन की 102 रनों की पारी के साथ 13 चौकों और एक छक्के की मदद से उनकी 108 रन की पारी ने न्यूजीलैंड को 50 ओवरों में 362/6 का विशाल स्कोर बनाने में मदद की। जवाब में न्यूजीलैंड ने प्रोटियाज को 312/9 पर रोक दिया और भारत के खिलाफ अंतिम मुकाबला तय किया। 217 रन के साथ कोहली टूर्नामेंट में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर हैं। उनके पास भारत की पारी में रचिन के रिकॉर्ड को पार करने का मौका है। श्रेयस अय्यर (195 रन) और शुभमन गिल (157 रन) क्रमशः आठवें और 11वें स्थान पर मौजूद अन्य भारतीय हैं।

# एकदिवसीय क्रिकेट प्रारुप का अभिष्य नहीं : मोईन अली



**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोईन अली ने कहा है कि एकदिवसीय क्रिकेट प्रारुप भविष्य नहीं है। मोइन ने कहा कि इसका कारण बल्लेबाजों के पक्ष में नियमों का होना है। जिससे गेंदबाजों के लिए इस प्रारुप में कुछ नहीं बचा है। साथ ही कहा कि इसी कारण आजकल टी20 लीग में खेलने वाले खिलाड़ियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पिछले साल संन्यास लेने वाले मोईन ने इंग्लैंड की ओर से 138 एकदिवसीय मैचों में 2,355 रन बनाने के अलावा 111 विकेट भी लिए हैं। वहीं 68 टेस्ट मैच में उन्होंने 3000 से अधिक रन बनाए हैं और 200 से अधिक विकेट लिए हैं। वह आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से खेलेंगे। मोईन ने कहा, ''विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी को छोड़कर एकदिवसीय प्रारूप लगभग पूरी तरह समाप्त हो गया है। यह खेलने के लिए सबसे खराब प्रारूप है और मुझे लगता है कि इसके कई कारण हैं। '' पहले के समय में पहले पावरप्ले के बाद सर्कल के बाहर पांच क्षेत्ररक्षक हुआ करते थे पर पिछले कुछ साल में यह संख्या चार हो गई है जिससे बीच के ओवरों में बल्लेबाजी करना आसान हो गया है। इतना ही नहीं दो नई गेंदों का इस्तेमाल किया जाता है जो पहले नहीं होता था जिससे बल्लेबाजों के लिए रन बनाना अब बहुत आसान हो गया है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि नियम बहुत खराब हैं। पहले पावरप्ले के बाद अतिरिक्त क्षेत्ररक्षक रखना, मुझे लगता है कि विकेट लेने और किसी भी तरह का दबाव बनाने के लिए यह एक खराब नियम है। इसी वजह से अब खिलाड़ी एकदिवसीय क्रिकेट में 60 और 70 का औसत बना रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''जब आप किसी को गेंदबाजी कर रहे होते हैं और आप थोड़ा दबाव डालते हैं तो बल्लेबाज बस रिवर्स-स्वीप करता है और यह एक रन नहीं बल्कि यह चौका होता है। हमेशा बल्लेबाजों के लिए रन बनाने का विकल्प उपलब्ध रहता है।'' मोईन ने कहा कि जिस प्रकार से फ्रेंचाइजी क्रिकेट मोटी रकम देकर लुभा रहा है उससे अधिक से अधिक खिलाड़ी अब संन्यास लेकर इस प्रारुप में खेलते दिखेंगे।

# गंभीर को लेकर क्या बोले शाहरुख

**मुम्बई (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम के मालिक शाहरुख खान ने कहा है टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ उनकी गहरी दोस्ती है। इसलिए उन्हें कभी नहीं लगा कि वह टीम छोड़कर चले गये हैं। गंभीर साल 2017 में टीम छोड़कर चले गये थे पर इसके बाद उन्होंने कोच के तौर पर वापसी करते हुए 2024 में केकेआर को जीत दिलायी। तब श्रेयस अय्यर की कप्तानी में टीम ने फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को हराया था। शाहरुख ने कहा, ÷मैंने इस बीच कभी नहीं सोचा था कि गंभीर हमें छोड़कर चले गए हैं। गंभीर के साथ वर्षों से हमेशा एक प्यारा रिश्ता रहा है। कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जिनके साथ दोस्ती मजबूत बनी हुई है और गौतम गंभीर उनमें से एक हैं। उनके लिए यह एक बड़ी घर वापसी थी।

गंभीर को साल 2024 के अंत में भारतीय टीम का मुख्य कोच बनाया गया और वह एक बार फिर केकेआर से अलग हो गये। वहीं केकेआर के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कहा कि साल 2017 में गंभीर के फ्रेंचाइज से जाने से टीम के प्रदर्शन पर भी पड़ा। उसी दिशा पर भी प्रभाव पड़ा। आप हमेशा केकेआर से उच्च स्तर पर प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं, और जब प्रदर्शन टीम के आभा से मेल



नहीं खाता, तो यह स्पष्ट हो गया कि कुछ बदलना होगा।

उथप्पा ने कहा, जैसे ही मैंने सुना कि गंभीर वापस आ रहे हैं, मुझे याद है कि मैंने ट्वीट किया था कि ये सबसे अच्छी बात यह है। वहीं पूर्व भारतीय बल्लेबाज अजय जडेजा ने कहा, ÷केकेआर और सौरव गांगुली के बीच संबंध, चाहे प्रशंसकों के साथ हों या टीम के भीतर, अच्छे परिणाम नहीं दे रहे थे। इसलिए, 2011 में, एक बड़े बदलाव की योजना बनाई गई। 2011 से पहले, केकेआर को सौरव गांगुली की टीम के रूप में देखा जाता था पर उसके बाद ये गंभीर के नेतृत्व में शाहरुख की टीम बन गई।÷ आईपीएल 2025 सत्र की शुरुआत से पहले, केकेआर ने अनुभवी भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को अपना नया कप्तान और ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर को उप कप्तान नियुक्त किया है। केकेआर ने जब रहाणे को टीम में शामिल किया तो यह लगभग तय था कि वह टीम की कप्तानी करेंगे, हालांकि मेगा नीलामी में 23.75 करोड़ रुपये में सबसे महंगे खरीदे गए वेंकेटश अय्यर और रिंकू सिंह के नाम चर्चा में थे। रहाणे की कप्तानी में हाल ही में मुम्बई ने मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती थी।

# भारतीय मूल की पूजा से शादी करने जा रहा पाक क्रिकेटर

लाहौर । पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर रजा हसन अमेरिका में रहने वाली भारतीय मूल की पूजा बोमन से शादी कर रहे हैं। रजा हसन ने सोशल मीडिया में कहा कि उनकी सगाई हो गयी है। रजा ने कहा कि मैंने अपने जीवन के प्यार से हमेशा के लिए मेरा होने के लिए कहा, और उसने हां कह दिया। आगे की हमारी यात्रा के लिए उत्साहित हूं। 32 वर्षीय क्रिकेटर ने यह भी दावा किया कि पूजा जल्द ही इस्लाम धर्म अपनाएगी। गौरतलब है कि रजा ने साल 2012 और 2014 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पाकिस्तान के लिए अपना टी20 और एकदिवसीय डेब्यू किया था। रजा ने पा कके लिए एक एकदिवसीय और 10 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले हैं। उन्होंने एकदिवसीय में एक विकेट जबकि टी20 में 10 विकेट लिए हैं। वह पाकिस्तान टीम में जगह नहीं बना पाए लेकिन वह विभिन्न लीग में जरूर हिस्सा ले रहे हैं। रजा से पहले भी कई पाक क्रिकेटरों ने भारतीय लड़कियों से शादी की है। पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहसिन खान ने अस्सी के दशक में भारतीय अभिनेत्री रीना रॉय से शादी की थी, हालांकि उनकी शादी 1990 में तलाक पर समाप्त हो गई। वहीं पाक क्रिकेटर शोएब मलिक ने साल 2010 में भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा से शादी की थी पर ये शादी भी सफल नहीं रही और दोनो ने साल 2024 में तलाक ले लिया था। वहीं साल 2019 में पाकिस्तानी गेंदबाज हसन अली ने भारत की सामिया आरजू से शादी की थी।

## आईसीसी ने महिला क्रिकेट को आगे बढ़ाने यूनिलीवर से किया करार

दुबई । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला क्रिकेट के विकास और उसे आगे बढ़ाने के लिए 'रेक्सोना' और 'डव' सहित यूनिलीवर के ब्रांड के साथ दो साल का एक अनुबंध किया है। ये साल 2027 के अंत तक महिला क्रिकेट के लिए आईसीसी का पहला व्यावसायिक करार होगा। दुबई में एक एक कार्यक्रम के जरिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मौके पर हुई इस साझेदारी से महिला क्रिकेटरों को ही लाभ होगा। आईसीसी का मानना है कि ये भागीदारी खेल को और आगे ले जाएगी क्योंकि दोनो ही खेल को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करेंगे।

# विलियमसन का विकेट गिरते ही विराट इतने खुश कि कुलदीप को चूमने तक गए



खेल डैस्क - दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल का पहला भाग भारतीय टीम के लिए बेहद खुशियां लेकर आया। कुलदीप यादव ने भारत को उस वक्त दो विकेट दिलाए जब न्यूजीलैंड मजबूत शुरूआत कर चुका था। अपने पहले ओवर में रचिन रवींद्र को आउट करने के बाद, कुलदीप ने अपने अगले ओवर में न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन का महत्वपूर्ण विकेट लिया। यह देखकर भारतीय स्टार विराट कोहली ने भी ऐसी प्रतिक्रिया दी जोकि सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। दरअसल, हुआ यूं कि न्यूजीलैंड की पारी का 13वां ओवर चल रहा था। कुलदीप की गेंद सतह पर अटककर आई। विलियमसन गेंद को मिड-ऑन की ओर धकेलने की कोशिश कर रहे थे लेकिन तेज शॉट लगाने में चूक गए। गेंद बल्ले का किनारा लेकर सीधे निकल गई। कुलदीप ने आसान कैच लपका और विलियमसन को 11 रन पर पवेलियन लौटा दिया। विलियमसन की बड़ी विकेट गिरते ही विराट बेहद खुश नजर आए। वह कुलदीप की तरफ ऐसे लपके जैसे उन्हें गालों में चूम ही लेना हो।

# 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतना चाहते हैं प्रवीण

**विजयनगर (एजेंसी)।** एथलीट प्रवीण चित्रावेल का लक्ष्य अगले साल स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में होने वाले 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतना है। प्रवीण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की त्रिकूद स्पर्धा में कांस्य से सिर्फ तीन सेंटीमीटर पीछे रहे थे। वह 16.89 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ इन खेलों में चौथे स्थान पर रहा था जबकि बरमूडा के जाह-एनहाई पेरिनचीफ ने 16.92 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता था। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रवीण का लक्ष्य इस साल 17.37 मीटर के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करने का है जिससे वह ग्लास्गो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल कर सकें।

प्रवीण ने कहा, 'मैं अब भी और अधिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रयास कर रहा हूं, जैसे ओलंपिक, विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल आदि। मैं एशियाई खेलों का पदक विजेता हूं, मैंने राष्ट्रमंडल खेलों में दो सेंटीमीटर (तीन सेंटीमीटर) से पदक खो दिया था। मैंने एशियाई इंडोर चैंपियनशिप का पदक, और युवा ओलंपिक का पदक जीता है।



इस एथलीट ने कहा, 'मुझे भरोसा है कि मैं एशियाई खेल आइची-नागोया 2026 में पदक जीतूंगा पर मैं राष्ट्रमंडल खेलों 2026 में स्वर्ण पदक जीतना चाहता हूं, निश्चित रूप से राष्ट्रमंडल खेलों की वजह से मैं अब भी ठीक से सो नहीं सकता। राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में 23 जुलाई से दो अगस्त 2026 तक किया जाएगा जबकि आइची-नागोया 2026 एशियाई खेल जापान में 17 सितंबर से चार अक्टूबर क होंगे। के प्रवीण ने कहा कि इस वह 2025 में अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'मेरा निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17.37 मीटर है, यह एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है इसलिए मैं फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं। मैंने 2023 में ऐसा किया था और 2025 में फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं। प्रवीण ने कहा, 'मैं इस साल विश्व इंडोर चैंपियनशिप, एशियाई चैंपियनशिप, विश्व ओपन चैंपियनशिप और फिर डाइमंड लीग पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। प्रवीण ने 2023 में क्यूबा के हवाना में प्रुएबा डि कनफ्रोनटेसिन एथलेटिक्स मीट में 17.37 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीतते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था।

# जूनियर विश्व कप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा भारत



नई दिल्ली । भारत इस साल 24 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जूनियर विश्व कप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा। विश्व कप निशानेबाजी में राइफल, पिस्टल और शॉटगन की प्रतियोगितायें । यह हाल के दिनों में का तीसरा शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) का टूर्नामेंट होगा जो भारत में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, ''पिछले महीने रोम में आईएसएसएफ की कार्यकारी समिति की एक सार्थक बैठक हुई थी और सभी सदस्य महासंघों के अलावा आईएसएसएफ अध्यक्ष लुसियानो रॉसी ने भारत की शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने और खेल को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने में सहायता करने के तरीके की प्रशंसा की थी।''उन्होंने कहा, ''हमें तब इसकी उम्मीद थी पर अब जब मेजबानी मिलने की आधिकारिक पुष्टि हो गई है तो हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं। '' वहीं भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा, ''आईएसएसएफ ने अपने पत्र में हमसे दो संभावित समय की पुष्टि करने का अनुरोध किया है जिसमें एक सितंबर-अक्टूबर में और दूसरा अक्टूबर के अंत तथा नवंबर की शुरुआत के दौरान है। हम आंतरिक रूप से बैठक के बाद शीघ्र ही उन्हें इसके बारे में बताएंगे जिससे सदस्य महासंघ इसके अनुसार तैयारी कर सकें।'' इससे पहले भारत ने दो महाद्वीपीय चैंपियनशिप और छह आईएसएसएफ प्रतियोगिताओं की मेजबानी की थी जिसमें दो विश्व कप फाइनल प्रतियोगितायें और चार सीनियर आईएसएसएफ विश्व कप शामिल हैं। साल 2023 में सीनियर विश्व कप भी भारत में हुआ था!

# जयपुर में पांच आईपीएल मैचों के लिए तैयारियां जोरों पर

**जयपुर (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 के मुकाबले 22 मार्च से शुरु होने जा रहे हैं। इस बार जयपुर में भी पांच मुकाबले खेले जाएंगे। इन मैचों के लिए सवाई मानसिंह स्टेडियम में भी तैयारियां जोरों से चल रही हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में आईपीएल के लिए कार्यक्रम जारी किया था। इस कार्यक्रम के तहत ही 65 दिन में 74 मैच खेले जाएंगे। आईपीएल को लेकर इस बार बीसीसीआई ने नए नियम भी जारी किये हैं। इनके अनुसार अब खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य और दोस्त ड्रेसिंग रूम में नहीं जा सकेंगे। ये नियम अभ्यास के दौरान भी लागू रहेगा। इसके साथ ही टूर्नामेंट में खिलाड़ियों को टीम बस से ही यात्रा करनी होगी।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीसीसीआई ने सभी फ्रेंचाइजियों को स्पष्ट रुप से आदेश दिया है कि परिवार के अलावा अभ्यास मैच के दौरान केवल मान्यता प्राप्त स्टाफ ही ड्रेसिंग रूम और खेल के मैदान पर जा सकेंगे, इन बातों के अलावा बीसीसीआई ने मैच के दिन के नियम भी नियम तय किए हैं जिसके अनुसार मैच के दौरान एलईडी बोर्ड्स के सामने बैठने की अनुमति नहीं होगी, खिलाड़ियों को ऑरेंज और पर्पल कैप पहननी होगी।

परिवार और दोस्त अलग वाहन से यात्रा करेंगे और हॉस्पिटैलिटी एरिया से अभ्यास देख सकते हैं, साथ ही मैच से पहले अभ्यास करने के लिए टीमों को 2 नेट्स और मुख्य मैदान पर 1 साइड विकेट मिलेगा, ओपन नेट्स की अनुमति नहीं रहेगी, इसके अलावा और भी अन्य नियम तय किए गए हैं जिनका खिलाड़ियों को पालन करना होगा.

जयपुर में आईपीएल को लेकर खेल परिषद और एडहॉक कमेटी के आईपीएल मैचों के आयोजन को लेकर विवाद चल रहा था जो अब खत्म हुआ हैं। इससे पहले बीसीसीआई ने जयपुर में इस बार खेल परिषद को आईपीएल मैच करवाने की जिम्मेदारी दी है पर ये भी साफ किया है कि अंतिम बार स्पोर्ट्स काउंसिल को यह जिम्मेदारी दी गई है, अगले साल से ऐसा नहीं होगा। साथ ही चेताया है कि अगर क्रिकेट संघ में स्थिति नहीं सुधरती है तो अगले साल जयपुर में आईपीएल मैचों का आयोजन नहीं होगा।

# चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में युजी चहल के साथ दिखी मिस्ट्री गर्ल, कहीं ये 'वो' तो नहीं

खेल डैस्क । दुबई के मैदान पर जब चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के लिए भारत और न्यूजीलैंड की टीमें आमने-सामने थीं तो दर्शक दीर्घा में बैठे युजी चहल भी चर्चा में रहे। चहल जोकि टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं, यह फाइनल मुकाबला देखने के लिए विशेष तौर पर पहुंचे थे। उनके साथ एक मिस्ट्री गर्ल को भी देखा गया। क्योंकि बीते दिनों ही युजी चहल की पत्नी धनश्री के साथ तलाक की खबरें बाहर आई थीं ऐसे में नई गर्ल के साथ दिखने पर चहल बड़ी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। उक्त लड़की सफेद कलर के टॉप में थी जिसने आंखों पर काला चश्मा लगा रखा था। दोनों एक दूसरे के साथ नर्मी के साथ बात करते दिखे जिसके बाद सोशल मीडिया पर उनकी फोटोज और वीडियोज वायरल हो गई।



# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में डेरिल मिचेल ने रचा कीर्तिमान, पोंटिंग और जयवर्धने के क्लब में की एंट्री

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के खिलाफ खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डेरिल मिचेल ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। उन्होंने दुबई के मैदान पर मुश्किल हालात में भारत के खिलाफ अर्धशतकीय पारी खेली। मिचेल ने 101 गेंदों में 63 रन बनाए, जिसमें तीन चौके शामिल हैं। ये मिचेल के वनडे करियर का सातवां अर्धशतक है। उन्होंने फिफ्टी जड़कर कीर्तिमान रचा है। 3 वर्षीय खिलाड़ी ने रिकी पोंटिंग के एक स्पेशल क्लब में एंट्री कर ली है। मिचेल आईसीसी वनडे नॉकआउट में भारत के खिलाफ दो बार 50 प्लस पारी खेलने वाले पांचवें क्रिकेटर बन गए हैं।

मिचेल के अलावा ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग, श्रीलंका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज महेला जयवर्धने, न्यूजीलैंड के धाकड़ क्रिकेटर केन विलियमसन और कंगारू बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने भी बारत के खिलाफ दो-दो बार पचासा ठोका है। मिचेल ने 2023 में वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भारत के सामने शतक ठोका था। उन्होंने तब 119 गेंदों में 9 चौकों और 7 छक्कों की मदद से 134 रन बनाए। भारत ने 397/4 का स्कोर खड़ा करने के बाद 70 रनों से सेमीफाइनल मैच जीता था। उस मैच में भारत के लिए विराट कोहली (117) और श्रेयस अय्यर (105) ने सेंचुरी लगाई थी।

वहीं पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी न्यूजीलैंड टीम की शुरुआत सधी हुई थी। विल यंग और रचिन रविंद्र ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच 57 रन की साझेदारी हुई। वरुण चक्रवर्ती ने भारत को पहली सफलता दिलाई। उन्होंने यंग (15) को पवेलियन का रास्ता दिखाया। रचिन रविंद्र 29 गेंद में 37 रन बनाकर आउट हुए। कुलदीप ने उन्हें क्लीन बोल्ड किया। केन विलियमसन 14 गेंद में 11 रन ही बना पाए। टॉम लैथम ने 30 गेंद में 14 रन बनाए। ग्लेन फिलिप्स ने 34 रन की पारी खेली। डेरिल मिचेल ने कीवी टीम के लिए सबसे ज्यादा 63 रन की पारी खेली। उन्हें शमी ने आउट किया। इसके बाद कप्तान मिचेल सैंटनर महज 8 रन बनाकर पवेलियन लौटे। वहीं माइकल ब्रेसवेल शतकीय पारी खेलकर नाबाद लौटे।



# गंगा की सफाई पर राज ठाकरे ने उठाए सवाल, पूछा- कौन जाकर उसमें पवित्र डुबकी लगाएगा?

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने गंगा नदी की स्वच्छता और उसके पानी की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने साफ कहा कि वे नदी में पवित्र डुबकी नहीं लगाएंगे। ठाकरे ने यह टिप्पणी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के 19वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में की। उन्होंने लोगों से अंधविश्वास से बाहर आने और अपने दिमाग का सही इस्तेमाल करने की अपील की।



ठाकरे ने कहा कि उनकी पार्टी के नेता बाला नंदगांवकर प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ से पवित्र जल लेकर आए थे, लेकिन उन्होंने इसे पीने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, 'बाला नंदगांवकर मेरे लिए थोड़ा पानी लेकर आए थे, मैंने कहा, चले जाओ। मैं नहाने नहीं जा रहा हूं। वह पानी कौन पीएगा? कोविड अभी-अभी गुजरा है और लोग दो साल से चेहरे पर मास्क लगाकर घूम रहे थे। अब वे वहां जाकर स्नान कर रहे हैं। कौन जाकर उस गंगा में पवित्र डुबकी लगाएगा?'

इशारों-इशारों में ठाकरे ने यह भी कहा कि उन्होंने लोगों के शरीर को रगड़ते और गंगा में स्नान करते हुए वीडियो देखे हैं। उन्होंने कहा कि देश की हर नदी प्रदूषित है, जबकि विदेशों में ऐसी नदियां साल भर साफ रहती हैं। मनसे प्रमुख ने कहा, 'आस्था का भी कुछ मतलब होना चाहिए। देश में एक भी नदी साफ नहीं है, लेकिन हम उसे मां कहते हैं। विदेशों में नदी को मां नहीं कहा जाता, लेकिन वह पूरी तरह साफ रहती है और हमारी सभी नदियां प्रदूषित हैं। कोई उसमें नहा रहा है या कपड़े धो रहा है।'

मनसे प्रमुख ने कहा कि वह पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समय से सुनते आ रहे हैं कि गंगा नदी साफ हो जाएगी। उन्होंने कहा, 'दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो रहा है। लोगों को इस आस्था और अंधविश्वास से बाहर आना चाहिए और अपने दिमाग का सही इस्तेमाल करना चाहिए।'

ठाकरे की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब विपक्षी दल उत्तर प्रदेश सरकार की इस बात के लिए आलोचना कर रहे हैं कि कुंभ का पानी नहाने लायक नहीं है। हालांकि, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज में संगम का पानी डुबकी लगाने और आचमन करने लायक है।

# महिलाओं को पुरुषों के बराबर का हक मोदी सरकार में मिला : शाही

देवरिया। बीजेपी जिला कार्यालय पर शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि इस देश में महिलाओं को पुरुषों के बराबर का अधिकार मोदी सरकार में मिला है। उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी पीएम के साथ खड़ी है। महिला दिवस सिर्फ एक दिवस नहीं है। कभी घर में चूल्हा चौका करने वाली महिलाएं अब चांद पर जा रही हैं। बेटियों को हर क्षेत्र में आगे आना चाहिए और समाज को एक दिशा देनी चाहिए। सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि इस सृष्टि में महिलाओं से ऊपर कोई नहीं। नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि आज का दिन महिलाओं की क्रांति का दिन है। संयोजक राजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि महिलाओं से ही सृष्टि की रचना हुई है। कार्यक्रम को जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि, बरहज नगर पालिका अध्यक्ष स्वेता जायसवाल, रुद्रपुर नगर पंचायत अध्यक्ष सुधा निगम, बैतालपुर चेयरमैन सरिता पासवान, महिला मोर्चा कि अध्यक्ष भारती शर्मा अर्चना पांडे ने सम्बोधित किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह व संचालन अभिषेक राय ने की। इस दौरान निर्मला, रमेश वर्मा, अकुर राय, अजय पांडेय, राजेश निषाद, दिनेश शुक्ल, मन्ना सिंह, संतोष मिश्रा, गोविन्द चौरसिया, श्याम जयसवाल, दीपक श्रीवास्तव, बृजेन्द्र कुशवाहा आदि मौजूद थे।



## इजरायली पर्यटक रेप मामले में 02 आरोपी गिरफ्तार

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक में इजरायली पर्यटक समेत दो महिलाओं के साथ रेप मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक अन्य आरोपी की तलाश में पुलिस टीमें जगह-जगह छापेमारी कर रही हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। यहां बताते चलें कि यह घटना गुरुवार रात करीब 11:30 बजे तब हुई जबकि कर्नाटक के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हम्पी के पास सनापुर झील आरोपियों ने 27 वर्षीय इजरायली महिला पर्यटक और 29 वर्षीय होमस्टे संचालिका के साथ दुष्कर्म किया था। इस वारदात के दौरान आरोपियों ने महिलाओं के साथ तीन पुरुषों की जमकर पिटाई भी की थी। मारपीट के बाद आरोपियों ने एक युवक को तुंगभद्रा नहर में फेंक दिया था, जिसका दो दिन बाद शव नहर से बरामद किया गया था। मृतक युवक ओडिशा का पर्यटक बताया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए घटना की जांच के लिए विशेष पुलिस टीम गठित की गई। इस मामले को गंगावती रूरल पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया। यहां हत्या की भी धाराएं जोड़ी गईं और जांच में मामले को लिया गया। पुलिस ने गहन जांच और छापामारी करते हुए दो आरोपियों मल्लेश उर्फ ??हांडी मल्ला (22 साल) और चेतन साई सिलेक्यातर (21 साल) को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। दोनों ही आरोपी गंगावती के निवासी बताए गए हैं। एक अन्य संदिग्ध आरोपी अभी भी फरार चल रहा है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

## कुकी संगठनों ने बुलाया अनिश्चितकालीन बंद, अतिरिक्त फोर्स तैनात

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर में फ्री ट्रैफिक मूवमेंट की शुरुआत के पहले ही दिन शनिवार को सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प हुई, जिसमें 40 लोग घायल हो गए। हिंसा के विरोध में कुकी-जो संगठनों ने अनिश्चितकालीन बंद का ऐलान किया है। यहां रविवार सुबह कांगपोकपी जिले में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन शांत बनी रही है। हालात पर काबू पाने के लिए अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। मणिपुर पुलिस ने बयान जारी कर कहा कि प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की और गुलेल का भी इस्तेमाल किया। इस हिंसा में सुरक्षा बलों के 5 वाहनों के शीशे टूट गए।

**झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत, कई घायल**

झड़प के दौरान 16 प्रदर्शनकारी घायल हुए, जबकि एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई। इसके बाद कुकी संगठनों ने अनिश्चितकालीन बंद का ऐलान कर दिया। प्रशासन हालात को नियंत्रित करने के लिए लगातार सुरक्षा समीक्षा कर रहा है। फिलहाल, किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त फोर्स अलर्ट पर है।

## जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल ने कठुआ में हुई हत्याओं के मामले में पारदर्शी जांच के आदेश दिये

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कठुआ जिले में एक परिवार के तीन लोगों की हत्या के मामले में रविवार को विस्तृत और पारदर्शी जांच के आदेश दिए। वरुण सिंह (15), उसके चाचा योगेश सिंह (32) और मामा दर्शन सिंह (40) के शव शनिवार को जिले के मल्हार इलाके में ईशू नाले से बरामद किए गए थे। तीनों 5 मार्च को लापता हो गए थे।



उपराज्यपाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैंने विस्तृत और पारदर्शी जांच के आदेश दिए हैं और परिवारों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी।'' उन्होंने कहा कि वह तीनों की नृशंस हत्या से स्तब्ध और दुखी हैं। सिन्हा ने कहा, ''मैं लोगों को आश्वासन देता हूं कि अपराधियों को जल्द से जल्द न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। न्याय होगा और जवाबदेही तय की जाएगी।'' उन्होंने मृतकों के परिजनों और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

## गैस पाइपलाइन लीकेज से लगी भीषण आग, कार-रिक्शा और बाइक जल कर राख

मुंबई (एजेंसी)। मरोल इलाके से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां गैस पाइपलाइन में लीकेज के कारण आग लग गई। इस आग में एक कार, रिक्शा और बाइक जलकर राख हो गई। इस घटना में तीन लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें तुरंत नजदीकी ट्रॉमा सेंटर में इलाज के लिए भेजा गया। मामले में जानकारी देते हुए डीएफओ एसके सावंत ने बताया कि हमें रात करीब 12:30 बजे आग लगने की सूचना मिली। यह घटना उस स्थान पर हुई, जहां बीएमसी का काम चल रहा था। हमें पहले सूचना मिली है कि तीन लोग घायल हुए हैं और उन्हें इलाज के लिए भेजा गया है।

## राम मंदिर और कुंभ पर हमले का मंसूबा : एक गलती की वजह से धराया आतंकी अब्दुल

फरीदाबाद (एजेंसी)। पाली में बांस रोड से गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान अपनी एक गलती के कारण धरा गया। वो गलती ये थी कि उसने सोशल मीडिया पर कट्टरपंथी वीडियो शेयर कर दिया। इसके बाद वो गुजरात एटीएस की नजर पर चढ़ गया। उसने अपने किसी जानकार को विदेश से आए भड़काऊ और कट्टरपंथी वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर किया था। अब्दुल को अयोध्या के राम मंदिर और कुंभ में हमले के लिए तैयार किया गया था। सूत्रों की मानें तो आरोपी ने फरवरी माह में इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रोविंस (आईएसकेपी) द्वारा भेजे एक वीडियो को सोशल मीडिया पर किसी को शेयर किया था। वह वीडियो कट्टरपंथी था। सोशल मीडिया पर नजर रख रही एटीएस की टीम वीडियो की जानकारी मिलते ही सतर्क हो गई। इसके बाद टीम की ओर से जानकारी जुटाई गई तो अब्दुल रहमान का लोकेशन फरीदाबाद में मिला। इसके बाद 28 फरवरी को एटीएस गुजरात की टीम ने पलवल एसटीएफ को जानकारी दी और दो मार्च को दूसरी जानकारी पर अब्दुल रहमान को दो जिंदा हैंड ग्रेनेड और डोटेनेटर के साथ पाली के बांस रोड से गिरफ्तार किया गया।

## यूट्यूब की सख्ती: तीन महीने में 95 लाख से ज्यादा वीडियो किए डिलीट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूट्यूब ने अपनी सख्त कंटेंट नीतियों के तहत कार्रवाई करते हुए अक्टूबर से दिसंबर यानी तीन महीने के बीच लगभग 9.5 मिलियन वीडियो अपने प्लेटफॉर्म से हटा दिए। यूट्यूब, जो कि सख्त कंटेंट पॉलिसी के लिए जाना जाता है। हेट स्पीच, हिंसा और गलत जानकारी फैलाने वाले वीडियो पर प्रतिबंध लगाया है। दर्शकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, यूट्यूब एआई-पावर्ड डिटेक्शन सिस्टम और ह्यूमन मॉडरेटर्स का उपयोग करता है, जिससे हानिकारक सामग्री को बड़ी संख्या में दर्शकों तक पहुंचने से पहले ही हटा दिया जाता है।

यूट्यूब ने यह कार्रवाई अपनी कम्युनिटी गाइडलाइंस के उल्लंघन के कारण की है। इन हटाए गए वीडियो अब भारत का सबसे बड़ा योगदान रहा है। जहां से लगभग 3 मिलियन वीडियो डिलीट किए गए। यूट्यूब ने 2023 की आखिरी तिमाही में 95 लाख से ज्यादा वीडियो डिलीट किए हैं। इनमें सबसे ज्यादा वीडियो भारत से हटाए गए हैं।यूट्यूब द्वारा हटाए गए वीडियो में सबसे बड़ी संख्या बच्चों की सुरक्षा से जुड़े उल्लंघनों की थी। आंकड़ों के अनुसार, 5 मिलियन से अधिक वीडियो ऐसे थे जो बच्चों के लिए हानिकारक माने गए। इसके अलावा, अन्य प्रमुख कारण जिनकी वजह से वीडियो हटाए गए, उनमें हानिकारक या खतरनाक कंटेंट, उत्पीड़न, हिंसक सामग्री, स्पैम और भ्रामक जानकारी, फर्जी चैनलों और कमेंट्स को हटाना शामिल हैं।यूट्यूब ने केवल वीडियो ही नहीं, बल्कि 4.8 मिलियन चैनल भी डिलीट किए। इनमें ज्यादातर चैनल स्पैम और धोखाधड़ी फैलाने के लिए बनाए गए थे। जब किसी चैनल को हटाया जाता है। तो उसके सभी वीडियो भी प्लेटफॉर्म से गायब हो जाते हैं। इस बड़े पैमाने पर की गई कार्रवाई के तहत 54 मिलियन (5.4 करोड़) से अधिक वीडियो यूट्यूब से हटा दिए गए। यूट्यूब ने अपने प्लेटफॉर्म से 1.2 बिलियन कमेंट्स हटाए, जिनमें से ज्यादातर स्पैम थे। कुछ कमेंट्स उत्पीड़न, हेट स्पीच (घृणास्पद भाषा) या धमकियों के कारण डिलीट किए गए। यूट्यूब लगातार अपने कंटेंट मॉडरेशन सिस्टम को सुधार रहा है ताकि अनुचित और भ्रामक सामग्री प्लेटफॉर्म पर न फैले।

# सिर्फ कांग्रेस में नहीं, बल्कि अन्य पार्टियों में भी हैं बी टीम, राहुल के बयान पर बोले संजय राउत

**मुंबई (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा गुजरात में दिए गए बी-टीम वाले बयान पर शिवसेना नेता संजय राउत ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ए टीम और बी टीम सिर्फ कांग्रेस में ही नहीं, बल्कि बाकी पार्टियों में भी होती हैं।

संजय राउत ने कहा, कि जो लोग पार्टी में बैठकर अंदरखाने बीजेपी से मिले रहते हैं, वे सिर्फ कांग्रेस में ही नहीं, बल्कि अन्य पार्टियों में भी मौजूद हैं। अगर राहुल गांधी ने ऐसे लोगों को बाहर करने का फैसला लिया है, तो मैं इसका स्वागत करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि कई लोग पार्टी में रहते हुए चुपचाप गद्दारी करते हैं, जिन्हें नमक हराम कहा जाता है। उन्होंने शिवसेना का उदाहरण देते हुए कहा, हमारे यहां एकनाथ शिंदे और उनके 40 लोग दो साल तक बीजेपी का एजेंडा चलाते रहे और फिर खुलेआम चले गए। उन्होंने कहा कि यह तो अच्छा ही हुआ, क्योंकि अब हम अपने ही घर में आजाद हो गए हैं। संजय राउत ने कहा कि पार्टी के भीतर रहकर धोखा देना उसी तरह है जैसे कोई देश में रहते हुए किसी विदेशी ताकत के लिए काम करता है। उन्होंने आरएसएस के प्रदीप कुरुलकर का उदाहरण दिया और कहा, कि जो डीआरडीओ में रहकर पाकिस्तान के लिए काम कर रहा था, ऐसे लोग हर जगह होते हैं।



**आखिर क्या कहा था राहुल गांधी ने**

दरअसल शनिवार को गुजरात के अहमदाबाद में राहुल गांधी ने बड़ा बयान देते हुए कहा, मैं कांग्रेस पार्टी का सदस्य हूं और मैं स्टेज से कहना चाहता हूं कि गुजरात को कांग्रेस पार्टी सही दिशा नहीं दिखा पा रही है। उन्होंने कांग्रेस के भीतर दो तरह के लोगों का जिक्र करते हुए कहा, पहले वो जो जनता के साथ खड़े हैं और जिनके दिल में कांग्रेस की विचारधारा है। दूसरे वो जो जनता से कटे हुए हैं और जिनमें से आधे बीजेपी से मिले हुए हैं। राहुल गांधी ने कहा, जब तक इन दोनों समूहों को अलग नहीं किया जाता, तब तक गुजरात की जनता कांग्रेस पर विश्वास नहीं कर सकती। गुजरात की जनता विकल्प चाहती है, बी-टीम नहीं चाहती। हमारी जिम्मेदारी इन दो ग्रुप्स को छांटने की है। हमारे पास बब्बर शेर हैं, लेकिन उनके पीछे से चेन लगी हुई है। सब पीछे से बंधे हुए हैं।

राहुल गांधी के इस बयान पर कांग्रेस ही नहीं अन्य पार्टियों में भी राजनीतिक चर्चा आम हो गई है। संजय राउत ने उनके बयान और फैसले को सही बताया है और कहा कि यह कदम कांग्रेस और अन्य पार्टियों में स्वच्छ राजनीति को बढ़ावा देने वाला साबित हो सकता है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी परिदृश्य में सत्ता विरोध को सत्ता समर्थन में बदला: नड्डा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी परिदृश्य में सत्ता विरोधी भावना को सत्ता समर्थक भावना में बदलकर देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है।

नड्डा ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए पिछले तीन लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा के पक्ष में बढ़ते मत प्रतिशत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'अब मोदी ने सत्ता विरोधी भावना को सत्ता समर्थक भावना में बदलकर देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है। सत्ता समर्थक भावना का मतलब है कि लोग खुश हैं और चाहते हैं कि मोदी बार-बार जीतें।' नड्डा ने कहा, 'भाजपा को 2014 लोकसभा चुनाव में 17 करोड़ वोट (31.30 प्रतिशत) मिले थे, जो 2019 में बढ़कर 22 करोड़ (36.7 प्रतिशत) हो गये। पिछले लोकसभा चुनाव (2024) में यह आंकड़ा करीब 24 करोड़ वोट (37 प्रतिशत) था। लोग हर बार मोदी जी को अधिक मतों से आशीर्वाद दे रहे हैं।' भाजपा प्रमुख यहां स्वामी विवेकानंद मैदान में राज्य सरकार के दूसरे कार्यकाल की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर एक रैली को संबोधित कर रहे थे। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने त्रिपुरा के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की तुलना में मोदी काल में कर हस्तांतरण में पांच गुना वृद्धि हुई है। नड्डा ने कहा, 'संप्रग सरकार के दौरान त्रिपुरा को कर के रूप में 9,000 करोड़ रुपये मिलते थे जो बढ़कर 46,500 करोड़ रुपये हो गए हैं। इसी तरह, अनुदान सहायता जो संप्रग सरकार के समय 31,000 करोड़ रुपये थी, वह बढ़कर 54,000 करोड़ रुपये हो गई है।' नड्डा ने अगले दो वर्षों में त्रिपुरा के चार रेलवे स्टेशनों अगरतला, उदयपुर, धर्मनगर और कुमारघाट के आधुनिकीकरण की भी घोषणा की। उन्होंने प्रशासन में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए भाजपा नीत सरकार की सराहना की। नड्डा ने कहा, 'त्रिपुरा ने डिजिटलीकरण को अपनाया है और 29 लाख सरकारी फाइलों का डिजिटलीकरण किया गया है।



# महाराष्ट्र में जीबी सिंड्रोम के 225 मामले आए सामने, 12 की हुई मौत

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में गुइलैन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) का पहला मामला 9 जनवरी 2025 को सामने आया था। इसके बाद से अब तक 225 संदिग्ध मामले दर्ज किए जा चुके हैं, जिनमें से 197 मामलों की जीबीएस के रूप में पुष्टि हुई है। 179 मरीज इलाज के बाद स्वस्थ हो चुके हैं, जबकि 24 का अभी भी इलाज जारी है। इनमें से 15 मरीज वेंटिलेटर पर बताए गए हैं। अब तक इस बीमारी से कुल 12 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से 6 की मौत का कारण जीबीएस की पुष्टि हुई है, जबकि अन्य 6 मौतें संदिग्ध मानी जा रही हैं। महाराष्ट्र स्वास्थ्य विभाग की एक रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि ये सभी मामले मुख्य रूप से पुणे नगर निगम, पुणे निगम के ग्रामीण क्षेत्र, पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम, पुणे ग्रामीण और अन्य जिलों से सामने आए हैं। प्रशासन ने अब तक 7262 पानी के नमूने केमिकल और बायोलॉजिकल परीक्षण के लिए लैब में भेजे हैं, जिनमें से 144 जल स्रोतों में संक्रमण की पुष्टि हुई है।

इसे देखते हुए प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों के 89,699 घरों में सर्वेक्षण किया, जिसमें पुणे नगर निगम क्षेत्र के 46,534, पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम (पीसीएमसी) के 29,209 और पुणे ग्रामीण क्षेत्र के 13,956 घर शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग ने निजी क्लीनिकों को भी एडवाइजरी जारी की है। इसमें निजी क्लीनिकों से कहा गया है कि यदि कोई जीबीएस का मामला सामने आता है, तो तुरंत प्रशासन को सूचित किया जाए।

**महंगे इलाज से मरीज परेशान**

जीबीएस को लेकर जो जानकारी सामने आई है, उसमें यह भी बताया गया है कि इसका इलाज महंगा है। डॉक्टरों के अनुसार, मरीजों को आमतौर पर इम्युनोग्लोबुलिन इंजेक्शन की जरूरत होती है, जिसकी एक खुराक की कीमत लगभग 20 हजार रुपये बताई जाती है। ऐसे में इलाज का खर्च लाखों में चला जाता है, जो सबसे बड़ी परेशानी का सबब है।

डॉक्टरों का कहना है कि जीबीएस से प्रभावित 80 प्रतिशत मरीज अस्पताल से छुट्टी के छह महीने के भीतर बिना किसी सहारे के चलने-फिरने लगते हैं। हालांकि, कुछ गंभीर मामलों में मरीज को पूरी तरह ठीक होने में एक साल या उससे अधिक समय लग सकता है।

**सरकार की तैयारी और सतर्कता**

स्वास्थ्य विभाग ने संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। इनमें जल स्रोतों की सफाई और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए विशेष टीमों को तैनात किया गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि जीबीएस एक दुर्लभ लेकिन गंभीर बीमारी है, जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली नसों पर हमला करती है, जिससे कमजोरी और लकवे जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसलिए, समय पर इलाज और सतर्कता बेहद जरूरी है।

# 600 करोड़ का खुलासा: दिल्ली-नोएडा में हुई छापेमारी के दौरान 50 करोड़ नगद और सोना भी मिला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** धनकुबेरों के यहां बेशुमार दौलत है। कई बार छापेमारी में अटूट दौलत का खुलासा हो चुका है। हाल ही में दिल्ली-एनसीआर में काउंटी ग्रुप और उससे जुड़ी कंपनियों के ठिकानों पर शनिवार को देर रात तक चौथे दिन भी आयकर विभाग की जांच जारी रही। इस दौरान 50 करोड़ से अधिक की बरामदगी हो चुकी है, जिसमें कैश और सोना-चांदी शामिल है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, फ्लैटों की बिक्री में 600 करोड़ रुपये से अधिक की राशि नकद में लेने के पुख्ता सबूत मिले हैं।

आयकर विभाग के दिल्ली, नोएडा समेत अन्य स्थानों के अधिकारियों की टीम मामले में जांच कर रही है। काउंटी ग्रुप और उससे जुड़े लोगों के बैंक खाते, लैपटॉप से मिले रिकॉर्ड और अन्य कागजात जब्त किए गए हैं। विभाग के सूत्रों का कहना है कि तमाम बिल्डर फ्लैट की बड़ी रकम नगद में लेते हैं। वह आयकर की चोरी कर सरकार को करोड़ों का आर्थिक नुकसान पहुंचाते हैं। काउंटी ग्रुप के एक फ्लैट की कीमत औसतन 20 से 25 करोड़ रुपये बताई जा रही है, जो काफी अधिक है। जांच में कोलकाता में चार से पांच शेल कंपनियों का खुलासा हुआ है। टीमें दस्तावेज खंगाल रही है। इन कंपनियों के जरिए मोटी रकम को घुमाया गया। बरामद की गई दस करोड़ रुपये राशि में सबसे अधिक तीन करोड़ रुपये काउंटी ग्रुप के चैनल पार्टनर इंदिरापुरम गाजियाबाद स्थित अग्रवाल होम्स से बरामद हुए हैं। ज्यादातर रकम अलग-अलग स्थानों पर बनाई गई तिजोरियों में रखी गई थी। सूत्रों के अनुसार सोमवार तक जांच खत्म होने की संभावना है।

## भारत में घुसे अवैध श्रीलंका के घुसपैठिए, कर्नाटक-तमिलनाडु में बसा रहे तस्कर

नई दिल्ली। खुफिया एजेंसियों को श्रीलंका से भारत में घुसपैठ के सबूत मिले हैं। एजेंसियों ने मानव तस्करी करने वाले गिरोह के फोन कॉल इंटरसेप्ट कर गिरफ्तारी भी की है। नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) और तमिलनाडु एटीएस की जांच में पता चला है कि पिछले छह महीने में तीन हजार से ज्यादा श्रीलंकाई अवैध रूप से भारत आए। श्रीलंका के लोगों को दक्षिण भारतीय राज्य कर्नाटक और तमिलनाडु में बसाया जा रहा है। मानव तस्करी रैकेट के सरगना से पूछताछ में पता चला कि कुछ मामलों में भारत को डंकी रूट बनाया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक श्रीलंका के लोगों को फर्जी पहचान देकर कनाडा भेजा जा रहा है। मानव तस्करी के इस सिंडिकेट को श्रीलंका से इमरान हज्जियार चला रहा है। भारत में इस मानव तस्करी के गैंग के सरगना मोहम्मद इब्राहिम को 28 फरवरी को गिरफ्तार किया जा चुका है। श्रीलंका से तस्कर इन लोगों को मछुआरों की नावों में तमिलनाडु के थुथुकुड़ी के मंडपम लाते हैं। यहां कुछ दूर एक वेयर हाउस ले जाया जाता है।

# जिस ब्रिटेन ने भारत पर राज किया आज वो उसी से मदद की गुहार लगा रहा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कभी भारत पर राज करने वाला ब्रिटेन आज भारत की आर्थिक ताकत के सामने नतमस्तक होता दिख रहा है। दुनिया के सबसे बड़े आर्थिक केंद्रों में शुमार लंदन अब अपनी तरक्की के लिए भारतीय निवेश, टैलेंट और नवाचार पर निर्भर होता जा रहा है। हाल ही में लंदन के मेयर सादिक खान ने 'ग्रोथ प्लान' नाम की एक महत्वाकांक्षी योजना का अनावरण किया, जिसमें भारत को विदेशी निवेश का सबसे बड़ा स्रोत बताया गया। लंदन ने इस ग्रोथ प्लान के तहत अगले दशक में अपनी अर्थव्यवस्था को 107 अरब पाउंड बड़ा करने और सार्वजनिक सेवाओं के लिए 27 अरब पाउंड अतिरिक्त टैक्स जुटाने का लक्ष्य रखा है। लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि इस सपने को हकीकत में बदलने में सबसे बड़ा योगदान भारतीय निवेश और कुशल पेशेवरों का होगा।

भारतीय टेक्नोलॉजी कंपनियां भी अब लंदन को अपना दूसरा घर बना रही हैं। भारत की प्रमुख आईटी कंपनी एमफेसिस ने हाल ही में लंदन में इनोवेशन हब स्थापित किया, जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर काम किया जा रहा है। एमफेसिस के यूरोप प्रमुख आशीष देवलकर ने कहा, हमने लंदन में अपनी मौजूदगी लगातार बढ़ाई है और अब हमारी योजना यहां कार्यबल को दोगुना करने की है। ब्रिटेन, जिसने कभी भारत को एक उपनिवेश की तरह देखा था, आज भारतीय प्रतिभा, निवेश और नवाचार के बिना खुद को कमजोर महसूस कर रहा है। 2023-24 के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 38,625 भारतीय छात्र लंदन में पढ़ाई कर रहे हैं, जो एक दशक पहले की तुलना में चार गुना अधिक है। लंदन हायर एजुकेशन नेटवर्क के अध्यक्ष मार्क हर्टलिन ने कहा, 'भारतीय छात्र अब लंदन में पढ़ने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय छात्रों का 20 प्रतिशत हिस्सा बन चुके हैं। वे हमारे शहर के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गए हैं और दोनों देशों के बीच मजबूत पुल बना रहे हैं।

लंदन एंड पार्टनर्स की सीईओ लॉरा सिट्रोन ने कहा, भारत से आने वाला प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सबसे तेजी से बढ़ रहा है और पिछले दो वर्षों से यह हमारा नंबर एक स्रोत बना हुआ है। इसका सीधा मतलब है कि भारतीय टेक कंपनियां अब लंदन में अपनी जड़ें जमा रही हैं और इस शहर के आर्थिक पुनरुद्धार में अहम भूमिका निभा रही हैं। इतना ही नहीं, भारतीय छात्रों और पर्यटकों ने भी ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में एक नया जोश भर दिया है। ब्रेक्सिट के बाद भारतीय छात्र बड़ी संख्या में लंदन की ओर रुख कर रहे हैं।

